## सालगिरह मुबारक



नगरोटा बगवां के पूजन भंडारी और संजना को सालगिरह पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## हैप्पी बर्थडे



ठारू की मुस्कान को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# दो बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

## सोशल मीडिया के माध्यम से हुई दोस्ती प्यार में बदली, पति काट रहा पुलिस थानों के चक्कर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती प्यार में बदल गई और एक महिला अपने दो मासूम बच्चों को छोड़ कर प्रेमी संग फरार हो गई। अब महिला का पति अपने बच्चों की मां को वापस लाने के लिए पुलिस थानों के चक्कर काट रहा है। यह मामला धर्मशाला के अंतर्गत सकोह का है। महिला के पति का नाम सामंत है और शनिवार को वह अपनी 13 साल की बेटी और सात साल के बेटे के साथ अपनी पत्नी को वापस लाने की गुहार लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। पीड़ित पति ने बताया कि गत आठ मार्च से उसकी पत्नी गायब है। उन्होंने अपनी पत्नी के गायब होने की सूचना नौ मार्च को पुलिस थाना धर्मशाला में दी। पीड़ित पति का कहना है कि उसकी पत्नी सोशल मीडिया के माध्यम से एक युवक अखिल राणा नाम के युवक के संपर्क में आई और वह उस से बातें भी करती थी। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि वह दिन में अपने काम में व्यस्त रहता था, लेकिन एक दिन उसकी बेटी ने उसे बताया कि उसकी मां किसी लड़के से फोन पर लंबे समय तक बातें करती है। इस

**अमृतसर में अखिल राणा नामक युवक के साथ रह रही है सकोह की महिला**



बात का पता चलने पर उसने अपनी पत्नी से सख्ती करते हुए समझाया और वह भविष्य में ऐसा न करने के लिए मान गई, लेकिन आठ मार्च को वह धर्मशाला से गायब हो गई और किसी माध्यम से पता चला कि वह अमृतसर में रह रही है। उन्होंने बताया कि वह अपने ससुर के साथ अमृतसर भी गए, जहां पुलिस थाने में दोनों पक्षों को सुना गया। अमृतसर पुलिस का कहना था कि वह यहां एक बुढ़ी महिला की सेवा के लिए आई है जिसके लिए उसे वेतन भी दिया जाएगा, ऐसी बात होने पर वह मान गए। पुलिस ने उनसे एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर भी करवाए जिसे उन्होंने ज्यादा ध्यान से नहीं पढ़ा। बाद में उन्हें पता लगा कि उस दस्तावेज में लिखा है कि महिला अपने प्रेमी अखिल राणा के साथ रहना चाहती है और इस बात को लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। अपने साथ हुई धोखाधड़ी और अपनी पत्नी की घर वापसी के लिए सामंत एसपी कार्यालय पहुंचे।

### पुलिस कर रही कार्रवाई : हितेश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिटी हितेश लखनपाल ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत मिली है। इस पूरे मामले में त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पीड़ित व्यक्ति को राहत प्रदान की जाएगी।

# टिक्कर में पशुशाला में लगी आग, हुआ भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



आग लगने से राख हुई पशुशाला।

पुलिस थाना रक्कड़ के अंतर्गत पड़ती पंचायत टिक्कर में ओम प्रकाश पुत्र गंगा राम गांव टिक्कर की पशुशाला में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। शुक्रवार देर रात ओम प्रकाश की पत्नी संतोष कुमारी ने देखा कि सामने उनकी पशुशाला में आग लगी हुई है, जिसकी सूचना उसने अपने पति सहित ग्रामीणों को दी।

ग्रामीण व पंचायत प्रधान वहां इकट्ठा हो गए और अंदर से मवेशियों को ज्यों-त्यों बाहर निकाल लिया गया। स्थानीय लोगों की मदद से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय प्रधान उर्मिला देवी ने कहा कि पशुशाला में आग लगने की सूचना रात को ही मिल गई थी। पंचायत मौके पर पहुंच गई थी। उन्होंने स्थानीय लोगों का धन्यवाद किया जिनकी मदद से आग पर काबू पाया, पंचायत से जो भी सहायता होगी जल्द दे दी जाएगी। स्थानीय पटवार सर्कल अधिकारी विवेक ठाकुर ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूटी की टक्कर से राहगीर घायल

**पंचरुखी।** पुलिस थाना पंचरुखी के तहत बनूरी में एक स्कूटी चालक आर्यांश निवासी धानग तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा ने स्कूटी को तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाते हुए सड़क पार कर रहे नरेश चंद निवासी रजेहड़ तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में स्कूटी चालक आर्यांश व नरेश चंद घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा एडीजीपी को सौंपा

**धर्मशाला।** सुप्रीम कोर्ट ने एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री से पालमपुर के कारोबारी निशांत शर्मा को दी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था का पूरा जिम्मा एडीजीपी हिमाचल प्रदेश को सौंपने के आदेश जारी किए। सुप्रीम कोर्ट ने ये आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया कि शालिनी अग्निहोत्री की कारोबारी निशांत शर्मा को सुरक्षा प्रदान करने से जुड़ी व्यवस्था में कोई भूमिका नहीं होगी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिमाचल हाईकोर्ट के इस बाबत आगामी आदेशों तक अग्निहोत्री के तबादला करने से जुड़े हाईकोर्ट के आदेशों पर रोक लगी रहेगी। पालमपुर के कारोबारी निशांत शर्मा की सुरक्षा से जुड़े मामले में प्रदेश हाईकोर्ट ने नौ जनवरी को उनका तबादला करने के आदेश दिए थे। हाईकोर्ट द्वारा एसपी कांगड़ा का तबादला करने से जुड़े आदेशों को शालिनी अग्निहोत्री ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कारोबारी निशांत शर्मा ने एसपी कांगड़ा पर अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कोताही का आरोप लगाया था। हाईकोर्ट ने मामले की जांच निष्पक्षता से करवाने की बात कहते हुए पुलिस के दोनों आलाधिकारियों का तबादला आदेश जारी करने के आदेश दिए थे। इसके पश्चात डीजीपी कुंडू ने सुप्रीम कोर्ट से राहत पाते हुए अपने तबादले पर स्थगन आदेश प्राप्त किया था।

### भारद्वाज को जीत दिलाने का लिया संकल्प

**नूरपुर।** भाजपा कार्यालय मठोली में जिला अध्यक्ष रमेश राणा की अध्यक्षता में नूरपुर जिला भाजपा की बैठक हुई। इस बैठक में चुराह के विधायक एवं जिला संगठन प्रभारी हंसराज विशेष रूप से मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी अतुल सूदन ने बताया कि लोकसभा चुनावों को लेकर उक्त बैठक का आयोजन किया गया। विधायक हंसराज ने जिला कार्यालय में मौजूद जिला के चार विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों को लोकसभा चुनावों के लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए। बैठक में पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज को ऐतिहासिक बढ़त दिलाने के लिए दिन रात एक कर देंगे। भाजपा जिला के चार मंडलों में 27 तथा 30 अप्रैल को त्रिदेव सम्मेलन करने जा रही है जिसके तहत रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर इंदौरा की पूर्व विधायक रीता धीमान सहित जिला के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन की झांकी ने मोहा सबका मन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

पुराना कांगड़ा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान कृष्ण और उनके परम मित्र सखा सुदामा के मिलन पर आयोजित झांकी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री कृष्ण भगवान के द्वारपालों द्वारा सुदामा को महल में प्रवेश करने से रोकने से आहत सुदामा अपने मित्र से मिलने की जिद पर अड़े रहे। तभी कृष्ण दौड़े दौड़े आए और अपने मित्र को गले लगा कर महल मे ले गए। चित्रकूट से आए कथावाचक प्रभु राम अवतार दास ने बताया कि सुदामा अपने मित्र कृष्ण भगवान को दरिद्र नहीं बनाना चाहते थे इसलिए उन्होंने चने चुराकर खा



श्रीकृष्ण से भेंट करते सुदामा।

लिए और श्राप को अपने ऊपर ले लिया। कथा दौरान राम और कृष्ण के परम भक्त हनुमान का प्रसंग भी सुनाया। तृप्ता परवान ने बताया कि रविवार को कथा के अंतिम दिन सुबह विश्व शांति व जन कल्याण के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सुबह मंगल आरती उपरांत पुराना कांगड़ा बाजार में प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

## भूकंपरोधी भवन निर्माण के दिए टिप्स

**धर्मशाला।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कांगड़ा द्वारा भूकंपरोधी निर्माण तथा रेट्रोफिटिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. हरीश गज्जू ने किया। उन्होंने कहा कि भूकंप से नुकसान को कम करने के लिए ईमारतों की रेट्रोफिटिंग जरूरी है तथा इसी दिशा में प्रारंभिक तौर पर विद्यालयों तथा अस्पतालों की इमारतों को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से रेट्रोफिटिंग का प्रयास आरंभ किया गया है। कार्यक्रम में हमीरपुर से डॉ. हेमंत विनायक ने स्रोत व्यक्ति के रूप में हिस्सा लिया। डॉ हेमंत विनायक ने निर्माण कार्यों में आने वाली विभिन्न कमियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन, कांगड़ा की तरफ से मात्र समन्वयक भानु शर्मा तथा रॉबिन कुमार उपस्थित रहे।

## बडोह आईटीआई में रोजगार मेला कल

**नगरोटा बगवां।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बडोह में 22 अप्रैल को एलएनटी द्वारा रोजगार मेला होगा। यह जानकारी कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी धाराणी नटराजन व रवि गुलेरिया ने दी। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को रोजगार मेले के लिए एनसीवीटी एससीवीटी फीटर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राफ्टमैन, प्लंबर, वेल्डर, व्यवसाय में आईटीआई कर चुके अभ्यर्थी पात्र होंगे। अभ्यर्थी की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कंपनी द्वारा चयनित युवाओं को डेढ़ महीने से तीन महीने तक अपने व्यवसाय में कौशलों को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंपस इंटरव्यू के लिए पात्र युवा 22 अप्रैल 2024 को सुबह 10: 00 बजे अपने मूल प्रमाण पत्रों आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रतिलिपियों के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बडोह कैंपस में पहुंच जाए। इस विषय बारे संस्थान की प्रधानाचार्य वंदना कुमारी ने बताया कि युवाओं का साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कैंपस इंटरव्यू में प्रदेशभर से सरकारी व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्र हिस्सा ले सकते हैं।

# शाहपुर में बायो डिजास्टर टैंक चोरी

## शातिरों ने नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में लगाई सेंध

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

नगर पंचायत शाहपुर के सामुदायिक भवन में रखे गए दो बायो डिजास्टर टैंको में से एक बायो डिजास्टर टैंक शुक्रवार को चोरी हो गया। शातिरों ने पिछले सप्ताह रही छुट्टियों का फायदा उठाते हुए इस घटना को अंजाम दिया है।

नगर पंचायत शाहपुर ने इसकी शिकायत पुलिस थाना शाहपुर में दर्ज करवा दी है। जानकारी के अनुसार इस बायो डिजास्टर टैंक की कीमत 40 हजार के करीब है और इसका वजन भी बहुत अधिक होता है जिसे अकेले इंसान द्वारा उठाना मुश्किल है। वहीं सामुदायिक भवन के आसपास सिविल हॉस्पिटल



शाहपुर, पशु चिकित्सालय तथा लोगों के घर है। लोगों के अनुसार यह काम नगर पंचायत से जुड़े किसी व्यक्ति का हो सकता है। यदि छानबीन हो तो और भी घोटाले सामने आ सकते हैं। नगर पंचायत अधिकारी एवं अतिरिक्त इंचार्ज नगर पंचायत शाहपुर चमन ने बताया कि दो बायो डिजास्टर टैंक में एक टैंक गायब है, जिसकी शिकायत पुलिस थाना शाहपुर में कर दी गई है। वहीं इसको लेकर भाजपा नेता राकेश चौहान ने बताया कि बायो डिजास्टर टैंक को गायब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि कोई नगर पंचायत शाहपुर से संबंधित व्यक्ति इस मामले में लिप्त है तो उसे शीघ्र निलंबित किया जाए नहीं तो कल यह कोई बड़ा घोटाला भी कर सकते हैं। इस बारे में थाना प्रभारी शाहपुर सुरजीत सिंह ने बताया कि इस मामले की शिकायत थाने में आई है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## निगम कर्मचारियों को भी मिले पेंशन में बढ़ोतरी का लाभ

**बैजनाथ।** हिमाचल परिवहन कर्मचारी कल्याण संगठन बैजनाथ की बैठक राम प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ट्रिब्यूनल, हाई कोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट द्वारा पेंशनर की आयु 65, 70 और 75 वर्ष पूरी कर चुके पेंशनर को पेंशन में पांच,10 व 15 फीसदी की बढ़ोतरी के पारित आदेश के तहत मंडी क्षेत्र के 66 याचिकाकर्ताओं को इस फैसले का लाभ मिलना आरंभ हो गया है। जबकि बैजनाथ क्षेत्र के 41 पेंशनर जिनके हक में यही निर्णय कोर्ट द्वारा पारित किया गया, अभी तक नहीं मिला है। जिसे लेकर हिमाचल परिवहन कर्मचारी कल्याण संगठन बैजनाथ इकाई द्वारा निगम प्रबंधन से गुहार लगाई है कि उन्हें भी इस का लाभ दिया जाएं। उनका कहना है इकाई द्वारा बैजनाथ के 41 पेंशनर द्वारा आवेदन कर रखा है मगर वह लागू नहीं किया गया। सभी पेंशनर्स ने निगम प्रबंधन से आग्रह किया है कि उसे जल्द से जल्द लागू किया जाए।

# कांग्रेस ने जताया भरोसा और जनता का भी मिला पूरा समर्थन

## पारिवारिक पृष्ठभूमि के बिना विधायक बने मलेंद्र राजन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

चेहरे पर मुस्कान, विवादों से दूरी और जनता से सीधा संवाद, कुछ इस तरह के व्यक्तित्व के मालिक हैं इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन। राजन उन जनप्रतिनिधियों की अगुआई करते हैं जिन्होंने राजनीति में बिना किसी पारिवारिक पृष्ठभूमि के अपनी जगह बनाई है। 2022 में कांग्रेस पार्टी ने पहली बार उन पर दांव खेला तथा मलेंद्र राजन ने अपने पहले ही चुनाव में विजयी शुरुआत की। 1973 में आज के ही दिन पैदा हुए मलेंद्र राजन ने जीवन के 50 वर्ष पूरे किए हैं। गंगथ में सुरजीत चंद्र तथा पुष्पा देवी के घर जन्में मलेंद्र राजन पढ़ाई में काफी मेधावी रहे हैं। उन्होंने हमीरपुर व पठानकोट के कॉलेजों में पढ़ाई की है तथा बीटेक (सिविल) हैं। उनकी शादी अंजुबाला से हुई तथा उनके एक बेटा तथा बेटी हैं। उनकी पत्नी शिक्षा विभाग में हिंदी प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। युवा कांग्रेस के माध्यम से राजनीतिक शुरूआत करने वाले मलेंद्र 2004 से 2007 तक जिला यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष, 2008 से 2015 तक राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के महासचिव, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव के अलावा पंजाव के चुनावों में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी समन्वयक रहने के साथ हिमाचल प्रदेश इंटरनेशनल ह्यूमन राईटस संगठन में भी अहम सेवाएं दे चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



### खेलों में है विशेष रुचि

अपने घर के पास बनाए गए कार्यालय में मलेंद्र राजन सुबह से ही लोगों से मिलना शुरू कर देते हैं। इसके अलावा वो रोजाना वर्कआउट करने के अलावा बैडमिंटन भी खेलते हैं। इसके बाद सुबह नियमित पूजा-पाठ के बाद वो कार्यालय में बैठ लोगों की समस्याएं सुनते हैं।

### बोले-जनता से जुड़े रहने को चुनी राजनीति

मलेंद्र राजन कहते हैं कि जनता के मुद्दों से जुड़े रहने के लिए ही उन्होंने नौकरी तथा कारोबार से अलग राजनीति को चुना है। वे कहते हैं कि उनकी दिनचर्या लोगों के साथ मिलने से शुरू होती है। कांग्रेस पार्टी के पुराने सिपाही हैं तथा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को हल करते हैं। उन्होंने कहा कि साल 2022 में पार्टी ने पहली बार टिकट दिया तथा क्षेत्र की जनता ने भी उन पर विश्वास जताया जिसके लिए वे कांग्रेस तथा जनता के आभारी है तथा जनता की सेवा में जुटे रहेंगे।

## गद्दी समुदाय को टिकट मिला तो जीत पक्की: इंद्रजीत

**धर्मशाला।** अखिल भारतीय गद्दी जनजातीय समिति के राष्ट्रीय सलाहकार इंद्रजीत कपूर ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को हिमाचल प्रदेश के समूचे गद्दी समुदाय की भावना को सर्वसम्मति प्रस्ताव के रूप में भेज कर यह आग्रह किया है कि कांगड़ा-चंबा से गद्दी समुदाय को टिकट दी जाए। उन्होंने कहा कि यदि गद्दी समुदाय में टिकट दी जाती है तो कांग्रेस की जीत पक्की है। भाजपा ने बैजनाथ, पालमपुर, धर्मशाला, भटियात, चंबा जैसे विधानसभा हलकों में गद्दी समुदाय को टिकट ही नहीं दिए हैं बल्कि पिछली बार लोकसभा सीट से भी पहली बार गद्दी समुदाय को टिकट दिया था। जिसके बाद संसदीय क्षेत्र से जुड़े गद्दी समुदाय ने एकजुट होकर राजनीति से ऊपर उठकर अपने गद्दी समुदाय के जुड़े भाजपा प्रत्याशी को दिल खोलकर समर्थन किया था। सांसद किशन कपूर प्रतिशत के आधार पर पूरे देशभर में दूसरे स्थान पर बढ़त लेने में सफल हुए।

## भाजपा हारी हुई पार्टी: ममता

**गरली।** पूर्व पंचायत प्रधान चौली एवं ब्लाक जसवां-परागपुर कांग्रेस मंडल की महिला अध्यक्ष रह चुकी ममता कटबाल ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार के आगे भाजपा की कोई भी चाल चलने वाली नहीं है। भाजपा के कुछ नेता हिमाचली संस्कृति को शर्मसार करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा हारी हुई पार्टी है और लोकसभा चुनावों में अब प्रदेशभर की आम जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान करके जवाब देने का मूड बना चुकी है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू संगठन से निकले हुए नेता है। हिमाचल की जनता का कांग्रेस पर पूरा विश्वास है।






## चुनावी चुटकी

### सुख का वचन



**बहनों** को जो वचन दिया था, सुख लाने को प्रवचन किया था। पंद्रह सौ से होगी सामाजिक सुरक्षा, विरोधियों ने फिर भी नहीं बख्शा। चल दी थी शतरंजी चाल, सुखी जीवन हुआ था बेहाल। अपनों ने भी संकट में डाला, वोट को लेकर कर दिया घोटाला। बहनों के सपनों की नैया, अब पार कैसे लगे रे भैया। संकट में तो वह केवट पड़ा था, नाव डूब जाने का खतरा बड़ा था। बहनों की हुई सुनवाई, चुनाव आयोग बना सहाई। आन पड़ी समस्या जो बड़ी थी, बहनों की तपस्या भी कड़ी थी। अब न चलेगी विरोधी की कहानी, याद आ रही है उनको नानी। अस्त्र ऐसा चल दिया है, उल्टा पीछे अपने ही पड़ा है। देते थक रहे न अब सफाई, बहनों के साथ ही थे भाई। रौनकी ताऊ भी है परेशान, गिरगिट की क्या बदल गई पहचान, जिसने महिला के सम्मान को ललकारा, अब वे खोज रहे हैं किनारा। थोड़ा ही इंतजार है बाकी, चलेगी अब नहीं कोई चालाकी।

-राजेश शर्मा

### हमें भी एमएलए बना दो



हमें भी एमएलए बना दो, भाग्य अपना चमका दो। बड़े नेता का भी मेरे साथ हैं, जनता को भले न कोई आस है। अब तक हमने भी की बहुत कमाई है, चुनावों में किसी ने न इतनी रकम लुटाई है। हमने पहचान भी ऐसी बनाई है, जनता देती अब दुहाई है। बिना दल के भी लड़ी एक लड़ाई थी, लेकिन घर की वोट भी नहीं आई थी। नेता अब हक मांग रहे हैं, बिल्ला जेब पर टांग रहे हैं। हमने भी लड़ी लड़ाई है, विरोधी से ही हुई कमाई है। टिकट का नहीं कोई झमेला है, दूसरों को दिखाना सिर्फ मेला है। कीमत अपनी बढ़ा रहे हैं, खोटे सिक्के को चला रहे हैं। भाखड़े वाले रौनकी ताऊ ने नेता की कुंडली निकाली है। बीस साल से ही नियत उसकी काली है। नेता को जिसने है उकसाया, उसने ही तो ताऊ को बताया। इतनी नहीं है इसकी औकात, लेकिन देनी है किसी को मात।

## हिमाचल लोकसभा चुनाव एक नजर

### शिमला संसदीय क्षेत्र से कब-किसने किया प्रतिनिधित्व

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1952 | आनंद राम सैवल | कांग्रेस | पच्छाद | सिरमौर |
| 1957 | डॉक्टर वाईएस परमार | कांग्रेस | पच्छाद | सिरमौर |
| 1959 | शिवानंद रमौल | कांग्रेस | रामाधौन | सिरमौर |
| 1962 से 1971 | प्रताप सिंह | कांग्रेस | नाहन | सिरमौर |

शिमला संसदीय लोकसभा सीट पर अब तक सोलन जिला का सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व रहा है। सोलन जिला के तीन सांसदों ने 38 साल तक लोकसभा में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।



मंडी आईटीआई में मतदाताओं को जागरूक करती स्वीप की टीम।

# भाजपा जीत का चौका लगाने को और कांग्रेस खोई विरासत पाने को बेताब

## विनोद सुल्तानपुरी के पास पिता की विरासत बचाने का अवसर, सुरेश कश्यप को मोदी का सहारा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

लोकसभा चुनाव 2024 चुनाव का पहला चरण पूरा होते ही हिमाचल में भी राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। शिमला लोकसभा आरक्षित सीट से भाजपा ने सांसद सुरेश कश्यप पर फिर से दांव खेला है। वहीं, कांग्रेस ने मास्टर स्ट्रोक खेलकर कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी को मैदान में उतारा है। खास बात है कि दोनों एक ही जाति से संबंधित हैं और रिश्तेदारी भी रखते हैं। सुरेश कश्यप जिला सिरमौर की पच्छाद विधानसभा से संबंध रखते हैं, जबकि विनोद सुल्तानपुरी साथ लगती जिला सोलन की कसौली विधानसभा के विधायक हैं।

विधानसभा चुनाव में भाजपा के पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सेजल को पराजित कर चुके हैं। उनके पिता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृष्णदत्त सुल्तानपुरी ने 1980 से 1998 तक शिमला लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 1980, 1984, 1989, 1991, 1996 और 1998 में लगातार छह लोकसभा चुनाव जीतने का रिकॉर्ड स्थापित किया। कांग्रेस का यह गढ़ 2009 में टूट गया, जब



सोलन के भाजपा उम्मीदवार वीरेंद्र कश्यप ने सीट जीत ली। इसके बाद भाजपा शिमला संसदीय सीट पर जीत की हैट्रिक लगा चुकी है। इस सीट पर भाजपा हैट्रिक लगाने के बाद जीत का चौका लगाने को बेताब है, तो कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी के पास अपने पिता की खोई हुई विरासत को हासिल करने का अवसर है। वर्तमान सांसद



भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप को पीएम मोदी का सहारा है। जहां भाजपा ने बीते दिनों सोलन में पार्टी की बैठक कर चुनाव प्रचार का आगाज कर लिया है, वहीं कांग्रेस 22 अप्रैल को सोलन में होने पार्टी कार्यक्रम से चुनाव का शंखनाद करने जा रही है। इस बैठक में पार्टी के आला नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे, साथ ही उन्हें वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन भी मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा दिखा चुकी है कड़े तेवर

**भाजपा** 10 अप्रैल को सोलन में शिमला संसदीय क्षेत्र चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक कर चुकी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, शिमला संसदीय क्षेत्र प्रभारी सुखराम चौधरी, पूर्व मंत्री राजीव सैजल सरीके नेता पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप सहित कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य कर चुके हैं। बैठक में कार्यकर्ताओं ने जीत का संकल्प भी लिया। अब देखना होगा की कांग्रेस चुनाव में उतरने से पहले किस प्रकार की रणनीति अपनाती है।

### कांग्रेस महंगाई लाने वाली सरकार : कश्यप



बैठक में भाग लेते भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप व अन्य पदाधिकारी।

**शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप जुब्बल पहुंचे, जहां उन्होंने 8 कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल के युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। कांग्रेस ने युवाओं के साथ वादा किया था कि वह सत्ता में आते ही पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियां देगी, लेकिन एक लाख तो क्या एक भी नौकरी नहीं दी। यह अपने आप में बहुत बड़ी विडंबना है। कांग्रेस पार्टी ने उल्टा 10000 युवाओं को नौकरी से निकाल दिया, जो कि युवाओं के ऊपर एक बहुत बड़ा प्रहार है, यह वहीं 10000 युवा हैं, जिन्होंने कोविड संकटकाल के समय जनता की सेवा की थी। आज वे सड़कों पर हैं और अपना अधिकार मांग रहे हैं। उन्होंने कहा यह वही कांग्रेस सरकार है जो झूठ बोलकर सत्ता में आई और आते ही इसने जिन-जिन वादों को पूरा करना था, उनके विपरीत काम किया।

# चार जून को केंद्र व प्रदेश में बनेगी डबल इंजन की सरकार : अनुराग



सुजानपुर में महिला सम्मेलन में मौजूद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व राजेंद्र राणा।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि 4 जून के बाद दिल्ली और हिमाचल में डबल इंजन की सरकारें होंगी। दिल्ली की सरकार 400 पार के आंकड़े को क्रॉस करेगी और हिमाचल में मुकम्मल तौर पर सरकार का गठन हो जाएगा। शनिवार को वह सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान के कला मंच पर महिला सम्मेलन में उमड़ी महिलाओं की भीड़ को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी के रूप में चुनावी दंगल में हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में भारत का परचम लहरा रहा है और भारत विश्व की एक बड़ी महाशक्ति बनने की और अग्रसर है।

अनुराग ने भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया और कहा कि उनके पार्टी में आने से भाजपा मंडल सुजानपुर भी मजबूत हुआ है और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र भी मजबूत होगा। क्योंकि डबल इंजन सरकार में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। अनुराग ने कहा कि प्रदेश में सत्ता को छोड़कर राणा भाजपा में शामिल हुए हैं इसीलिए यह सब कुछ होगा। उन्होंने विरोधियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जिन लोगों ने झूठ बोलकर पार्टी से ऊपर परिवारवाद को हावी होने दिया, उनका अंत अब लगभग निश्चित है। कांग्रेस जिस झूठ के सहारे अब जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, उससे उसका कुछ होने वाला नहीं है। वह 40 के आंकड़े को बचाने का प्रयास कर रही है लेकिन कामयाबी नहीं मिलेगी। पूर्व विधायक और उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को इस संसदीय क्षेत्र से भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया और कहा कि अनुराग ठाकुर पांचवीं बार लोकसभा में पहुंचेंगे और उनकी जीत का आंकड़ा 5 लाख से ऊपर हमें लेकर जाना है।

उन्होंने कहा अनुराग ठाकुर को वोट देकर हम तीसरी बार मोदी को केंद्र में प्रधानमंत्री बनाने जा रहे हैं, जबकि सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करके हम प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाएंगे। बाद में अनुराग और राजेंद्र ने सुजानपुर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन भी किया। (अनंत ज्ञान)

# दूलो राम भी कांगड़ा-चंबा के लिए कांग्रेस टिकट की दौड़ में

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



बैजनाथ के पूर्व विधायक एवं गद्दी नेता आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार हो सकते हैं। भाजपा ने फरवरी महीने में हुए राज्यसभा के चुनाव में पार्टी विचारधारा को भी परे रखते हुए आजाद तथा 6 कांग्रेसी विधायकों को गले लगा कर पर्याप्त बहुमत न होने के बावजूद राज्यसभा की सीट कांग्रेस से हथिया ली थी, अब कांग्रेस भी पीछे रहने वाली नहीं है। राजनीतिक पंडित यह मान रहे हैं कि संगठन की राजनीति से मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे सुखविंद्र सिंह सुक्खू भाजपा के ही गढ़ में सेंध लगाने का मन बना चुके हैं।

इसके चलते लोकसभा चुनावों के लिए कांगड़ा-चंबा की सबसे महत्वपूर्ण सीट के लिए प्रदेश की राजनीति में कई वर्षों तक गद्दी चेहरे के रूप में सबसे अग्रणी रहे बैजनाथ के पूर्व विधायक दूलो राम के लोकसभा के चुनाव में उतारने के भी संकेत मिल रहे हैं। इसका एक मुख्य कारण यह है कि जिस तरह से 2019 के हुए लोकसभा चुनावों में सबसे ज्यादा मतों से जीतकर कीर्तिमान बनाने वाले गद्दी बिरादरी से संबंध रखने वाले किशन कपूर का टिकट काटा गया है, इस मुद्दे को कांग्रेस हवा देने के मूड़ में है, जिसका मुख्य कारण यह है कि कांगड़ा-चंबा की राजनीति में गद्दी समुदाय का एक विशेष स्थान है और अपने गद्दी भाई किशन कपूर का टिकट कटने के बाद यह समुदाय भाजपा से नाराज भी चल रहा है।

चंबा जिले में जहां सभी विधानसभा क्षेत्र में गद्दी बिरादरी का बोलबाला है, वहीं पर धर्मशाला, शाहपुर, पालमपुर तथा बैजनाथ विधानसभा हल्कों में भी गद्दी समुदाय का अच्छा खासा प्रभाव है। वैसे भी जहां सुधीर शर्मा के भाजपा में जाने से बैजनाथ हलके के कुछ लोग सुधीर शर्मा की तरफ हो लिए हैं, ऐसे में दूलो राम का कांग्रेस पार्टी में आने से बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में होने वाले इस नुकसान की भरपाई आसानी से हो जाएगी, जिसका आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी को अच्छा खासा फायदा भी होने वाला है। (अनंत ज्ञान)

# बागियों को घेरने के लिए रोडमैप तैयार

## सीएम सुक्खू ने बनाई रणनीति, आज धर्मशाला तो कल सुजानपुर में होंगे

**अरविंद शर्मा, शिमला**



हिमाचल में 6 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने प्रत्याशियों को उतारने का भले ही ऐलान न किया हो, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बागियों को उनके घर में ही घेरने की पूरी तैयार कर ली है।

मुख्यमंत्री ने 21 और 22 अप्रैल को भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे बागियों के विधानसभा क्षेत्र में दो दिन डेरा डालेंगे। सीएम सुक्खू का 21 अप्रैल को पहले धर्मशाला जाने का कार्यक्रम तय है। वहीं, इसके अगले दिन यानी 22 अप्रैल को सीएम सुक्खू सुजानपुर में बागियों को घेरने के लिए चुनावी रणनीति बनाएंगे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला की ओर से शेड्यूल जारी किया गया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे धर्मशाला पहुंचने का कार्यक्रम है। (अनंत ज्ञान)

### अब भ्रष्टाचारी नेताओं को सबक सिखाने का आया समय : सुक्खू

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचारी नेताओं को बेनकाब कर सबक सिखाने का समय आ गया है। जिस प्रकार से भाजपा ने एक षड्यंत्र रचकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास किया है, उससे इसका असली चेहरा देश व प्रदेश के सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि पार्टी से दगा करने वाला कोई भी नेता अब कभी जीत नही पाएगा। प्रदेश की चारों लोकसभा व 6 विधानसभा उप चुनावों में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा।

## दलबदलू नेताओं को जनता देगी जवाब:प्रेम कौशल



**हमीरपुर ।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रेम कौशल मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो वादे जनता से किए थे, उनमें से अधिकतर वादे पूरे कर जनता को समर्पित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो कभी बीजेपी को कोसते थे आज इस पार्टी में शामिल होकर कांग्रेस सरकार की गारंटियों को जूठा ठहरा रहे हैं, क्योंकि उन्होंने अपना ईमान बेचकर उनके साथ दिया है। उन्होंने कहा कि यह जो चुनाव होने वाले हैं। 6 विधानसभा सीटों के ऊपर इन चुनावों में जनता बहुत उचित जवाब इन 6 दलबदलुओं और बिकाऊ नेताओं को देगी ।

## हिमाचल की कांग्रेस सरकार अधर्म नीति वाली कलयुगी सरकार : कंगना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने एक बार प्रदेश की सुक्खू सरकार को घेरा है। शनिवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान मंडी जिला के नाचन पहुंची भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने हिमाचल की प्रदेश सरकार को अधर्म नीति वाली कलयुगी सरकार करार दिया।

कंगना ने कहा कि किस प्रदेश में राम राज्य व किस प्रदेश में अधर्मी सरकार है। यह सब साफ नजर आ रहा है। हिमाचल में भी साफ दिखाई दे रहा है कि कौन सी अधर्म की सरकार है और कहां किसका राम राज्य है। इस



दौरान उनके साथ पूर्व सीएम व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। नाचन पहुंचने पर कंगना रनौत व नेता प्रतिपक्ष का जयराम ठाकुर का स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कंगना रनौत अब मंडी संसदीय क्षेत्र के लोगों की डाकिया बनकर काम करेंगी।

### सात बार विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रहे मुसाफिर की घर वापसी पर भाजपा में हलचल

# मुसाफिर 1982 के बाद एक बार फिर बनेंगे कांग्रेस के तारणहार

**एसपी जैरथ, नाहन**

बड़े दलबल के साथ 2022 के बाद गंगू राम मुसाफिर की घर वापसी ने भाजपा खेमे में संकट खड़ा कर दिया है। 1982 में वन विभाग की नौकरी से इस्तीफा देने के बाद निर्दलीय चुनाव जीत मुसाफिर अल्पमत रही कांग्रेस सरकार के लिए सरकार बनाने में अहम साबित हुए थे। वहीं, निष्कासन के बाद उनकी वापसी कांग्रेस के लिए एक बार फिर तारणहारी साबित होने जा रही है।

मुसाफिर की घर वापसी के बाद भाजपा प्रत्याशी की लोकसभा चुनाव में दिक्कतें भी बढ़ती हुई नजर आती हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि जिस विधानसभा क्षेत्र पच्छाद से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप तालुक रखते हैं, उसी से गंगू राम मुसाफिर भी संबंध रखते हैं। बता दें कि गंगूराम मुसाफिर पहले वन विभाग में नौकरी करते थे, 1982 में वह नौकरी से इस्तीफा देकर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे थे। उस दौरान चुनाव में कांग्रेस के पास बहुमत नहीं था लिहाजा जीआर मुसाफिर के समर्थन से सरकार बनी थी। मुसाफिर को उस दौरान मंत्री भी बनाया गया था। जीआर मुसाफिर 1985 से 2007 तक कांग्रेस के टिकट पर विधायक रहे हैं। मुसाफिर को सबसे पहले वन एवं उद्योग फिर शिक्षा मंत्री, सहकारिता विभाग मंत्री, परिवहन मंत्रालय और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री भी बनाया गया।



2003 से लेकर 2008 तक मुसाफिर विधानसभा अध्यक्ष रहे। 2009 में शिमला संसदीय लोकसभा सीट पर उतर गया था, जिसमें उनकी हार हुई थी। इस सीट पर सोलन से ताल्लुक रखने वाले हिविका प्रत्याशी डॉ. धनीराम शांडिल की जीत हुई थी। दूसरी बाद डॉ. धनीराम शांडिल कांग्रेस की सीट पर संसद बने। उसके बाद वीरेंद्र कश्यप दो बार शिमला संसदीय सीट पर सांसद रहे। तीसरी बार उनकी जगह सुरेश कश्यप को टिकट दिया गया था। जिसमें सुरेश कश्यप की जीत हुई थी। गंगूराम मुसाफिर पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के हनुमान भी कहलाते थे। (अनंत ज्ञान)

## केंद्र सरकार कर रही है लोकतंत्र की हत्या: मनमोहन कटोच



**चंबा।** भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में देश में लोकतंत्र की हत्या करने व भारी भरकम ऋण लेने, जनता को जुमलों के फेर रख कर ही राज किया है। जहां कांग्रेस या अन्य दलों की सरकार है, वहां ईडी का डर दिखाकर व धन के बल पर सरकार गिरा कर सत्ता हासिल करने में लगी हुई है। वहीं, अब सत्ता के लोभ में धंसे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पुनः सत्ता में आने के लिए केंद्र के इशारे पर हर हथकंडे अपनाने सहित आए दिन जनता को गुमराह करने वाली बयानबाजी कर रहे है। यह बात कांग्रेस प्रदेश मुख्य प्रवक्ता मनमोहन कटोच ने चंबा के होटल इरावती में पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 2014 में पीएम मोदी ने सत्ता में आते ही देश के बेरोजगारों से हर वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कही, जबकि आम नागरिकों के खातों में 15 लाख रुपए आने की बात कही। जहां रोजगार देने के नाम पर केंद्र खामोश है।

# युवा, शिक्षित एवं ईमानदार नेता को देंगे वोट

**प्रदेश की चार लोकसभा व छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का बिगुल बजने के बाद अब दोनों बड़े दलों भाजपा व कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों की ओर से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि चुनाव को अभी करीब दो माह का समय शेष है, लेकिन प्रत्याशियों व पार्टियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। वहीं, पहली बार मतदान करने वाले युवा-युवतियों में मतदान को लेकर काफी उत्साह है। साथ ही बुजुर्ग मतदाता भी मतदान करने के लिए उत्सुक हैं। मतदाताओं में प्रत्याशियों के चयन को लेकर अपनी अलग-अलग राय है। कैसा हो हमारा प्रतिनिधि इस बारे में अनंत ज्ञान के प्रतिनिधियों ने मतदाताओं की राय ली, पेश हैं इसके कुछ अंश...**

**मैं** पहली बार मतदान करने जा रही हूं और उत्साहित भी हूं। महिला उत्थान, बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी जैसे मुद्दों पर कार्य करने वाले प्रत्याशी अथवा पार्टी को मतदान करूंगी। आज के समय में युवा नौकरी पाने के लिए सड़कों पर है। जो युवाओं के भविष्य के बारे में सोचता हो उसे वोट दूंगी।



**प्रिंकल रैना (शाहपुर)**



**कृतिका चंदेल (घुमारवी)**

18 साल की आयु पूरा होने के बाद मैं पहली बार वोट डालूंगी, यह मेरे लिए काफी बड़ा पल होगा। मुझे केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिलेगा। मेरा वोट विकास के मुद्दे पर होगा। हर युवा को देश के निर्माण के लिए वोट करना चाहिए। सभी लोगों को मतदान करना चाहिए।

**मतदान** का अधिकार लोकतंत्र में व्यक्ति की सबसे बड़ी ताकत है। हमें अपनी मतदान की शक्ति का उपयोग सोच-समझकर करना चाहिए। मेरा मत भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विकास के मुद्दों पर निर्भर करेगा। जो सरकार इन मुद्दों पर खरी उतरेगी, उसी के प्रत्याशी को अपना मत डालूंगी।



**वनीशा शामा (घुमारवी)**

**दूसरी** बार मतदान करने का मौका मिल रहा है, जिसको लेकर उत्साहित हूं। अपने परिवार के साथ इस बार भी मतदान करने जाऊंगी और अपने दोस्तों, रिश्तेदारों को भी मतदान के बारे में जागरूक करूंगी। युवा, शिक्षित एवं ईमानदार नेता को ही वोट दूंगी, ताकि जीतने के बाद वह प्रमुखता से क्षेत्र का विकास करने की दिशा में कार्य करे।



**रक्षा ठाकुर (बंजार)**

**मैं** ऐसे उम्मीदवार को वोट करुंगी, जो युवाओं के रोजगार को प्राथमिकता दे और साथ ही क्षेत्र और प्रदेश के विकास के बारे में सोचता हो। आज के समय में युवा नौकरी पाने के लिए सड़कों पर है। जो युवाओं के भविष्य के बारे में सोचता हो उसे वोट दूंगी। सभी लोगों को सोच-समझ कर वोट देना चाहिए।



**पूनम (गगल)**

**लोकतंत्र** का महत्व तभी है, जब हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अन्यथा जनता की आवाज न सुनने वाले प्रत्याशी विजयी होंगे। ऐसे में विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज के दौर में पढ़े-लिखे युवाओं को राजनीति में आने की जरूरत है। युवा सोच ही देश को आगे लेकर जाएगी।



**अनिल ठाकुर (भरमौर)**



**कंचन ठाकुर (होली)**

**चुनाव** में सभी दलों को चाहिए कि युवा पढ़े-लिखे उम्मीदवारों को मौका दिया जाए। इसके साथ उम्मीदवार आम लोगों के दुख-सुख में भी शामिल होने वाला चाहिए, ताकि जीतने के बाद अपने वोटरों के बीच लगातार संपर्क बनाए रखें। सभी लोगों को देश के भविष्य के लिए एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

**इस** बार वोट उस कैंडिडेट को देंगे, जो रोजगार के साधन उपलब्ध करवाएगा। अभी कोई भी सांसद रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाली योजना लाने में कामयाब नहीं हो सका है। आज तक कोई ऐसा सांसद नहीं हुआ, जिसने यहां रोजगार के साधन पैदा करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए हों। चुनाव के दौरान सांसद बड़ी-बड़ी बातें करते हैं।



**लव राणा (ऊना)**

**चुनाव** दमदार नेतृत्व को सशक्त करने का एक बहुत ताकतवर माध्यम है, जो नेतृत्व देश हित की बात करे, जिसका अजेंडा देश को आगे बढ़ाना हो, देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और देश की जनता को उत्तम सेवाएं प्रदान करना हो, ऐसा ही राजनीतिक दल सत्ता के काबिल होना चाहिए।



**अशोक राजपूत होली (चंबा)**



**सुरेंद्र शर्मा कूंर (छतराड़ी)**

**देश** का युवा वर्ग बेरोजगारी से परेशान है। पढ़ाई के बाद भी नौकरी नहीं मिल रही है। युवा रोजगार को दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। हमें रोजगार की गारंटी देने वाले दल का समर्थन करना चाहिए। सभी लोगों को देश के भविष्य के लिए एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

**हमारा** सांसद ईमानदार और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र का नेतृत्व करने वाला होना चाहिए। धर्म संस्कृति से लेकर राष्ट्र नीति तक अच्छी पैठ रखता हो। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशियों का रिपार्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें।



**गौरी शंकर भरमौर (चंबा)**

# खिलाड़ियों और दर्शकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

## आईपीएल मैचः जिला प्रशासन और एचपीसीए के बीच तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पांच तथा नौ मई को प्रस्तावित आईपीएल क्रिकेट मैच के प्रबंधों को लेकर जिला प्रशासन तथा एचपीसीए के अधिकारियों के बीच शनिवार को क्रिकेट स्टेडियम में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि पांच मई को पंजाब किंग्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स तथा नौ मई को पंजाब किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के बीच आईपीएल टी-टवंटी मैच प्रस्तावित है। उन्होंने मैच के दौरान खिलाड़ियों तथा दर्शकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पुख्ता कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन के संदर्भ में कानून, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, सड़कों की मरम्मत, शहर की साफ-सफाई तथा अग्निशमन सेवाओं इत्यादि सहित अन्य संबंधित तैयारियों का जायजा लिया और इस बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को मैच के आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को आईपीएल मैच के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को धर्मशाला के आसपास के क्षेत्र में मरम्मत योग्य सड़कों का कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को स्टेडियम में अग्नि संबंधी आपातकालीन प्रबंधों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीसी सौरभ जस्सल, एडीएम डॉ. हरीश गज्जू, एएसपी हितेश लखनपाल तथा एचपीसीए के प्रबंधक उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)


आईपीएल मैचों की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेते अधिकारी।

### सड़कें और लाइट व्यवस्था होगी चकाचक

आयोजन से पहले धर्मशाला तथा इसके आसपास के क्षेत्रों की सड़कें तथा लाइट व्यवस्था चकाचक होगी। पेयजल, पार्किंग की बेहतर व्यवस्था के लिए भी प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि मैच के आयोजन के दौरान वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित स्थलों की नंबरिंग करके दिशा सूचक बोर्ड लगाए जाएंगे। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए निकासी गेटों से पार्किंग स्थलों तक दिशा सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

# जीएवी कांगड़ा के नेहल रैना और शिवांश खेलेंगे नेशनल हैंडबाल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा के नेहल रैना व शिवांश नेशनल हैंडबाल टूर्नामेंट में भाग लेंगे। मिनी हैंडबाल टूर्नामेंट 21 से 24 अप्रैल तक मुंबई में होगा। प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा, कोच दिनेश राजपूत व अधीक्षक एमजी अवस्थी ने दोनों छात्रों को मुंबई में जीएवी का परचम लहराने का आशीर्वाद दिया। बिलासपुर में हैंडबाल एसोसिएशन हिमाचल द्वारा लड़के व लड़कियों का ट्रायल लिया गया जिसमें करीब 400 बच्चों ने भाग लिया। सातवीं कक्षा की छात्रा नेहल का लड़कियों व आठवीं कक्षा के छात्र शिवांश का लड़कों की हिमाचल प्रदेश हैंडबाल टीम में चयन किया गया। हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। गौर रहे कि हैंडबाल में लड़कियों की टीम हमेशा राष्ट्रीय विजेता रही है और कई लड़कियां इंडिया की टीम से खेल चुकी हैं। छोटी सी आयु में बड़े टूर्नामेंट में भाग लेना महान उपलब्धि है और कोच एवं नेशनल रेफरी दिनेश का बड़ा योगदान रहा है।


जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा के होनहार अध्यापकों के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को जंक फूड से परहेज की दी सलाह


पारस पब्लिक स्कूल भवारना में कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र।

**डरोह।** पारस पब्लिक स्कूल भवारना में किशोर स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुलह के चिकित्सा अधिकारी अनुपम, स्वास्थ्य शिक्षा खंड भवारना से दया देवी और आशा वर्कर कांता देवी ने किशोर-किशोरियों के साथ अपने विचारों को साझा किया। दया देवी ने किशोरावस्था की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, इसमें शरीर में अनेक प्रकार के परिवर्तन आते हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस आयु में खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि, हमारे शरीर का संपूर्ण विकास हो सके। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी अनुपम ने बताया कि हमें जंक फूड का त्याग करके हरी पत्तेदार सब्जियों व दालों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए तभी हम मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी भयानक बीमारियों से बच सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्य नीलम राणा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### शनि देव मंदिर जयसिंहपुर में भंडारा 27 को

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर स्थित श्री जानकी नाथ जी शनि देव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 27 अप्रैल को 15वें विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक इस भंडारे का आयोजन होगा।

### इच्छी में हांफी एचआरटीसी की बस

**गगल।** शनिवार को एचआरटीसी की बस जो सुंदरनगर से पठानकोट की ओर जा रही थी के इच्छी में गियर टूट जाने से लगभग पौन घंटा सवारियों को मुश्किल का सामना करना पड़ा। इससे दो दिन पहले भी एचआरटीसी की बस इसी स्थान पर खराब हो गई थी तो अभी तक वह बस भी पास ही खड़ी है, लेकिन शनिवार को फिर एचआरटीसी की बस इच्छी में खड़ी एचआरटीसी बस के आगे खराब हो गई। एचआरटीसी के ड्राइवर तरसेम सिंह व कंडक्टर मलकीत सिंह ने बताया की बस का गियर टूट जाने से बस को यहीं रोकना पड़ा। इस कारण सवारियों को दूसरी बस के लिए इंतजार करने में थोड़ा समय लगा। दूसरी बस आ जाने से सवारियों को अपने गंतव्य के लिए भेज दिया गया। यात्री शारदा देवी और पलक ने बताया कि उन्होंने राजस्थान पहुंचने के लिए पठानकोट में 8 बजे की ट्रेन लेनी थी तो उन्हें समस्या हुई। इनके साथ तरसेम सिंह, डॉक्टर मनु, प्रदीप और सुषमा को भी बस खराब हो जाने से परेशानी का सामना करना पड़ा।



# गन्ने के कारोबार पर मौसम की मार

## बारिश के कारण मंदा पड़ा धंधा, खर्च निकालना हुआ मुश्किल

**कमल, डाडासीबा**

चिलचिलाती गर्मी में गन्ने के रस का स्वाद और मीठा हो जाता है। गन्ने का रस मतलब मिठास परंतु आजकल बदलते मौसम के कारण गन्ने के रस का कारोबार करने वालों के चेहरों पर मायूसी छाई हुई है। 10 अप्रैल के बाद गन्ने के रस का कारोबार चरम सीमा पर होता है। अप्रैल में तो गन्ने के रस का स्वाद हर कोई चखता है।

तकरीबन हर बस अड्डे या सड़क के किनारे गन्ने का रस निकालने वाले मिल जाते हैं, लेकिन इस बार अप्रैल महीने में कुछ खास गर्मी नहीं पड़ी है, इसका कारण मौसम में बदलाव माना जा रहा है।


नंगल चौक में गन्ने की दुकान लगाते प्रवेश सिंह।

गर्मी के मौसम में ठंडे पेयजल और गन्ने के रस का कारोबार खूब चलता है और यह लोग अच्छी खासी कमाई करते हैं, लेकिन इस बार यह बात नहीं दिख रही। डाडासीबा के अंतर्गत गांव- नंगल चौक में गन्ने के रस का कारोबार करने वाले प्रवेश सिंह उर्फ जॉनी नंगल चौक निवासी ने बताया कि पिछले साल अप्रैल महीने में गन्ने के रस का अच्छा काम था परंतु इस बार तो उससे आधा भी नहीं है, जैसे ही मौसम में गर्मी पड़ने लगती है वैसे ही बारिश हो जाती है।

इस कारण कारोबार कम होने लगा है। अब आशा है कि आगे गर्मी होगी तो कुछ कारोबार होगा अन्यथा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि करीब 1200 रुपए प्रति क्विंटल गन्ना खरीद कर लाते हैं लेकिन इसका खर्चा भी निकालना मुश्किल हो गया है। (अनंत ज्ञान)

## मूंढ़ी में बाइक सवार की मौत

**डरोह।** थुरल से चार किलोमीटर दूर पालमपुर-हमीरपुर सड़क पर शनिवार को मूंढ़ी में एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क से बाहर निकल कर एक घर को जोड़ने वाली पुलिया से टकरा गई। मोटरसाइकिल चालक सेवानिवृत्त सैनिक पंकज कुमार उम्र 45 वर्ष पुत्र स्व. रमेश शर्मा निवासी नागनी उछल कर घर के गेट से टकरा कर बुरी तरह से घायल हो गया । जिसे लोग नागरिक अस्पताल थुरल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया तथा थुरल पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पालमपुर भेज दिया है। मृतक अपने पीछे परिवार में पत्नी,एक बेटी व दो जुड़वां बेटे छोड़ गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर में स्कूटर सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**शाहपुर के पुहाडा मोड़ पर शुक्रवार रात हुआ हादसा**

**मंडी**-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर उपमंडल शाहपुर के पुहाडा मोड़ पर शुक्रवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने स्कूटर को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटर सवार व्यक्ति विजय कुमार (44) निवासी नरेड़ तहसील शाहपुर की मौत हो गई। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।




जानकारी के अनुसार पुहाड़ा मोड़ पर गांव के रास्ते से ऋषि कुमार व विजय कुमार दोनों निवासी नरेड़ अपने स्कूटर से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ रहे थे तो सड़क पर पहुंचने पर रैत की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस दौरान जोरदार टक्कर लगने के चलते दोनों सड़क पर जा गिरे और घायल होग गए। इस दौरान लोगों की सहायता से उन्हें नागरिक अस्पताल शाहपुर ले जाया गया जहां विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया गया वहीं ऋषि को इस हादसे में मामूली चोटें आई हैं। थाना प्रभारी शाहपुर सुरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# आरसीडी और गो रक्षा दल ने मृतक गो धन को दफनाया

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

रणजीत सागर बांध परियोजना पर कार्यरत सामाजिक संगठन आरसीडी यूथ वेलफेयर सोसायटी एवं गो रक्षा दल शाहपुरकंडी टाउनशिप की ओर से शनिवार को इलाके में मृतक पड़े गो धन को बांध प्रशासन के सहयोग से दफनाया गया।



उल्लेखनीय है कि उक्त दोनों सामाजिक संगठनों की ओर से पिछले लंबे समय से गोधन एवं बेसहारा पशुओं की सेवा की जा रही है। इसके चलते शनिवार को स्थानीय डाकघर के पास मृतक पड़े गोधन के संबंध में कड़ा संज्ञान लेते हुए उसे बांध प्रशासन के सहयोग से दफनाया गया। इस संबंध में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं समाज सेवक अनुज शर्मा ने बताया कि जैसे ही उन्हें मृतक गो धन के बारे में सूचना मिली तो उनकी पूरी टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर उसे पूरे रिती रिवाज के साथ दफनाया गया जिसमें बांध प्रशासन के जूनियर इंजीनियर विपुल कलसी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बांध प्रशासन से अपील की है कि अगर प्रशासन परियोजना पर खाली पड़ी जमीन पर गोशाला का निर्माण करवाए तो उसकी सारी देखभाल एवं पशुओं के चारे की जिम्मेदारी सोसायटी एवं गो रक्षा दल उठाने के लिए तैयार है। इस मौके पर अनुज शर्मा के अलावा कृष्ण ठाकुर, केशव कुमार, अंकुर शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## आयशाना के परिवार को दी फौरी राहत राशि

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा के तहत गंगोट पंचायत में भारी तूफान से गांव मोइन में शुक्रवार को एक दुखद घटना घटी थी। यहां तूफान चलने की वजह से शाम लाल के घर का लेंटल गिर गया। इस दौरान आंगन में खेल रही उसकी तीन साल की दोहती आयशाना के सिर पर ईंट गिरी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शनिवार को बच्ची के पैतृक गांव में प्रशासन से नायब तहसीलदार प्रवेश कुमारी व कानूनगो बलविंदर सिंह सहित अन्य लोग पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को फौरी राहत के तौर पर 10,000 रुपए की राशि दी। इस दुख की घड़ी में प्रशासन उनके साथ है।

### माउंट कार्मल स्कूल गगल में समारोह का आयोजन

# तिलक लगाकर पूर्व सैनिकों का स्वागत

**अनंत ज्ञान, गगल**

माउंट कार्मल स्कूल गगल में शनिवार को न्यू बैंड विद्यार्थियों का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह जानकारी स्कूल के प्रवक्ता विनय डढवाल व संदीप ने दी। उन्होंने बताया की स्कूल के प्रांगण में आयोजित समारोह में अतिथि के तौर पर विद्यार्थियों के दादा-दादी नाना-नानी जो पूर्व सैनिक रह चुके हैं उन्हें मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था।

इस अवसर पर स्कूल के निदेशक फादर मैथ्यू, फादर जॉनसन और प्रधानाचार्य सिस्टर एनिस और बच्चों ने तिलक लगाकर और फूल देकर सभी पूर्व सैनिकों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व उच्च ऑफिसर सैनिक कैप्टन केएल जगतपुरिया, नायब सूबेदार राजेंद्र कुमार ,वेद प्रकाश ,,ऑनरी कैप्टन मेजर सूबेदार दीनानाथ, कैप्टन मदन चंद कटोच, सूबेदार प्रकाश चंद, सब इंस्पेक्टर दीनानाथ , नायक सूबेदार बलबीर सिंह, आरआर शर्मा ने बच्चों की बैंड प्रतियोगिता की काफी सराहना की और स्कूल के अध्यापकों व प्रधानाचार्य ऐनिश, निदेशक फादर जॉनसन ,फादर मैथ्यू का धन्यवाद किया। जिन्होंने बच्चों को अच्छा बैंड का प्रशिक्षण देकर अच्छे मुकाम तक पहुंचाया है।


माउंट कार्मल स्कूल गगल में समारोह के दौरान मौजूद शिक्षक, छात्र व अन्य।

# गगल एयरपोर्ट पर मनाया अग्निशमन सेवा सप्ताह , आग से बचाव के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान, गगल**

कांगड़ा हवाई अड्डे पर 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। यह जानकारी गगल एयरपोर्ट के वरिष्ठ प्रबंधक शैलेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह के दौरान अग्निशमन विभाग के प्रभारी सतपाल गुलेया की अध्यक्षता में विभिन्न प्रकार के अभ्यास किए गए तथा अग्नि से बचाव की ट्रेनिंग भी दी गई।

अग्निशमन कर्मियों के बीच विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस सप्ताह का समापन समारोह 20 अप्रैल को किया गया। जिसमें भारतीय विमानन प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी, एयरलाइंस के कर्मचारी एवं अन्य कार्मिक शामिल हुए। प्रतियोगिता के विजेताओं को कार्यकारी निदेशक संजय भारद्वाज ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एटीसी प्रभारी सोनू, संचार प्रभारी सनी आंचल, मानव संसाधन प्रभारी नरपिंदर कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




## मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस थाना हरिपुर के तहत भटाला में सुनील कुमार, सोमा देवी व ज्योति निवासी भटाला तहसील देहरा जिला कांगड़ा ने रानी देवी निवासी भटाला का रास्ता रोककर गाली-गलौज, लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की है। इस संदर्भ में पुलिस ने भारतीय दंड सहिंता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



**राहत** | कृषक बकरी पालन योजना के तहत मिलेगा 60 फीसदी अनुदान

# किसान बकरी पालन से बढ़ाएं अपनी आय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**सभी किसान उठा सकते हैं योजना का लाभ**

यदि आप किसान हैं और अपनी आय को बढ़ाना चाहते हैं तो आप खेतीबाड़ी के साथ बकरी पालन कर सकते हैं। बकरी पालन आय का एक अतिरिक्त साधन साबित हो सकता है। हिमाचल प्रदेश कृषक बकरी पालन योजना का लाभ उठा कर किसान बकरी पालन को आय का एक अतिरिक्त साधन बना सकते हैं।

योजना के तहत सरकार द्वारा बकरा-बकरी खदीर पर 60 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है। कृषि-जलवायु परिस्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए बकरियों की



अनुकूलन क्षमता ने इसे गरीब किसानों के लिए उपयुक्त बना दिया है। इस योजना का लाभ सभी श्रेणियों के किसान उठा सकते हैं। योजना का लाभ लेने वाले लाभार्थी की वार्षिक आय दो लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आय सृजन के अवसरों को बढ़ाने के साथ-साथ मांस के उत्पादन में वृद्धि करना है। योजना में निर्धारित इकाइयों के तहत 10 मादा व एक नर की खरीद पर सरकार की ओर से करीब 23200 रुपए का अनुदान प्रदान किया जाएगा। चार मादा व एक नर की खरीद पर करीब 16800 रुपए और दो मादा एवं एक नर की खरीद पर 10800 रुपए का अनुदान दिया जाता है। उपनिदेशक पशुपालन विभाग कांगड़ा संजीव धीमान ने बताया कि कृषक बकरी पालन योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी पशुपालन विभाग की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पशुपालन व्यवसाय के क्षेत्र में बकरी पालन एक लाभदायक व्यवसाय है और कम लागत में अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मांस से अतिरिक्त बकरी के दूध की भी मांग बढ़ी है। बकरी के दूध का इस्तेमाल कई दवाइयों में भी होता है। उन्होंने कहा कि किसान कृषि के साथ इस योजना का लाभ उठा कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों ने रैली निकाल समझाया मतदान का महत्व

**भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। मतदाता साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनीराम शर्मा ने जागरूकता रैली को स्कूल परिसर के रवाना किया तथा अमरोह गांव तक नारों से लोगों को जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया वह लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करें। इस अवसर पर प्रवक्ता बलदेव सिंह, अशोक गुलेरिया, डॉ. संजीव कुमार, पवन रांगड़ा व अन्य उपस्थित रहे।

### कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा अंबेडकर का किया निरादर : अनुराग



अनुराग ठाकुर को गुर्ज देकर सम्मानित करते भाजपा एससी मोर्चा के सदस्य।

**जाहू/भरेड़ी।** भारतीय जनता पार्टी भोरंज मंडल एससी मोर्चा की बैठक अंबेडकर भवन धमरोल में हुई, जिसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे, उनके साथ मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर, देशराज शर्मा, अजय रिंगटोन, राजेश सहगल, राजीव भागीरथ आदि उपस्थित रहे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा भीमराव अंबेडकर का निरादर किया। भाजपा की सरकार आते ही उन्होंने भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया। 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में बाबा साहब अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गई, यह पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 62 बार भारत के संविधान में संशोधन किया, जिसको भीमराव अंबेडकर लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि 70 साल से ऊपर के जितने भी बुजुर्ग हैं, उन सबको 5 लाख का मुफ्त इलाज मिलेगा। पिछले 5 सालों में लगभग 30000 किलोमीटर रेल लाइन बिछाई गई, नारी शक्ति वंदन बिल मोदी ने पास किया, जिसके तहत 33 प्रतिशत आरक्षण विधानसभा में महिलाओं को दिया गया।

### चबूतरा स्कूल में दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**हमीरपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' यानी सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के तहत शनिवार को विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चबूतरा में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर के निर्वाचन अधिकारी डॉ. रोहित शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी युवा अपने नाम मतदाता सूचियों में अवश्य दर्ज करवाएं, ताकि वे एक जून को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। एसडीएम ने बताया कि पात्र लोग 4 मई तक अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करवा सकते हैं। इसके लिए वे अपने बूथ लेवल अधिकारी या एसडीएम अथवा तहसील कार्यालय में संपर्क करें। राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल एनवीएसपी और वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा सकता है।

### जंगलों में आग न लगाएं लोग : अग्निशमन विभाग

**हमीरपुर।** अग्निशमन सेवा सप्ताह 2024 के अंतिम दिन आदेशक गृह 10वीं वाहिनी विजय कुमार सकलानी की उपस्थिति में अग्निशमन केंद्र हमीरपुर के अधिकारी व कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से में आम जनता से अपील की है कि जंगलों में आग न लगाएं, अपने आसपास के वातावरण को खुशहाल बनाए रखने कि लिए और राष्ट्रीय निर्माण में सहयोग दें, जिससे शुद्ध वातावरण के साथ हरियाली, सरकारी वन संपदा, जंगली जानवरों की जान को सुरक्षित रखा जा सके। इसके अलावा रिहायशी मकानों से 15 मीटर के आसपास जंगल में रात्रि पत्तियों की इकट्ठा करके जलाने की बजाय औद्योगिक क्षेत्र बडू में बिक्री करके या वर्मीकंपोस्ट के लिए उपयोग कर राष्ट्रीय निर्माण में सहयोग करें।

### टौणी देवी स्कूल में 230 बच्चों ने लिया प्रवेश



**टौणीदेवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (उत्कृष्ट) टौणीदेवी ने इस नकारात्मक छवि को अपने बेहतरीन परिणामों एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास पर काम करते हुए बदल दिया है। यहां बच्चों की पढ़ाई का स्तर, उनके पढ़ाई के लिए व्यवस्थाएं किसी अंग्रेजी मीडियम स्कूल से कम नहीं हैं। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि सरकारी विद्यालय उतने बुरे नहीं हैं। जितना लोग सोचते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में छुपीं प्रतिभा को बाहर निकालने की जरूरत है, जिस क्षेत्र में बच्चों की रुचि होती है, उसके लिए उन्हें मंच प्रदान करना चाहिए। वर्तमान में अभिभावक निजी स्कूलों की फीस, किताबों की कीमतों व विद्यालय प्रबंधन की मनमानियों से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि छठी से 12वीं तक 230 बच्चे पाठशाला में प्रवेश ले चुके हैं, जिसमें से निजी पाठशालाओं से प्रवेश लेने वाले बच्चों की संख्या 40 है।

### गौतम कॉलेज-अमृतसर कॉलेज में एमओयू साइन

**हमीरपुर।** गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी हमीरपुर द्वारा आयोजित नेशनल कांफ्रेंस का दूसरा और अंतिम दिन समाप्त हुआ। इस कांफ्रेंस में डॉ. हरीश शर्मा मुख्यातिथि के साथ विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपर्ट्स डॉ. सौरभ सहजपाल, डॉ. सौरभ कोसे, डॉ. देवेंद्र, डॉ. विपन कुमार, रोशन कुमार ने शामिल होकर अपने विचार साझा किए। सम्मेलन की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। उसके उपरांत डायरेक्टर कम प्रिंसिपल डॉ. संजय कुमार ने सबका स्वागत किया। इन सबके बीच गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी और अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेज (फार्मास्यूटिकल साइंसेज) के बीच एमओयू साइन हुआ, जिसमें गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज के मैनेजिंग सेक्रेटरी डॉ. रजनीश गौतम भी शामिल रहे। उसके उपरांत डॉ. हरीश शर्मा ने भी अपने विचार साझा किए।

## डीसी अमरजीत सिंह ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासियों को राशन कार्ड करवाएं उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर में भी राशन कार्ड से छूटे ऐसे श्रमिकों की पहचान करके उन्हें राशन कार्ड प्रदान किए जाएंगे। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना के लिए एक प्रभावी कार्य योजना तैयार करने हेतु उपायुक्त अमरजीत सिंह ने शनिवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, शहरी विकास विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस अवसर पर उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग और श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों का वास्तविक डाटा एकत्रित करें, ताकि राशन कार्ड से छूटे श्रमिकों की पहचान की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे ऐसे श्रमिकों के राशन कार्ड पंचायतों के माध्यम से बनाए जाएंगे, जबकि शहरी क्षेत्रों के श्रमिकों के कार्ड स्वयं खाद्य आपूर्ति विभाग बनाएगा।

अमरजीत सिंह ने कहा कि इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रवासी श्रमिकों का डाटा साझा करें। इसमें पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी बहुत जरूरी है। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के संबंध में विभाग की ओर से उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।



डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह अधिकारियों से बैठक करते हुए।

## धूमल व अनुराग को कोसने वाले राजेंद्र राणा आज लगा रहे उनके जयकारे : वर्मा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने एक बयान में कहा है कि सुजानपुर चौगान मैदान में आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं का हितैषी होने का झूठा ढोंग जरूर रचा गया, लेकिन महिलाओं ने बहुत ही कम उपस्थिति दर्शाकर चुनावी माहौल में अपने मंसूबे व्यक्त कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने चुनावी गारंटियों में महत्वपूर्ण एक गारंटी को पूर्ण कर इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 1500 रुपए हर पात्र महिला को देने की शुरुआत की ही थी कि भाजपा चुनावी समर में कांप उठी और झूठे आरोप लगाकर चुनाव आयोग से इस योजना का सरेआम विरोध किया। फार्म भरने का काम बंद जरूर हुआ, मगर कांग्रेस पार्टी के तथ्यों से अवगत होने पर चुनाव आयोग की फॉर्म भरने की फिर से अनुमति महिला विरोधियों के मुंह पर तमाचा बनी। यहां के पूर्व विधायक पहले ही टेंट, दरियां व गिलास बांटकर महिला मंडलों को बरगलाने की भूमिका निभाते रहे हैं। आज उनके पास जयराम ठाकुर के महिला विरोधी कदम का क्या जवाब है।

**राणा ने सुजानपुर वासियों से की बेइंसाफी**

कभी पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को पानी पी-पी कर कोसने वाले आज धूमल व अनुराग के जयकारे लगा रहे हैं। धूमल परिवार के हितैषी राणा की बेहुदगी को कैसे भूल पाएंगे। राणा किस बेइंसाफी की बात कर रहे हैं, बेइंसाफी तो उन्होंने सुजानपुर के मतदाताओं से की थी, जिन्होंने उन्हें कांग्रेस के नाम पर पांच साल के लिए जनादेश दिया था, जिसका उन्होंने भारी अपमान किया है। पहले भी वह सुजानपुर की जनता के जनादेश का अपमान करने का नतीजा एक साथ परिवार की दो पराजयों के रूप में भुगत चुके हैं। उनके नाम हमीरपुर के एक मुख्यमंत्री को नीचा दिखाने का तमगा तो है ही, मगर दूसरे मुख्यमंत्री को हटाने की उनकी मुहिम को लेकर सुजानपुर की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

## एक्साइज विभाग ने पकड़ीं अवैध शराब की 86 पेटियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

स्थानीय आबकारी एवं कराधान विभाग ने शुक्रवार रात को एक गुप्त सूचना के आधार पर जोल सप्पड़ क्षेत्र के एक मकान में छापा मारकर अवैध शराब की 86 पेटियां बरामद की हैं। उप आयुक्त वरुण कटोच ने बताया कि इस अवैध शराब की कीमत लगभग 3.34 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि सहायक आयुक्त डॉ. नवल, कर एवं आबकारी अधिकारी नितिन गुप्ता की टीम ने यह अवैध शराब पकड़ी।

वरुण कटोच ने बताया कि विभाग की टीम ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी और अवैध शराब पुलिस की टीम को सौंप दी। पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011 के तहत इसकी जांच आरंभ कर दी है।



पकड़ी गई अवैध शराब की पेटियां।

## लाइन की शिफ्टिंग को लेकर नादौन में आज बिजली रहेगी बाधित

**नादौन।** एनएचएआई द्वारा बिजली की फीडर लाइन की शिफ्टिंग 21 अप्रैल को की जा रही है। इसके चलते विद्युत उपमडल नादौन के सब-स्टेशन गगाल के अंर्तगत आने वाली 11 केबी फीडर लाइन नादौन बंद रहेगी। यह जानकारी देते हुए बिजली विभाग के एसडीओ अक्षय कुमार ने बताया कि फीडर लाइन की शिफ्टिंग के चलते 21 अप्रैल को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक नादौन बस स्टैंड, कोट, नगारड़ा और इसके आसपास के क्षेत्रों की बिजली बाधित रहेगी।



## बगलामुखी मंदिर बढ़ाना में हुआ सम्मान समारोह

**अनंत ज्ञान, बड़ा**

नादौन विधानसभा क्षेत्र के कस्बा कांगू के बगलामुखी मंदिर बढ़ाना में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा क्षेत्र हमीरपुर के भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर, राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, विधायक विक्रम ठाकुर आदि विशेष रूप से शामिल हुए।

इस सम्मान समारोह में उन लोगों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 1992 में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में निकाली गई अयोध्या राम मंदिर के निर्माण के लिए रथ यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के आदेशानुसार कानपुर रेलवे स्टेशन पर हिरासत में लिया गया था।

इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिला फर्रुखाबाद की फतेहगढ़ जेल में 11 दिन तक इन सब राम भक्तों को बंदी बनाकर रखा गया था यह सब आडवाणी के आह्वान पर अयोध्या में बाबरी मस्जिद को गिराने के लिए जा रहे थे। सम्मानित लोगों में स्वर्गीय. डॉक्टर लश्करी राम, पूर्व विधायक शशि बाला टौणीदेवी, रघुवीर सिंह ठाकुर पूर्व चेयरमैन नादौन, अजय शर्मा, रमेश शर्मा, स्वर्गीय सुरेंद्र जोशी व अन्य सदस्य शामिल थे।



बगलामुखी मंदिर बढ़ाना में सम्मान समारोह में उपस्थित अनुराग ठाकुर व अन्य।

## चुनावों को लेकर सहायक निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव को लेकर खंड विकास अधिकारी बिझड़ी के कार्यालय में समस्त अधिकारियों की बैठक एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

उन्होंने बताया कि जिन युवाओं की आयु 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की हो चुकी है उनकी सूची पंचायत के माध्यम से प्राप्त कर उनका वोट बनाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का फॉर्म 12-डी भरकर 10 मई से पहले उपलब्ध करवाएं, ताकि उनको घर बैठे ही मतदान की सुविधा उपलब्ध हो सके। मतदान प्रतिशत



अधिकारियों से बैठक करते सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र गौतम।

**बोले-मतदान बढ़ाने पर अधिकारी करें कदमताल**

को बढ़ाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में स्विप कार्यक्रम किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गत विधानसभा चुनावों में बड़सर विधानसभा क्षेत्र का मतदान 72 प्रतिशत रहा है। इस अवसर पर सभी बूथों के बीएलओ, पर्यवेक्षकों और तहसीलदार बिझड़ी संदीप चंदेल तथा सेक्टर ऑफिसर उपस्थित रहे।

## कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को लेकर ग्राउंड लेवल पर करें काम : यशपाल

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

नादौन विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड़ा में बड़ा जोन के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बड़ा जोन की लगभग 9 पंचयातों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑडिनेटर यशपाल शर्मा के अतिरिक्त बड़ा जोन के प्रभारी ललित चौधरी, अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल कौंडल, राजेश कुमार पिंका आदि ने भाग लिया।

इस अवसर पर ललित चौधरी ने कार्यकताओं से कहा कि लोकसभा चुनावों में हमें कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर ग्राउंड लेबल पर काम करना होगा।


इस अवसर पर डॉ. कौंडल ने कहा कि प्रदेश में आई भारी आपदा से निपटने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू ने जिस तरह से एक महानायक की तरह काम किया है, वह प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में एक मिसाल है। उन्होंने भी हर कार्यकर्ता से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में कार्य करने की बात कही। (अनंत ज्ञान)

## चित्रकला से मतदाताओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करोट में चुनावी साक्षरता क्लब के माध्यम से स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्लब के सदस्यों ने मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चित्रकला तथा नारा लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवियों तथा क्लब के सदस्यों ने रैली निकालकर मतदाताओं को आने वाले लोकसभा चुनाव में अपना मत डालने के लिए जागरूक किया।

प्रवक्ता राजनीतिक शास्त्र अशोक कुमार ने सभी स्टूडेंट्स तथा अध्यापकों को वोट के महत्व बारे जागरूक किया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रोमिला ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, अनिल कुमार, मदन लाल व अन्य उपस्थित रहे।




रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक करते स्टूडेंट्स।

## हाई कमान शीघ्र जारी करेगी प्रत्याशियों की लिस्ट : धर्माणी

**बड़सर कांग्रेस एकजुट, विकास के नाम पर मतदाता देंगे वोट**

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

गारली में नुक्कड़ जनसभा के दौरान राजेश धर्माणी ने कहा कि जिस तरह से इंद्रदत्त लखनपाल कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में गए उन्होंने बड़सर की तमाम जनता के साथ धोखा किया है। जनता आगामी चुनावों में इसका मुंह तोड़ जवाब देगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने बड़सर में करोड़ों रुपए की योजनाओं की सौगात दी है। इसके बावजूद भी लखनपाल ने बड़सर की जनता से धोखा किया। अब महिलाओं को 1500 रुपए फॉर्म भरने की मंजूरी भी मिल गई है, कर्मचारियों के लिए ओपीएस भी लागू किया है, इसी के बलबूते लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के सभी प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। बड़सर विधानसभा में कांग्रेस की चार नुक्कड़ जनसभाएं बड़सर, गारली, झझयाणी और दलचेड़ा में हुई। धर्माणी ने कहा कि जल्द ही पार्टी हाई कमान प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर देगा। अगली बार प्रत्याशी के साथ प्रचार करेंगे।

नुक्कड़ जनसभाओं में कांग्रेस पार्टी के हिमाचल प्रदेश वन निगम के डायरेक्टर कृष्ण चौधरी, पूर्व विधायक डोगरा, पवन कालिया ब्लॉक अध्यक्ष संजय लखनपाल, विपिन ढटवलिया, रूबल ठाकुर सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। बड़सर विधानसभा प्रभारी राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में विधानसभा के विभिन्न बूथों पर बैठकों का आयोजन किया गया।



गारली में नुक्कड़ जनसभा के दौरान राजेश धर्माणी व अन्य।

## डीएवी स्कूल में करवाई वेद मंत्रोच्चारण प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में वेद मंत्रोच्चारण प्रतियोगिता करवाई गई। इसका शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार की उपस्थिति में हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के स्टूडेंट्स के लिए किया गया, जिसमें चारों सदनों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रत्येक सदन से 12 बच्चों ने वेद मंत्र-उच्चारण करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया और विद्यालय मंत्रोच्चारण ध्वनि से गूंज उठा।

प्रिंसिपल ने अपने वक्तव्य में कहा कि वेदों के अनुसार मंत्रों के उच्चारण से बुद्धि शुद्ध होती है और नकारात्मक शक्तियां दूर हो जाती हैं। प्रतियोगिता में अपना बेहतरीन प्रदर्शन देकर सुभाष सदन के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिनमें सूर्यांश मनकोटिया, दीपांशी, यशिका, सृष्टि भारद्वाज, अरनव शर्मा, सुजैन, ईशिका, शिवांश, अथर्व, अयान शामिल थे। द्वितीय स्थान पर गांधी सदन के स्टूडेंट्स रहे, जिनमें नीति ज्ञान, जागृति, कनिष्का, पर्व सिंह, अनन्या, आद्या शर्मा। अंत में विशेष दर्जा प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किय गया।



डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली के स्टूडेंट्स शिक्षकों के साथ।

**पहल** | तीन माह के अंतराल पर ड्राइवर-कंडक्टरों को दिए जाएंगे प्रमोशन पत्र और कैश प्राइज


# हमीरपुर डिपो में अच्छा काम करने वाले कर्मचारी होंगे सम्मानित

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर डिपो बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी करेगा। डिपो में तीन माह के अंतराल पर निगम के ड्राइवरों व कंडक्टरों को प्रशस्ति पत्र और कैश प्राइज देकर नवाजा जाएगा, ताकि निगम की इनकम को और बढ़ाया जा सके।

निगम के उपमंडलीय प्रबंधक डिपो का कैश बढ़ाने में लगातार नए-नए प्रयास कर रहे हैं, ताकि हमीरपुर डिपो की इनकम टॉप पर पहुंच सके। हमीरपुर डिपो का कैश पिछले माह भी प्रदेश भर में दूसरे नंबर पर रहा है। हालांकि, वॉल्वो डिपो का कैश ही हमीरपुर डिपो से ज्यादा रहा है। हमीरपुर डिपो ने अब निगम के उन ड्राइवर-कंडक्टरों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है, जो डिपो में ज्यादा कैश जमा करवाएंगे। डिपो में तीन माह के विश्लेषण के बाद इन ड्राइवर-कंडक्टरों का चयन किया जाएगा।

बताया जा रहा रिटायरमेंट इत्यादि कार्यक्रम होगा, उस दौरान ऐसे कर्मचारियों को मंच पर सम्मानित भी किया जाएगा। इसके लिए निगम ने ड्राइवर-कंडक्टर के सूचना बोर्ड पर विशेष तौर पर नोटिस लगा दिया है, ताकि इस नोटिस बोर्ड को देखकर निगम के कंडक्टर और उत्साह के साथ रूटों पर ड्यूटी दे सकें। (अनंत ज्ञान)




बस स्टैंड हमीरपुर में ड्राइवर व कंडक्टर के सूचना बोर्ड पर लगाए विशेष नोटिस।

**क्या कहते हैं डीडीएम**

**एचआरटीसी** डीडीएम राजकुमार पाठक दिन-रात इनकम बढ़ाने के लिए लगे हैं, ताकि निगम का कैश प्रदेश में टॉप पर पहुंच सके।



# साजिश के शिकार हुए विक्रमादित्य : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यरो, मंडी**




पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के लिए नाचन के चैलचौक और बल्ह के रिवालसर में रोड शो के बाद जनसभा में कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से हमलावर हुए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार है ही नहीं। ये गिर चुकी है, मुख्यमंत्री को कोई नैतिक अधिकार कुर्सी पर बैठने कर नहीं रह गया है। अपने ही विधायकों को उन्होंने चुन चुन कर प्रताड़ित किया। उन्हें समझ लेना चाहिए कि देश और प्रदेश की जनता भाजपा के साथ चलना चाहती है। आपने झूठ बोलकर सत्ता हथियाई है। यही जनता आपको अब सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। उन्होंने कहा कि पूरा देश कह रहा है कि अबकी बार आएंगे तो मोदी ही लेकिन कांग्रेस अध्यक्षा और निवर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह के बार-बार मना करने के बावजूद पीडब्ल्यूडी मंत्री चुनाव लड़ने को तैयार हो गए हैं। उन्हें इस पर विचार कर लेना चाहिए क्योंकि कांग्रेस कार्यकर्ता ही कह रहे हैं कि ये साजिश का शिकार हुए हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल कांग्रेस नेता एक-दूसरे को धक्का देने की कोशिश में लगे हुए हैं। पता नहीं क्या मजबूरी होगी कि इसी मंडी सीट से सांसद रही मां पहले जब इंकार कर चुकी है तो बेटा मंत्री पद छोड़कर दिल्ली जाने को बेकरार है। ये मैं नहीं कह रहा, ये इनके ही लोग बोलने लगे हैं कि मित्रों ने इनको आगे कर बर्बाद कर दिया है।

## मौत ऐसे भी आती है

# भांजे की शादी में मामी की हार्ट अटैक से मौत

**अनंत ज्ञान, गोहर**

कहते हैं कि मौत कभी बताकर नहीं आती और इस बात को साबित किया है गोहर उपमंडल में हुई एक दुखद घटना में जहां एक महिला की अपने भांजे की शादी में धाम के दिन हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सायरी (मझवाड़) गांव निवासी करीब 60 वर्षीय मनसा देवी पत्नी चंद्रमणी शर्मा परिवार सहित अपने भांजे की शादी में गोहर उपमंडल के मरहोट गांव में आई हुई थीं। शुक्रवार को धाम का आयोजन किया गया था तथा साथ ही डिजे आदि भी बज रहा था। खुशी के इस माहौल में मनसा देवी ने भी हिस्सा लिया और डीजे पर डांस करते हुए वह नीचे गिर पड़ी।

महिला को गिरता देख वहां हड़कंप मच गया और उन्हें तुरंत मंडी में मांडव हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। महिला की मृत्यु की खबर मिलते ही खुशियों का माहौल गमगीन हो गया।

# 40 प्रतिशत स्कूलों से नहीं आई आरटीआई की वार्षिक रिपोर्ट

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश भर के शिक्षण संस्थानों से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की वार्षिक रिपोर्ट तलब की गई है। यह वार्षिक रिपोर्ट गत वर्ष एक अप्रैल से वर्तमान 31 मार्च के मध्य आरटीआई के आवेदनों और उनके निपटारे के संबंध में मांगी गई है।

इसी कड़ी में उच्च विभाग के जिला मुख्यालय से भी जिला भर के 324 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों एवं 154 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों से आरटीआई की वार्षिक रिपोर्ट तलब की है। शनिवार को जिला मुख्यालय से ईमेल द्वारा सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों को चौथी बार भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पहले भी ईमेल के द्वारा 5 अप्रैल को, प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों के व्हाट्सऐप ग्रुप में 6 व 18 अप्रैल को पत्र प्रेषित कर यह रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन बहुत से स्कूलों से यह रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

ऐसे में शनिवार को ईमेल से चौथी बार पत्र भेजकर दो दिनों के भीतर ईमेल द्वारा ही रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। पत्र के अनुसार यह रिपोर्ट संकलित कर हायर अथॉरिटी को भेजी जानी है। प्रधानाचार्य व मुख्याध्यापकों को यह भी कहा गया है कि यदि उन्होंने दो दिनों के भीतर यह रिपोर्ट प्रेषित नहीं की तो यह सूचना भी उच्चाधिकारियों के ध्यान में उचित कार्यवाही हेतु लाया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक लगभग 60 प्रतिशत विद्यालयों द्वारा ही यह सूचना जिला मुख्यालय को भेजी गई है जबकि लगभग 40 प्रतिशत विद्यालयों से यह सूचना आनी बाकी है।

इस संबंध में मंडी स्थित उच्च शिक्षा उपनिदेशक सुशील शर्मा ने बताया कि इस तरह की रिपोर्ट हर वर्ष नियमित तौर पर हायर अथॉरिटी को भेजी जाती है। इसलिए जिन स्कूलों से यह रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है उन्हें शीघ्र ही भेजने को कहा गया है ताकि इस संकलित कर प्रेषित किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पब्लिक स्कूल महादेव में मतदान की शपथ




**गोहर।** नाचन विधानसभा में 'मां भी पाणा वोट' अभियान के तहत सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में मंगलम पब्लिक स्कूल महादेव में 'स्वीप' टीम द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। बच्चों, अध्यापकों और स्थानीय लोगों को एसडीएम द्वारा मतदान की शपथ दिलाई गई। एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि जो युवा 18 साल के हो गए है या जिनका नाम मतदाता सूची में अभी तक दर्ज नहीं है वो भी 4 मई तक अपना नाम मतदाता सूची में से दर्ज करवा लें। स्कूल की हंसिका और हिमांशु ने मतदान की उपयोगिता को समझाने के लिए स्कूल की द्वारा भाषण द्वारा जागरूक किया। स्कूल के बच्चों ने समूहगान द्वारा संदेश दिया गया कि मतदाता बिना किसी लालच से उपयुक्त उम्मीदवार का चयन करें और चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### निर्माणाधीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**मंडी।** शनिवार को उपमंडल अधिकारी कोटली के माध्यम से राज्यपाल को मंडी-धर्मपूर-जालंधर वाया कोटली के निर्माणाधीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग की खराब स्थिति, निर्माण में हो रही देरी व निर्माणाधीन कंपनी की मनमानी व प्रभावित लोगों के साथ खराब रवैये के संबंध में स्थानीय लोगों के प्रतिनिधिमंडल के साथ पेनशनर वेलफेयर एसोसिएशन, कोटली इकाई ने एक ज्ञापन सौंपा जिसमे निर्माणाधीन कंपनी को ज्ञापन के माध्यम से आगाह किया कि अगर उक्त निर्माणाधीन सड़क की दशा एक माह के भीतर-भीतर ठीक नहीं हुई तो निर्माणाधीन से प्रभावित व स्थानीय लोग सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इस संबंध में उपमंडल अधिकारी, कोटली ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उक्त निर्माणाधीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग की खराब स्थिति व कार्य में देरी के संबंध में उन्हें लगातार लोगों की शिकायतें मिल रही है और वह निर्माणाधीन कंपनी से हर रोज उक्त सड़क के रखरखाव व कार्य में प्रगति बढ़ाने की रिपोर्ट तलब करवाएंगे।

### जल्द होगा भारत विकास परिषद की शाखा का शुभारंभ



**मंडी।** संस्कार और सेवा के क्षेत्र में देशभर में अपनी 1500 से ज्यादा शाखाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में लगी संस्था भारत विकास परिषद जल्द मंडी में भी शाखा की शुरुआत करेगी। भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन के मार्गदर्शन में एक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष मनोज रत्न सहित बीस के करीब स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। सुरेश जैन ने बताया कि भारत विकास परिषद एक गैर-राजनीतिक संगठन है जो 1963 से देश के 80 प्रान्तों में भारत के सर्वांगीण विकास, स्वस्थ, समर्थ और संस्कारित भारत के निर्माण के उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है। मंडी शाखा के लिए संरक्षक का दायित्व सरदार जशवीर सिंह को दिया गया जो कि करीब 1987 से भारत विकास परिषद से जुड़े हुए हैं और पूर्व में अनेक दायित्व निभा चुके हैं।

### शिक्षण संस्थानों में बताया मतदान का महत्व

**मंडी।** सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओम कांत ठाकुर ने बताया 'स्वीप' गतिविधियों के तहत युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों मे विविध गतिविधियों आयोजित की गईं जिसमे आईटीआई व आईटीआई महिला मे भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नोडल ऑफिसर 'स्वीप' 33 विधानसभा क्षेत्र मंडी सुभाष चंद ने सभी को मतदान हेतु प्रेरित किया व मतदाता जागरूकता के लिए चलाये जा रहे अभियानों के बारे मे अवगत करवाया व सभी युवाओ को उसमे बढ़-चढकर हिसा लेने को कहा।

### बार एसोसिएशन करसोग की क्रिकेट प्रतियोगिता आज

**करसोग।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के दृष्टिगत 26-करसोग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्पोर्ट्स एंड कल्चरल क्लब बार एसोसिएशन करसोग द्वारा मतदाता जागरूकता व नशा निवारण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग के खेल मैदान में किया जाएगा। 21 अप्रैल को आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में लगभग आधा दर्जन टीमें भाग लेगी।

## किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर बेसहारा पशुओं को बचाते हुए हुआ हादसा

# ट्रक से टकराई पर्यटकों से भरी बस

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

- आठ लोग घायल, दो मेडिकल कॉलेज नेरचौक और एक एम्स बिलासपुर रेफर



किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित जड़ोल में क्षतिग्रस्त वोल्वो बस और ट्रक को देखते स्थानीय लोग।

हिमाचल प्रदेश में सड़क हादसों का दौर जारी है। ताजा मामले में शनिवार सुबह किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित जड़ोल में सवारियों से भरी एक वोल्वो बस सड़क पर घूम रहे बेसहारा पशुओं को बचाने के चलते ट्रक के साथ टकरा गई। इस कारण वोल्वो बस और ट्रक में सवार कुल आठ लोगों को चोटें आई हैं, जिनमें से दो लोगों को मेडिकल कॉलेज नेरचौक और एक मरीज को एम्स बिलासपुर रेफर किया है।

इस हादसे में वोल्वो बस चालक सहित ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल सुंदरनगर में भर्ती करवाया गया है। हादसे के कारण बस और ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया।

जैसे ही स्थानीय लोगों को हादसे की सूचना मिली तो उन्होंने मौके पर पहुंच 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। लोगों के अनुसार सड़कों पर बेसहारा पशुओं की संख्या बढ़ चुकी है जिस कारण यह हादसे पेश आ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन और सरकार से मांग उठाई है कि सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं को सड़क से हटा गोशाला भेजा जाए।

मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे के सही कारणों का पता भी लगाया जा रहा है।

# माध्यमिक पाठशाला कपाही में मतदाता जागरूकता की जगाई अलख




जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में स्पीप टीम अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

लोकसभा चुनाव के तहत मतदाता जागरूकता की गतिविधियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। इसी के अंतर्गत सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी के तहत गठित की गई स्वीप टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कपाही में जाकर वहां पर उपस्थित सुंदर नगर जोन के प्रधानाचार्य व मुख्याध्यापकों के माध्यम से मतदाता जागरूकता की अलख जगाई।

विदित रहे कि कपाही विद्यालय में सुंदरनगर जोन की अंडर-19 खेल प्रतियोगिता के आयोजन की बैठक आयोजित की जा रही थी। यहां स्वीप टीम ने विद्यालय मुखियाओं से निवेदन किया कि वह अपने विद्यालय में गठित किए गए इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित करवाएं। इसी के साथ कुछ दिन बाद स्वीप टीम के सहयोग से एक शपथ पत्र भी विद्यार्थियों को प्रदान किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी अपने घर के सदस्यों से हस्ताक्षर करवा कर लाएंगे। शपथ पत्र में यह प्रण लिया होगा कि हम सब एक जून को अवश्य मतदान करने पोलिंग बूथ पर जाएंगे। उपस्थित सभी विद्यालय मुखियाओं ने अपने विद्यालय में मतदान जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने का प्रण लिया।

इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य नेत्र सिंह वर्मा प्रवक्ता कर्म सिंह वह विभिन्न विद्यालयों से आए हुए प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक, कार्यकारी प्रधानाचार्य, डीपीई व पीईटी उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने धारा 144 के तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास लगाए प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

एसडीएम सदर मंडी ओम कांत ठाकुर ने धारा-144 के तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास प्रतिबंध लगाए हैं। उन्होंने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी नई दिल्ली द्वारा 21 अप्रैल को मंडी जिला मुख्यालय में एनडीए, एनए (1) तथा सीडीएस-1 की परीक्षा 2024 विभिन्न स्थानों पर जिनमें कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी, सीडीएस परीक्षा (1) और एनडीए और एनए (1) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्यॉज मंडी, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी में आयोजित होगी।

परीक्षा को शांतिपूर्वक व सुचारु रूप से सम्पन्न करवाने के लिए सदर मंडी मुख्यालय के संबंधित परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-144 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों के आसपास 21 अप्रैल को प्रात: 8 बजे से सायं 5 बजे तक को किसी भी सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक कार्यक्रम, जुलूस, रैलियों, नारेबाजी, धरना प्रदर्शन आदि पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिन यानी 21 अप्रैल को प्रात: 8 बजे से सायं 5 बजे तक को तक संबंधित परीक्षा स्थलों के आसपास लाउड स्पीकरों के उपयोग, परीक्षा स्थलों के आसपास निर्माण, टेंट स्टेज लगाने, तोड़ने आदि के काम पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि इस दिन परीक्षा केंद्रों में किसी प्रकार के हथियार, लाठियां, गोला बारूद, तलवार, घातक उपकरण आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# बतैल में भाजपा अनुसूचित मोर्चा का सम्मेलन संपन्न

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल सरकाघाट का एक दिवसीय सम्मेलन अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप भारद्वाज की अध्यक्षता में अंबेडकर भवन बतैल में संपन्न हुआ। इसमें विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक जिला सुंदरनगर अध्यक्ष हीरा लाल,सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदेश चंदेल विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

विधायक ने कहा कि हर घर में जा कर केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार करें साथ ही मेरा बूथ सबसे मजबूत' के मूल मंत्र के साथ कार्यकर्ताओं को काम करने का आग्रह किया। जिला अध्यक्ष हीरा लाल ने आगामी पार्टी के कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी और बाबा साहेब को याद करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

इस कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री राजेन्द्र भुट्टो, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष खयाली राम शास्त्री, जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा नीलम परमार, मंडल महामंत्री पवन ठाकुर, संदीप जसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष विनीत ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## करसोग में अवैध विरोजा टैपिंग मामले में तीन आरोपी बरी

**करसोग।** उपमंडल करसोग के जेएमएफसी राहुल ने शनिवार को 38 टिन अवैध विरोजा के टैंपिंग मामले में



फैसला सुनाते हुए बेगो गांव निवासी रमेश, भगत राम पुत्र खिणू राम, सोलन निवासी हेमराज वर्मा को बरी कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता पीयूष शर्मा के अनुसार वर्ष 2017 को वन विभाग करसोग को एक सूचना मिली थी कि चाबर जंगल में चील के पौधे से 38 टिन अवैध बिरोजा टैपिंग करके निकाले गए थे। वन विभाग करसोग ने जब मौके पर टीम सहित छापामारी की तो 38 टिन अवैध बिरोजा बरामद की थी। विभाग ने इस आरोप में रमेश कुमार निवासी बैगो डाकघर चौकीधार, भगत राम गांव बैगो डाकघर चौकीदार तहसील करसोग व एक अन्य व्यक्ति हेमराज वर्मा निवासी जनेड धाट जिला सोलन को गिरफ्तार कर इस संबंध में वन अधिनियम की धारा 32,33(1) ए के तहत केस दर्ज किया था। यह मामला सुनवाई के लिए न्यायिक दंडाधिकारी करसोग की अदालत में लंबित था। शनिवार को दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने तीनों आरोपियों को बरी कर दिया।

## सामान्य वर्ग कल्याण समिति की बैठक 22 अप्रैल को

**मंडी।** सामान्य वर्ग कल्याण समिति की बैठक 22 अप्रैल को 11:30 बजे होगी। यह जानकारी समिति के प्रदेशाध्यक्ष शक्ति चंद चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि इंदिरा मार्केट के पास यह बैठक जिलाध्यक्ष जगदीश गुलेरिया एवं सीता देवी की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि महासचिव सीताराम वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। इस बैठक में विधानसभा क्षेत्र सराज, करसोग, जोगिंदर नगर व धर्मपुर में त्रैवार्षिक चुनाव कराने पर चर्चा की जाएगी।

## टांकरी लिपि पर कार्यशाला 22 से 30 अप्रैल तक होगी

**सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ खुशवंत सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में 22 से 30 अप्रैल तक जिला भाषा विभाग, मंडी की ओर से टांकरी लिपि पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक स्थानीय लोग भी इस कार्यशाला में भाग लेकर दुर्लभ लिपि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. विनय पंडित को दी विदाई



**मंडी।** सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉक्टर विनय पंडित को आज प्रो वाइस चांसलर अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में एसपीयू परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। अब वह लोरेन्ट् इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी कांगड़ा में प्रोफेसर के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे।

## दो चरणों में बंद रहेगा फोरलेन

**मंडी।** चंडीगढ़-मनाली फोरलेन के निर्माण कार्य के चलते बिंद्राबनी से पंडोह स्थित ट्रांजिट कैंप तक सभी वाहनों के आवागमन के लिए एनएच-21 सोमवार से शुक्रवार तक दो चरणों में बंद रहेगा। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि प्रथम चरण सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक और द्वितीय चरण में दोपहर बाद 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बंद रहेगा।

# एबीवीपी ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी इकाई द्वारा प्रति कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें छात्रों की विभिन्न मांगों को प्रति कुलपति के समक्ष रखा गया। पिछले 3 दिनों से विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय के बाहर सुझाव पट्टिका लगाई थी जिसमें छात्रों ने अपनी मांगों को लिखा। छात्रों की उन्हीं मांगों को विद्यार्थी परिषद ने आज विवि प्रशासन के समक्ष उठाया।

छात्रों की मुख्य मांग विवि के पुस्तकालय के समय को सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक खोले जाने को लेकर थी। विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन में यूजी के रिजल्ट एवं परीक्षाओं में आ रही अनियमितता को ध्यान में रखते हुए परीक्षा विभाग में स्टाफ को बढ़ाने की मांग करी और जल्द से जल्द एसपीयू पीजी प्रवेश परीक्षा को करवाने हेतु जैसे अन्य कई मुद्दे उठाए, जिसमें प्रति कुलपति ने छात्रों को आश्वासन दिलाया कि मुख्यत: जिन भी मांगों विवि प्रशासन पूरा करने में समर्थ है उन्हें जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि परीक्षा से संबंधित अधिकतम समस्याएं स्टाफ की कमी एवं विवि में फाइनेंस काउंसिल व अकादमिक काउंसिल के ना होने के कारण हैं। विद्यार्थी परिषद ने खेलों के महत्व को समझते हुए प्रशासन से विवि में खेल विभाग खोलने हेतु भी मांग रखी।

**मुद्दा** — गांव में न बावड़ी है, न ही पुराने जलस्त्रोत और न ही हैंडपंप, लोग पूरी तरह से नलों पर निर्भर

# जाजर कुकैण के 50 अनुसूचित परिवार पेयजल से वंचित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत चौक देवब्राडता के गांव जाजर कुकैण के 50 अनुसूचित जाति के परिवार जल जीवन मिशन योजना के तहत चल रही हर घर नल, हर घर जल योजना से वंचित रह गए है।

ग्रामीणों में रामनाथ, रणजीत सिंह, राजपाल, धनीराम, वक्सी राम, रतन चंद, जगदीश चंद, कश्मीर सिंह, राकेश कुमार, गुरदेव, कमलेश कुमार आदि ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई जल जीवन योजना के अंतर्गत हर घर नल, हर घर जल, योजना 2023 में सम्पन हो चुकी है



गांव जाजर कुकैण में पानी की सप्लाई से वंचित टैंक।

लेकिन जाजर कुकैण के 50 अनुसूचित जाति के परिवार अभी भी इस योजना से वंचित रह गए है। हालांकि दो वर्ष पुर्व टैंक बन गया है।

वहां तक पानी की पाईपे भी डाल दी गई है। टैंक से आगे अनुसूचित बस्ती जाजर कुकैण गांव के लिए न पाईपे डाली गई है न ही अभी तक सप्लाई दी गई है, जिसकी वजह से अभी भी जाजर कुकैण के लोग जल जीवन मिशन योजना से वंचित रह गए है ग्रामीणों ने बताया कि कई वार जल शक्ति विभाग को अवगत करा चूके है लेकिन कोई समाधान नही हो पाया है उन्होंने बताया कि पचास साल पहले बिछाई गई लाईन उस समय ठीक थी लेकिन समय के साथ आवादी भी बढ़ गई है अब गांव में पांच की जगह पचास परिवार बन गए है जिससे पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। इस गांव न बावड़ी है न ही पुराने जलस्त्रोत है न ही हैंडपंप है। लोग पूरी तरह नलों पर ही निर्भर है।

विभाग द्वारा गांव वासियों को जानबुझ कर तंग किया जा रहा है।

> **मामला मेरी जानकारी में नहीं : देशराज**
>
> उधर जल शक्ति विभाग के ई. देशराज ने बताया कि मैंने हाल ही ज्वाईन किया है और मामला मेरी जानकारी में नहीं है, लेकिन ऐसी कोई समस्या है तो जरूर समाधान किया जाएगा।

# सस्ते में निपटा दिए सुंदरनगर नलवाड़ मेले के स्थानीय कलाकार, मानदेय 50%घटाया

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

- बाहर से आए स्टार कलाकारों को प्रशासन ने लाखों रुपए दिए
- स्वर परीक्षा पास करने वाले कलाकारों को भी सस्ते में निपटाया

मंडी जिला के उपमंडल सुंदरनगर में आयोजित राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला में इस बार स्थानीय कलाकारों के साथ तोल-मोल का भाव किया गया। जहां बाहर से आए स्टार कलाकारों को प्रशासन द्वारा लाखों रुपए दिए गए। वहीं, इस बार स्थानीय कलाकारों को बहुत ही सस्ते में निपटा दिया।

स्थानीय कलाकार दिनेश कुमार, विवेक मौर्य, सुरेश सोहल, शिवम राणा, रजनी ठाकुर, गौरव धीराज ने बताया कि इस बार प्रशासन द्वारा स्थानीय कलाकारों के साथ सौतेला व्यवहार करके मानदेय तो 50 प्रतिशत कम कर दिया है।

कलाकारों का कहना है कि पहले स्वर परीक्षा पास करने के लिए भी पूरा दिन जाता है और जिस दिन प्रस्तुति होती है उस दिन भी आधा दिन चला जाता है। दो दिन इस कार्य में जाते हैं और उसके बाद भी प्रशासन द्वारा कलाकारों को सस्ते में निपटा दिया जाता है, जिससे स्थानीय कलाकार खुद को ठगा हुआ महसूस करता है।

विवेक मौर्य का कहना है कि ऐसा पहली बार हुआ है कि कलाकारों को बहुत कम मानदेय दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर बाहर के कलाकारों को ज्यादा मानदेय दिया जाता है तो स्थानीय कलाकार को प्रशासन द्वारा इतना मानदेय तो देना चाहिए जिसमें कलाकार निराश न हो।

वहीं, इस बारे में जब एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा के साथ बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस बार कमेटी ने जो मानदेय तय किया वहीं कलाकारों को दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बैठक में नशे को लेकर जताई चिंता

**गोंदपुर बनेहड़ा।** दौलतपुर चौक में प्रेस क्लब की बैठक का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष राकेश कुमार ने की। बैठक में युवा वर्ग में फैल रहे नशे की लत को लेकर चिंता जताई गई। बैठक में प्रेस क्लब द्वारा दौलतपुर चौक नगरपंचायत अध्यक्ष धर्मजीत सिंह को शामिल करके नशे से समाज को बचाने के लिए आमजनमानस में जागरूकता बढ़ाने के लिए मिलजुलकर योगदान देने का निर्णय लिया। इस दौरान क्लब सदस्य सुखविंद्र सिंह, गुरुदेव कुमार, अंकुश कौशल जेई , भूपेंद्र डडवाल, संदीप शर्मा, बिंदी ठाकुर, निशांत शर्मा , राजेन्द्र पंडित विशेष रूप से सहयोगी रहे ।

### लोगों को आग से बचाव के दिए गुर

**अंब।** अग्निशमन केंद्र अंब द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अग्निशमन केंद्र अंब के फायर कर्मचारियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूलों, पेट्रोल पंपों, फैक्टरी व झुग्गी झोंपडियों में रहने वाले प्रवासी लोगों को आग के बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। फायर इंचार्ज राकेश कुमार ने सभी से अपील की है कि कूड़ा-कर्कट घरों के नजदीक न जलाएं, अगर जलाना है तो जलाने के बाद उसको पानी से बुझा दें। जंगलों को आग से सुरक्षित रखें। अपने घरों में पानी को स्टोर करके रखें ताकि विपदा में यह काम आए। अग्निकांड होने पर अग्निशमन चौकी अंब के दूरभाष नंबर 01976-262101 पर सूचना दें।

### बागियों ने जनता का खोया विश्वास : विवेक

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र में डेढ़ वर्ष पूर्व कुटलैहड़ की जनता ने जिन्हे भरपूर आशीर्वाद से जिताकर विधानसभा भेजा और 14 माह में मुख्यमंत्री सुक्खू के आशीर्वाद से कुटलैहड़ के बहुचर्चित लठियानी मंदली पुल के लिए 922 करोड़, गोबिंद सागर झील के बोटर सपोर्ट के लिए दस करोड़ और राज्य में आपदा आने पर कुटलैहड़ की जनता को सात करोड़ स्वीकृत किए हैं, लेकिन फिर भी सरकार से बागी होकर कुटलैहड़ के पूर्व विधायक ने कुटलैहड़ की जनता का विश्वास खोया है और अब कुटलैहड़ की जनता पूर्व विधायक के साथ पूरा हिसाब करने के लिए उत्सुक है। बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार स्थिर है और पूरे पांच वर्ष चलेगी।

### बसदेहड़ा में मतदान जागरूकता शिविर

**मैहतपुर।** शनिवार को सरकारी आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसदेहड़ा के इलैक्ट्रोल लिटरेसी क्लब द्वारा एक कार्यक्रम के तहत होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों द्वारा मतदान करने के लिए एकदिवसीय मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन स्कूल परिसर में किया गया। इसमें क्लब की नोडल अधिकारी सरिता शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि जिन विद्यार्थियों की जन्म तिथि 1 अप्रैल 2006 तक है, वे अपना वोट समय पर बनवा लें , ताकि वे मतदान कर सकें। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य कामना वैध, बीएलओ अजय शास्त्री, नीलम धीमान, प्रोमिला देवी व अन्य मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा खोलती है मोक्ष के द्वार : आचार्य



कलश यात्रा में शामिल कथा व्यास और अन्य।

**बंगाणा।** सोहरी के गांव घराना में मैहता परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इसमें उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा अमृत वर्षा कर रहे हैं। वीरवार देर शाम कलश यात्रा निकाली गई और शनिवार को कथा व्यास डॉ. सुमन शर्मा ने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करवाया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को सुनने मात्र से हमारे पापों का नाश हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को मन के भाव से सुनना चाहिए। ताकि कथा का एक एक शब्द मनुष्य की जीवन की तस्वीर को बदल दें।

### छात्रों ने सीखे आग व आपदा से लड़ने के गुर



कलश यात्रा में शामिल कथा व्यास और अन्य।

**ऊना।** राजकीय वरिष्ठ विद्यालय चलोला के स्कूली छात्रों ने आग व आपदा से लड़ने के गुर सीखे। जागरूकता अभियान की मुहिम में शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चलोला के स्टुडेंट्स ने आग के बारे मे विस्तार से जानकारी हासिल की । मॉक ड्रिल में होमगार्ड्स विभाग के कम्पनी कमांडर अवतार सिंह ने आग के प्रकार व प्रयोग होने वाले अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करने के तरीके बताए । घायलों के एक स्थान से सुरक्षित स्थान पर ले जाने का प्रैक्टिकल करवाया गया । बताया गया की आग की घटना घटित होने पर टोल फ्री नंबर 101 डायल करें।ओर अग्निशमन विभाग की सेवाए लें। इस दौरान ये भी बताया कि आग आपदा के समय अपना बचाव करते हुए अन्य लोगों की अनमोल जानों को बचाने का जिम्मा हम सभी का होता है। ऐसी स्थिति में हमें अपनी आत्मरक्षा करने व जान माल को बचाने का हूनर होना सबके लिए जरूरी है। अवतार सिंह ने आग के वर्गीकरण के अनुसार आग को बुझाने के तरीके विस्तार से बताएं ।प्रेक्टिकल करके दिखाए गए। उन्होंने स्टूडेंट्स से आग के प्रति जागरूकता को जन जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसीपल अश्वनी कुमार, स्टाफ स्टूडेंट्स भी उपस्थित रहे।

# गगरेट में तूफान ने मचाया कोहराम

## कई जगहों पर गिरे पेड़, गगरेट-ऊना सड़क मार्ग यातायात के लिए हुआ अवरुद्ध

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट में बारिश के साथ आए तेज तूफान ने ऐसा कोहराम मचाया कि गगन की ओर सिर उठाए खड़े कई पेड़ धराशायी हो गए। गगरेट-ऊना सड़क मार्ग पर कुठेड़ा-जसवालां में आम का एक विशालकाय पेड़ गिर जाने से जहां घर क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं सड़क से गुजर रही एक कार को अपनी चपेट में लेते-लेते बचा।

पेड़ गिर जाने से गगरेट-ऊना सड़क मार्ग यातायात के लिए अवरुद्ध हो गया, तो औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में अवनी कास्टटेक उद्योग की दीवार गिर जाने से कामगार बाल-बाल बच गए। इस दुर्घटना में उद्योग की लाखों रुपए की मशीनरी का नुकसान हो गया। उधर, बिजली के कई खंभे क्षतिग्रस्त होने के साथ कई जगह पर बिजली की तारें टूट जाने से गगरेट क्षेत्र के ज्यादातर इलाके में ब्लैकआउट रहा।

शुक्रवार बाद दोपहर बारिश के साथ आए तेज तूफान ने पकने के कगार पर खड़ी गेहूं की फसल पर भी कहर बरपाया। खेतों में ही गेहूं की फसल के बिछौने बिछ गए। इससे किसानों की आस पर भी बुरी तरह से पानी फेर कर रख दिया। तेज तूफान से औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में स्थित अवनी कास्ट उद्योग की दीवार गिर गई।



तूफान के कारण एक उद्योग को हुआ नुकसान।

गनीमत यह रही कि उद्योग में कार्यरत कोई भी कामगार हताहत नहीं हुआ। अलबत्ता उद्योग में लगी लाखों रुपए की मशीनरी को जरूर नुकसान हुआ है। उधर, कुठेड़ा जसवालां गांव में सड़क किनारे खड़ा एक विशालकाय आम का पेड़ एक मकान पर गिर जाने से मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया।

मकान मालिक का आरोप है कि वह पिछले कई दिनों से इस आम के पेड़ को काटने की गुहार प्रशासन से लगा रहे थे। अगर समय पर आम का पेड़ काट लिया जाता तो इस नुकसान को टाला जा सकता था। दरअसल प्रशासन से आम के पेड़ को काटने की अनुमति मिल गई थी, लेकिन इस सड़क मार्ग पर दुर्घटना का कारण बन रहे पेड़ों की लापिंग करने का मामला एक अति उत्साहित व्यक्ति ने इतना उछाला कि बेशक बाद में यह मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में भी निरस्त हो गया, लेकिन अब कोई भी विभाग जर्जर पेड़ों को भी हटाने से हाथ पीछे खींच रहा है।

उधर, तूफान के चलते कई बिजली के खंबे क्षतिग्रस्त हो गए, तो कई स्थानों पर बिजली की तारें टूट गई। हालांकि, बिजली बोर्ड के कर्मचारी बिजली को री-स्टोर करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अभी तक मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो पाया था। एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि राजस्व विभाग के अधिकारियों को तूफान से हुए नुकसान का जायजा लेने का कहा गया है। फिलहाल तूफान से कोई जानी नुकसान होने की सूचना नहीं है।

# हमीरपुर की टीम मजबूत स्थिति में, पहली पारी में बनाई बढ़त

## अक्षत की शानदार गेंदबाजी से सोलन 103 रन पर ढेर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्थानीय इंदिरा स्टेडियम ऊना में अंडर 16 का क्वार्टरफाइनल मुकाबला हमीरपुर और सोलन के बीच में आरंभ हुआ। इसमें सोलन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 103 रन बनाए। हमीरपुर की टीम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में बढ़त प्राप्त कर ली।

हमीरपुर की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 259 रन बनाए। नितांश शर्मा ने 47 रन, दिव्यांश शर्मा ने 18 रन, शौर्य जमाल ने 34 रन, अक्षत शर्मा ने 20 रन बनाए।

किशन कुमार ने 58 रन नाबाद, ओम महादेव ने 12 रन बनाए। सोलन के शौर्य ठाकुर ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, अशराज चौहान ने 4 खिलाड़ी को आउट किया, जबकि 2 खिलाड़ी रन आउट हुए। वहीं, आर्यन यादव ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

## प्रिंस ठाकुर की शानदार गेंदबाजी से बिलासपुर ने बनाई पहली पारी में बढ़त

**ऊना।** पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ ऊना में बिलासपुर और कांगड़ा के बीच में तीन दिवसीय मैच आरंभ हुआ था, जिसमें बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट पर 252 रन बनाए थे। इसके जवाब में कांगड़ा की टीम 10 विकेट पर 193 रन बनाए, कांगड़ा ने अपनी पहली पारी में 59 रन की बढ़त प्राप्त की। अर्जुन पठानिया ने 80 रन बनाए, संचित सरोच ने 24 रन और आस्तिक भारद्वाज ने 45 रन बनाए। बाकी सभी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। प्रिंस ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 खिलाड़ियों को आउट किया, करण ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। सक्षम और प्रिंस ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। बिलासपुर की टीम ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 15 रन बनाए, वार्तिक धीमान दो खिलाड़ियों को आउट किया।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मतदान बहुत जरूरी : सुभाष अत्री



स्वीप के तहत जागरूकता अभियान में शामिल पंचायतों के प्रतिनिधि।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

मतदाता सहभागिता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के मकसद से विकास खंड बंगाणा के स्वयं सहायता समूह (एचएचजी) की महिलाएं भी मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने में जुटी हैं।

इसी कड़ी में शनिवार को बंगाणा की लठियानी और दोबड़ पंचायतों में स्वीप गतिविधियां आयोजित करके लोगों को स्वयं सहायता समूहों ने रंगोली बनाकर जागरूकता संदेश दिया। वहीं, दूसरी और विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्री ने जानकारी दी कि 1 अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष या इससे आयु पूर्ण कर चुके सभी मतदाता अपना वोट अवश्य बनवाएं, ताकि विकास खंड में एक भी पात्र मतदाता नाम दर्ज कराने से न छूटे।

वोट की ताकत से लोकतंत्र मजबूत होता है तथा सभी मतदाताओं की सहभागिता आवश्यक है। सभी नागरिक अपने वोट के महत्व को समझें और अपने मत का प्रयोग करें। इसके अतिरिक्त सुभाष अत्री ने यह भी बताया कि 85 से अधिक बुजुर्ग व्यक्तियां व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों को घर से वोट डालने के लिए फॉर्म 12डी की सुविधा उपलब्ध है।

पोलिंग स्टेशन पर भी इन व्यक्तियों के लिए रैंप, व्हीलचेयर व वॉलंटियर्स की विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी। दोनों पंचायतों के प्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूहों के साथ मिलकर लोगों को जागरूक किया।

## वीपीएस में क्ले मॉडलिंग और कोलॉज मेकिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

# कोलॉज मेंकिग में कक्षा तीसरी से यशिका प्रथम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों ने 'क्ले मॉडलिंग', कक्षा तीसरी और चौथी के बच्चों ने 'कोलाज मेकिंग' तथा कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के बच्चों ने 'बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट' प्रतियोगिता में भाग लिया। 'क्ले मॉडलिंग' प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप में कक्षा प्रथम से विधि प्रथम, विवान व अलीशा द्वितीय तथा करणवीर व रियांश सहजपाल तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा दूसरी से आयुष व दिवांशी वशिष्ट प्रथम, नवराज, रिद्धि व कृषिका खन्ना द्वितीय तथा कनिष्क ठाकुर, अभिनव दत्त व परीक्षित तृतीय स्थान पर रहे। 'कोलॉज मेकिंग' प्रतियोगिता में एप्पल ग्रुप में से कक्षा तीसरी से यशिका प्रथम, धवनप्रीत व यक्ष बस्सी द्वितीय तथा कायरा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से मुकुंद भारद्वाज प्रथम, आरवी शर्मा व रूहानी कौशल द्वितीय तथा आयुष सिंह व श्रेष्ठ तृतीय स्थान पर रहे। 'बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट' प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से अनाया चब्बा व आशना प्रथम, अश्मित द्वितीय तथा गौरांगी व लक्ष तृतीय स्थान पर रहे।



प्रतिभागी छात्र स्कूल प्रबंधक और अध्यापकों के साथ।

मैंगो ग्रुप से सुहाना प्रथम, मन्नत शर्मा द्वितीय तथा अंशिका धीमान व कनिष्का तृतीय स्थान पर रहे। मैलन ग्रुप से शीतल प्रथम,पीयूष व इशिका द्वितीय तथा नीतू राणा तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने विजेता रहे छात्रों को बधाई दी और उनके द्वारा बनाई गई कृतियों की प्रशंसा की। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा उभर कर सामने आती है।

# कांग्रेस का न कोई विजन न कोई नीति : देवेंद्र भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ की देव तुल्य जनता को 44 वर्ष पूर्व ज्ञात हो गया था कि कुटलैहड़ में कौन नेता गद्दार है और कौन ईमानदार, तभी बार-बार कुटलैहड़ की जनता के नकारने के बाद एक मौका और मांग रहे हैं। हमें राजनीति में अभद्र भाषा नहीं आती है, लेकिन अगर उक्त नेता बार-बार गंदी और अभद्र भाषा का प्रयोग करने से बाज नहीं आए तो फिर अपनी हकीकत सुनने के लिए तैयार रहें। ये शब्द कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ जन संपर्क अभियान में कहे।

भुट्टो ने कहा कि जब कुटलैहड़ की जनता ने हमें विधायक चुन लिया था, तो हमारा दायित्व था कि हम कुटलैहड़ की जनता की समस्याओं का समाधान करवाते, लेकिन 14 माह के कार्यकाल में उक्त नेताओ द्वारा मुख्यमंत्री के कानों में हमारे खिलाफ जहर भरा गया और हमारे हर कार्य को रोका गया और हमने इसलिए ही कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहा है। देवेंद्र ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच इतनी गिर चुकी है कि आज जिस भी बड़े नेता को कांग्रेस पार्टी कोई दायित्व दे रही है, वही नेता कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हो रहा है और ऐसा ही हिमाचल कांग्रेस के सह प्रभारी ने भी किया है।



भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो कुटलैहड़ में एक जनसभा के दौरान।

उन्होंने कहा कि देश हो या फिर प्रदेश, कांग्रेस पार्टी का कहीं कोई बजूद नहीं है और न ही कोई बिजन और न ही कोई नीति है। आज देश से कांग्रेस पार्टी लुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर कुछ नेता चाटुकार बने हैं और वही कांग्रेस को देश से लुप्त करने में लगे हुए है। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में 1996 से लगातार हमारा जनता से सीधा नाता बना हुआ है और हमारी कार्यशैली को जनता भली प्रकार से जानती है। हमें कुटलैहड़ की जनता को जो स्पष्टीकरण देना था, हमने दे दिया है। आज पूरा देश राममय और मोदीमय हो चुका है और श्रीराम मंदिर निर्माण और प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर कांग्रेस पार्टी का बड़े धार्मिक कार्यक्रम में न जाना और हर कांग्रेस नेताओं को रोकना, अब कांग्रेस के लिए गले को फांस बन चुका है और जो पार्टी प्रभु श्री राम जी को काल्पनिक कह कर माननीय कोर्ट में हलफनामा दायर करती रही थी। आज उस कांग्रेस पार्टी को प्रभु श्री राम जी ही लुप्त होने का आशीर्वाद दे रहे हैं।

कुटलैहड़ विकास के जन नायक के रूप में पहचान बनाने वाले पूर्व सांसद और विधायक स्व. ठाकुर रंजीत सिंह अगर 1977 में राज्य के मुख्यमंत्री बने होते तो आज कुटलैहड़ विस क्षेत्र देश में विकास के मॉडल पर उभरा होता, लेकिन किस की बदौलत कुटलैहड़ से सीएम पद को खोया है। जरा यह नेता इसे भी जनता में सार्वजनिक करें। देश में मोदी लगातार तीसरी बार भारत सरकार का मिशन 400 पार से नेतृत्व करने जा रहे हैं। और हिमाचल में भाजपा सरकार चार जून को बनना भी तय है।

# स्वीप के जरिए दिया मतदान प्रतिशतता बढ़ाने पर जोर



स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान में स्कूली विद्यार्थी व गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव में मतदाता सहभागिता बढ़ाने और मत प्रतिशतता में बढ़ोतरी के मकसद से सभी सरकारी/निजी स्कूलों में नए वोटर्स को अपना वोट बनाने तथा लोगों को उनके वोटिंग अधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूक रैली निकाली जिसमें स्थानीय वासियों को मतदान के प्रति जागरूकता संदेश दिया।

इसके अलावा लोकसभा के इस चुनावी महाकुंभ में सभी से अपने मताधिकार का सोच समझकर प्रयोग करके अपने देश के निर्माण में अहम भूमिका निर्वहन करने का जागरूकता संदेश दिया। स्वीप कार्यक्रमों के तहत बीटन पाठशाला व पंचायत पोलियां बीत में प्रथम आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच के कलाकारों ने नुक्कड़-नाटक और गीत-संगीत के जरिए बच्चों व स्थानीय वासियों को 'युवा हो तुम, देश की शान, जागो, उठो, करो मतदान' तथा 'परिवार सहित मतदान को जाना, देश को तुम्हें है श्रेष्ठ बनाना' जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को मतदाता जागरूकता संदेश दिया। इसके अलावा शिवबाड़ी गगरेट में भी आंगनबाड़ी वर्करों के जरिए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक व प्रेरित किया गया।

**तैयारी** — विस क्षेत्रों में 25 अप्रैल से शुरू होगी रिहर्सल, 23 मई को अंतिम रिहर्सल

# चुनावी कर्मियों की प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी रूम में मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने रेंडमाइजेशन की अध्यक्षता करते हुए जानकारी दी कि चुनाव को लेकर तैनात मतदान कर्मियों की दूसरी रेंडमाइजेशन 16 मई को होगी।

उन्होंने बताया कि जिला के कुल 516 मतदान केंद्रों में नियुक्त किए पीआरओ, एपीआरओ और पीओ के लिए 3112 मतदान कर्मियों के डाटा की पहली रेंडमाइजेशन में फीड डाटा के अनुसार डीआईएसई नेक्सट जेन सॉफ्टवेयर पर मिलान व शॉर्टलिस्ट करके उसे लॉक कर दिया है। इस संबंध में मतदान कर्मियों की चुनावी डयूटी को लेकर होनी वाली रिहर्सलों के लिए आदेश जारी कर दिए जाएंगे। इसके उपरांत सभी विभागाध्यक्ष उनके नियंत्रण में कार्य कर रहे कर्मियों को उनके चुनाव ड्यूटी आर्डर जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने तथा सभी कर्मियों को आदेशानुसार अपने चुनाव ड्यूटी आदेश प्राप्त करने के निर्देश देंगे।



ऊना में उपायुक्त जतिन लाल अन्य चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

चुनावी कर्मियों के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में तैनान पीआरओ, एपीआरओ व पीओ के लिए प्रथम व द्वितीय रिहर्सल शेडयूल जारी कर दिया गया है। चिंतपूर्णी (अज)-41 में पीआरओ व एपीआरओ के लिए पहली रिहर्सल 25 अप्रैल और द्वितीय रिहर्सल 22 मई को महराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में होगी। इसके अलावा पोलिंग ऑफिसर के लिए 23 और 26 अप्रैल को आयोजित होगी। गगरेट-42 निर्वाचन क्षेत्र में तैनात पीआरओ/एपीआरओ के लिए पहला पूर्वाभ्यास 27 अप्रैल और द्वितीय पूर्वाभ्यास 22 मई को तथा पीओ के लिए पहली रिहर्सल 28 अप्रैल और द्वितीय 23 मई को डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय पोलिटेक्निक कॉलेज अंबोटा में आयोजित होगी।

43-हरोली में तैनात मतदान कर्मियों के लिए पहली रिहर्सल स्किल डेवलपमेंट सेंटर पालकवाह में 26 अप्रैल और द्वितीय 22 मई को आरंभ होगी। इसके अलावा पीओ के लिए 27 अप्रैल और 23 मई को आयोजित होगी ।ऊना-44 में चुनावी डयूटी में तैनात एपीआरओ/पीआरओ के लिए राजकीय महाविद्यालय ऊना में पहला पूर्वाभ्यास 25 अप्रैल और दूसरा पूर्वाभ्यास 22 मई को शुरू होगा। इसके अतिरिक्त पीओ के लिए 26 अप्रैल और 23 मई को शुरू होगी।

कुटलैहड़-45 निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त चुनावी कर्मियों के लिए एबीवीपी राजकीय महाद्यिालय बंगाणा में पहली रिहर्सल 27 अप्रैल और दूसरी 22 मई को तथा पीओ के लिए 28 अप्रैल व 23 मई को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन अधिकारियों/ कर्मचारियों के नाम 42-गगरेट अथवा 45-कुटलैहड़ निर्वाचन क्षेत्र में दर्ज हैं, उन्हें केवल पोस्टल बैलेट के माध्यम से ही अपना मत देना होगा। पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले सभी कर्मचारी अपना बैलेट द्वितीय पूर्वाभ्यास के दिन या बाद में पूर्वाभ्यास वाले दिनों में पूर्वाभ्यास स्थल पर लगाए गए फेसिलिटेशन सेंटर पर ही डाल सकेंगे।

निर्वाचन डयूटी पर तैनात पुलिस व अन्य कर्मचारी संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में बनाए गए फेसिलिटेशन सेंटर में अपना पोस्टल बैलेट द्वारा अपना वोट डाल सकते हैं। इस बार किसी भी कर्मचारी को पोस्टल बैलेट डाक द्वारा प्रेषित नहीं जाएगा। चुनावी डयूटी में तैनात मतदान कर्मियों के आदेश संबंधित विभागीय अध्यक्षों को सहायक रिटर्निंग अधिकारी के माध्यम से जारी किए जाएंगे। इस मौके पर एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर, डीआईओ संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कुटलैहड़ में एक ही परिवार पर बार-बार ट्रायल करना समझ से परे : गौतम

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र में मुझे 2003 में युवा कांग्रेस के नाते टिकट देने के लिए कहा, लेकिन बाद में टिकट किसी और को दे दिया। इसके बाद हर बार यानी 2007,12,17, 22 में हमें केवल आश्वासन ही मिला। मैं बीते 24 वर्षों से लगातार पार्टी की सेवा में समर्पित रहा हूं और कुटलैहड़ में कांग्रेस की मजबूती के लिए काम किया है, लेकिन कांग्रेस हाईकमान बार बार एक ही परिवार पर ट्रायल करके कुटलैहड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल को तोड़ रही है।



ये शब्द कुटलैहड़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तरी भारत के पूर्व खादी ग्रामोद्योग के चेयरमैन देसराज गौतम ने बंगाणा में मीडिया से कहे। गौतम ने कहा कि जब एक परिवार को जनता नकार दे, तो बार बार उस परिवार पर ट्रायल हाईकमान को नहीं करना चाहिए।

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी घनारी, तहसील घनारी, जिला ऊना ( हि.प्र. )**

**विवाह पंजीकरण घनारी**

**श्री दिग विजय सिंह पुत्र श्री रविंदर कुमार निवासी गांव व डा. डंगोह खास, तहसील घनारी, जिला ऊना ( हि.प्र. )।**
श्रीमति शिल्पा परमार पुत्री श्री जसपाल सिंह निवासी गांव अलेडा डॉ. धर्मपुर, तहसील मुकेरियां, जिला होशियारपुर, पंजाब।

....प्रार्थीगण

**बनाम आम जनता**

**विषय:- प्रार्थना पत्र अधीन धारा 8( 4 ) विवाह पंजीकरण अधिनियम, 1996**

**अखबारी ईश्तहार/मुश्त्री मुनादी बनाम आम जनता**

उपरोक्त प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश किया है कि उनकी शादी दिनांक 08/03/2023 को मुताबिक हिंदू रीति रिवाज हुई थी परंतु अज्ञानतावश शादी का पंजीकरण संबंधित नगर पंचायत के अभिलेख में नहीं करवा सके। प्रार्थीगण ने अपनी शादी की पुष्टि बारे शपथ पत्र व दोनों के आधार कार्ड व संबंधित प्रधान/सचिव ग्राम/नगर पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र, प्रार्थना पत्र के साथ दायर किए हैं। रिपोर्ट संबंधित स्थानीय पंजीकार विवाह पंजीकरण/सचिव ग्राम पंचायत/सचिव नगर पंचायत के अनुसार उक्त शादी संबंधित ग्राम/नगर पंचायत में दर्ज न है। अब प्रार्थीगण अपनी शादी पंजीकृत करवाना चाहते हैं। अत: आम जनता को इस ईश्तहार/मुश्तरी मुनादी द्वारा सूचित किया जाता हे कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त शादी दर्ज करने बारे कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 21.05.2024 को दोपहर 02.00 बजे या इससे पूर्व असालतन या वकालतन हाजर अदालत होकर पेश करें। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही करके नियमानुसार संबंधित ग्राम/नगर पंचायत को शादी दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 18.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी घनारी, जिला ऊना ( हि.प्र. )**

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा**

मिसल नं. 1015/तह./2024 ( आरएमएस )
ता.दा. 22.03.2024 तारीख पेशी: 20.05.2024

**अनुमान मुकद्दमा**

1. श्रीमति कल्पना कुमारी पुत्री श्री वृज लाल पत्नी श्री प्रदीप कुमार, निवासी वार्ड नं. 5 गांव व डाकघर पधर, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा।

....प्रार्थी पक्ष

आम जनता वनाम प्रत्यार्थी पक्ष

**विषय:- प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13( 3 ) के अंतर्गत जन्म तिथि 15.04.1979 को ग्राम पंचायत मुन्दला के रिकार्ड में दर्ज करने बारे।**

**अखबारी ईश्तहार :-** प्रार्थीया श्रीमति कल्पना कुमारी पुत्री श्री वृज लाल पत्नी श्री प्रदीप कुमार, निवासी पार्ड नं.5 गांव व डाकघर पधर, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा ने जन्म तिथि पंजीकरण बारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 15.04.1979 को ग्राम पंचायत मुन्दला में हुआ। परंतु किसी कारण संबंधित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज न करवा सके। दर्ज करने का आग्रह किया है। अत: इस अदालती अखबारी ईश्तहार कोर्ट नोटिस द्वारा आम जनता व सगे संबंधितयों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को भी इस जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 20.05.2024 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्म तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 20.04.24 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )**

आराम सत्य की कोई परीक्षा नहीं है। सच्चाई अक्सर सहज होने से बहुत दूर होती है।
–स्वामी विवेकानंद



संपादकीय

# यह जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने का समय

कुछ दिन पूर्व भारतीय रिजर्व बैंक के एक पूर्व गवर्नर ने भारत को जनसांख्यिकीय लाभांश (डेमोग्रेफिक डिविडेंड) का लाभ उठाने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा था कि हम इस समय जनसांख्यिकीय लाभांश के बीच में हैं, लेकिन समस्या यह है कि हम इसका लाभ नहीं उठा रहे हैं। भारत आज दुनिया का सबसे आबादी वाला मुल्क है। इतनी ज्यादा आबादी होने के बावजूद भारत के लिए अच्छी बात यह है कि इसकी 62 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या की आयु 15 से 59 वर्ष के बीच है तथा जनसंख्या की औसत आयु 30 वर्ष से कम है। इसका मतलब यह है कि भारत अपने युवाओं की क्षमताओं का दोहन कर देश की आर्थिक विकास की रफ्तार को तेज कर सकता है। भारत से पहले चीन और कोरिया ने ऐसा करके दिखाया है। जब ये दोनों देश जनसांख्यिकीय लाभांश के बीच थे, यानी जब यहां युवाओं की जनसंख्या अधिक थी, तो इन देशों ने अपनी युवा शक्ति का उचित और यही दिशा में उपयोग कर विकास की नई गाथाएं लिखीं और आज दुनिया के समृद्ध देशों में शुमार हैं।

अगर भारत भी अपनी युवा शक्ति का सही उपयोग करे तो यह भी दुनिया का समृद्ध देश बन सकता है। इसके लिए जरूरी है कि युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा देकर उन्हें रोजगार के अवसर मुहैया करवाए जाएं। अगर युवा इस उम्र में बेरोजगार रहेगा तो 45 या 50 वर्ष का होने के बाद उसे कोई रोजगार मिलेगा तो वह उस समय इतना ऊर्जावान नहीं होगा, जितना कि उम्र के इस दौर में है। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि भारत जैसे अत्यधिक जनसंख्या वाले देश में अगर युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा तो वे गलत रास्ते में पड़ जाएंगे और अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल गलत दिशा में करेंगे, जिससे देश में अपराध और अराजकता फैलेगी। यदि ऐसा हुआ तो यह देशहित में नहीं होगा। इतिहास गवाह है कि जिन देशों ने अपने संसाधनों और मानव पूंजी का सही उपयोग किया है, वे देश ही आज समृद्ध और खुशहाल देशों की श्रेणी में आते हैं। जो देश अपनी मानव पूंजी का सही उपयोग नहीं करते, वहां अपराध और अराजकता का माहौल बन जाता है। वहां के युवा देश की उन्नति की बजाय उसकी अवनति का कारण बन जाते हैं। आज हमारे देश के युवाओं को राजगार की जरूरत है, यही वजह है कि वे नौकरी की तलाश में युद्धग्रस्त देशों रूस और इसराइल में भी जाने को तैयार हैं। उनके लिए रोजगार जरूरी है, जान की सुरक्षा नहीं। एक तरफ बेरोजगार युवा नौकरी के लिए जोखिम वाले देशों में जा रहे हैं, तो दूसरी ओर भारतीय नवप्रवर्तक अब सिंगापुर या सिलिकॉन वैली का रुख कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां अंतिम बाजारों तक पहुंच बहुत आसान लगती है।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश पर किए एक अध्ययन में कहा गया है कि यहां जनसांख्यिकीय लाभांश वर्ष 2005-06 से वर्ष 2055-56 तक पांच दशकों के लिए उपलब्ध है। इसके बाद जनसंख्या की संरचना में बदलाव होना शुरू हो जाएगा। कमाने वाले लोगों की जनसंख्या कम और आश्रितों की आबादी बढ़ना शुरू हो जाएगी, जिससे भारत की विकास की गति धीरे-धीरे नीचे आना शुरू हो जाएगी। इसलिए भारत को वर्तमान में अपने यहां मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की बहुत जरूरत है, क्योंकि भारत का कल्याण उन्हीं पर टिका है। भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवाओं को रोजगार दिलाने में अपर्याप्त है। इसके लिए सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, शासन जैसे क्षेत्रों में सही नीतियां लागू करनी पड़ेंगी। युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा देनी पड़ेगी, उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देना पड़ेगा, ताकि शिक्षा पूरी करने के बाद उन्हें रोजगार के लिए भटकना न पड़े।

# 'ड्रीम-11' के मकड़जाल में फंसते आईपीएल के दर्शक

आईपीएल कमाई के लिहाज से ऐसा 'छप्परफाड़ धन वर्षा' वाला खेल हो गया है, जहां चारों ओर से पैसा बरसता है। वर्किंग क्रिकेटरों से लेकर पूर्व क्रिकेटर, इवेंट आयोजक, बीसीसीआई, टीवी चैनल्स, स्टेडिएम प्रबंधक और क्रिकेट से जुड़े स्टाफ और स्पोर्ट्स कंपनियां मालामाल हो रही हैं। इस खेल में पैसा कमाने का अब एक और नया अध्याय जुड़ गया है, जिसका नाम है- 'ड्रीम-11' क्विज, जो इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 17वें संस्करण में खूब चर्चा में है। युवाओं में आईपीएल देखने की दीवानगी से कहीं ज्यादा इस क्विज को खेलने में रुचि बढ़ी है। इसे मॉर्डन जमाने का जुआ भी कहें, तो शायद गलत नहीं होगा? इस क्विज को खेलने की युवाओं में ऐसी लत लग गई है, जिसमें वे लगातार वित्तीय जोखिम उठा रहे हैं। इसके चक्कर में लोग कर्जदार हो रहे हैं और पैसों के चलते आपसी रिश्ते भी बिगड़ रहे हैं।

कुछ दिन पहले की ही खबर है, जहां गाजीपुर जिले के दर्जनों स्कूली बच्चों ने ड्रीम-11 को खेलने के लिए अपने घरों से मोबाइल फोन चुराए और पैसे उसमें लुटा दिए। ऐसा ही एक मामला देहरादून से सामने आया, जहां ड्रीम-11 खेलने के चक्कर में पति-पत्नी के बीच जमकर मारपीट हो गई और मामला थाने तक पहुंच गया। ऐसे मामले देशभर से बहुत तेजी से सामने आ रहे हैं।

धंधे-मुनाफे की बात करें तो कोरोना काल-2020 में 181 करोड़ और 2021 में 329 करोड़ रुपए की कमाई हुई। 2022 में 141.86 करोड़ और 2023 में 188 करोड़ रुपए कंपनी ने इस चमत्कारी क्विज से कमाए। ये ऐसा लालची खेल है, जिसे अच्छे से पता है कि चुंगल में सबसे पहले कौन फंसेगा। मैच के दौरान यह ड्रीम-11 खेल युवाओं को 39 रुपए से लेकर 59 रुपए में करोड़पति बनने का दावा करता है। लालच में आकर युवा मैच देखने के बजाय खेल के नियामानुसार ऑनलाइन निर्धारित धन राशि देकर ड्रीम इलेवन में अपनी टीमें बनाते हैं। ये खेल कम उम्र के युवाओं के मस्तिष्क में घर कर गया है जिससे वे मानसिक बीमार भी बनते जा रहे हैं। खेल के चक्कर में देश के अनगिनत लोग कंगाल भी होते जा रहे हैं। टीनएजर्स में इसकी ज्यादा लत है। अब तो इस खेल में युवाओं के अलावा बुद्धिजीवी वर्ग भी खूब दिलचस्पी ले रहे हैं, वे भी पैसे लगाकर बर्बाद हो रहे हैं।


लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

लोगों में करोड़पति बनने का लालच ऐसा सवार है कि एक नहीं, बल्कि कई टीमें बनाकर अपने पैसे बेकार कर रहे हैं। हालांकि, कम ही लोग जानते हैं कि 'माई टीम-11' और 'ड्रीम-11' दोनों भारतीय फैंटेसी स्पोर्ट्स मार्केट की प्रमुख कंपनियां हैं। दोनों प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को पुरस्कार के रूप में वास्तविक नकद की पेशकश करके ऑनलाइन क्रिकेट खेलने का लालच देती हैं और अपनी ओर आकर्षित करके उन्हें लुभाते हैं। अगर कायदे से देखें तो सिर्फ ठगी के सिवाए और कुछ नहीं हैं इन क्विज में? गौरतलब है 'ड्रीम-11' क्विज अपने शुरुआत से ही विवादों में है। इससे संबंधित कई अप्रिय घटनाएं भी घटीं। 2017 में एक याचिका इस पर प्रतिबंध लगाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई थी। कोर्ट ने माना था कि ड्रीम-11 खेलने के लिए खेल से जुड़ी स्किल, ज्ञान और खेलने वाले पर निर्भर करता है कि वह खेले या नहीं? कोर्ट ने रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

इसके बाद रास्ता साफ हो गया। अब स्थिति यह है, ड्रीम-11 क्विज युवाओं को करोड़ों की लालच देकर बेतहाशा धन कमाने पर उतर गई है। क्विज का प्रचार इस वक्त आईपीएल से कहीं ज्यादा है। न्यूज चैनल हों या मनोरंजन के अन्य संसाधन, सबमें इसका प्रचार दिखाई पड़ता है। बड़े से बड़ा खिलाड़ी और अभिनेता ड्रीम-11 का विज्ञापन कर रहा है। इसलिए युवाओं में करोड़पति बनने का कीड़ा और तेजी से काटने लगा है। हालांकि, विज्ञापन के अंत में बाकायदा बताया भी जाता है कि 'खेल में वित्तीय जोखिम है, इसकी लत लग सकती है। बावजूद इसके यह आफत दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रही है। मजे की बात तो यह भी है कि ड्रीम-11 को खुलेआम बढ़ावा दिया जा रहा है और वित्तीय जोखिम भी बताते हैं। प्रत्यक्ष रूप से देखें तो इसमें सीधे-सीधे पैसों की बर्बादी के सिवाए कुछ और नहीं? ऐसे खेलों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित लगना ही चाहिए।

क्विज 'ड्रीम-11' के संस्थापक भावित सेठ और हर्ष जैन हैं। अनुमान के मुताबिक आईपीएल के अभी तक के संस्करणों में कंपनी इस क्विज के जरिए 6284 करोड़ रुपए की भारी भरकम धनराशि कमा चुकी है। अनुमान है मौजूदा आईपीएल-2024 कमाई में पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा। क्विज की विश्वसनीयता बनी रहे, इसलिए विजेताओं के नाम पूर्व क्रिकेटर सौरभ गांगुली से लेकर कई नामचीन खिलाड़ी करते हैं, इससे युवाओं में और उत्सुकता बढ़ती है। सोचते हैं वे जीत सकते हैं तो हम क्यों नहीं? खेल को खेलने और करोड़पति बनने की होड़ ने युवाओं को मानसिक बीमार तक बना डाला है। कुल मिलाकर यह खेल भी एक तरह से लोगों को मूर्ख बनाकर आसान तरीके से धन कमाने वाला चोखा धंधा ही है। इस तरह के कई और भी ऐप गूगल के 'प्ले स्टोर' में हैं, जो सिर्फ पैसे कमाने के लिए ही लांच होते हैं। फर्क बस इतना है कि कोई इनका असली राज जान जाता है और कोई इसके चक्कर में बर्बाद हो जाता है। हालांकि, समाज का एक वर्ग 'ड्रीम-11 क्विज' को आधुनिक जुआ ही मानकर चल रहा है, क्योंकि इसका उदय बहुत सोच-समझकर किया गया। इसकी आड़ में कंपनियां, टीवी चैनल्स व अन्य लोग रातों-रात करोड़ों-अरबों की लूट मचा रही हैं। क्विज का प्रचार इस कदर है कि टीवी पर हर तीसरा विज्ञापन ड्रीम-11 का दिखाई देता है। चाहकर भी युवा दूरी नहीं बना पा रहे। ये ऐसा ऐप है, जिसे खेलने वाले को मैच से पूर्व अपनी टीम बनानी होती है। मैदान में आईपीएल मैच खेलने वाली दोनों टीमों के खिलाड़ियों में से अपने पसंद के खिलाड़ी चुनने होते हैं और फिर प्वाइंटस के आधार पर उन्हें पैसे दिए जाते हैं। वैसे, देखा जाए तो ड्रीम-11 ऐप की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी, लेकिन प्रचलन अब जाकर तेज हुआ है।

यह क्विज एक ऑनलाइन फैंटेसी गेमिंग यूनिकॉर्न कंपनी है, जिसका मुख्यालय मुंबई में है, जो न सिर्फ क्रिकेट में, बल्कि फुटबाल, कबड्डी, बास्केटबाल जैसे खेलों में भी सक्रिय है। इसको खेलने के लिए धनराशि लगानी होती है। उसके बाद अगर आपके चुने खिलाड़ी लाइव मैच के दौरान अच्छा खेलते हैं, तो आपको प्वाइंट्स मिलेंगे। दावा किया जाता है कि मैच समाप्ति के बाद जिस टीम के सर्वोच्च प्वाइंट होते हैं, उसे इनाम दिया जाता है। बेशक यह जुआ या सट्टा न हो, लेकिन स्वरूप वही है। ऐसा अगर न होता तो आंध्र प्रदेश, असम, सिक्किम, नगालैंड, तेलांगना, तमिलनाडु और ओड़िशा जैसे प्रदेशों में ये क्विज वर्जित क्यों होती?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# लोगों को डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल अधिक लुभा रहा

देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में फरवरी में आई अमेरिकी थिंकटैंक प्यू रिसर्च सेंटर की लोकतांत्रिक देशों को लेकर सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रकाशित हो गई है। यह रिपोर्ट कुछ लोगों के लिए चौंकाने वाली हो सकती है, वह इसलिए कि देशवासियों को डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल अधिक लुभा रहा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार देश की लोकतांत्रिक सरकार की कार्य व्यवस्था को लेकर स्वीडन के बाद दूसरे नंबर पर भारत के लोग संतुष्ट हैं।

स्वीडन में जहां 75 फीसदी लोग लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर तरीके से संतुष्ट हैं, वहीं भारत में 72 प्रतिशत लोग लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर-तरीकों को पसंद करते हैं। इस साल भारत समेत दुनिया के करीब 50 देशों में चुनाव होने जा रहे हैं। इस मायने में 24 देशों में किया गया यह सर्वेक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर खास महत्व रखता है। मजे की बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल देशों में केवल 33 फीसदी अमेरिकी ही अपने यहां की लोकतांत्रिक सरकार के कार्य करने की व्यवस्था को लेकर संतुष्ट हैं। खैर यह तो अलग बात हुई, मगर सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है


लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कि दुनिया के अधिकांश देशों की आम जनता बोल्ड निर्णय करने वाले नेता को अधिक पसंद करने लगी है। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। 2017 में 55 प्रतिशत देशवासी ऑटोक्रेसी को पसंद करते थे। अब उसका ग्राफ तेजी से बढ़ा है। आज 67 प्रतिशत लोगों को ऑटोक्रेसी (अधिनायकवादी नेता) पर अधिक विश्वास है। ऑटोक्रेसी पर विश्वास बढ़ने वाले देशों में भारत के अलावा केन्या, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, पोलैंड सहित कई देश हैं। सर्वेक्षण में शामिल 24 में से आठ देशों में ऑटोक्रेसी के प्रति रुझान बढ़ा है। दरअसल लोग निर्णय करने वाले नेता को पसंद करते हैं।

कुछ करने का जज्बा ही देशवासी नेता में खोजते हैं। विपक्ष के लाख आरोप-प्रत्यारोपों के बीच नरेंद्र मोदी पिछले दो चुनाव में लगातार जनता की पसंद बने रहे और 2024 का चुनाव भी लगभग उसी दिशा में बढ़ रहा है। विपक्षी दल मुद्दे बनाने के प्रयास करते हैं, पर वहीं मुद्दे सेल्फ गोल में परिवर्तित होने लगते हैं। अब राजनीतिक दलों को यह समझ लेना होगा कि आमजन को मुखर और निर्णय लेने की क्षमता वाला नेता चाहिए, जो कि आज विपक्ष में ऐसा कोई नेता नजर नहीं आ रहा। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## मां

गांव जनयानकड़
कांगड़ा (हिप्र)

*जो तुम जन्नत ढूंढ रहे*
*वह है सिर्फ मां के आंचल में।*
*जो तुम मोहब्बत ढूंढ रहे*
*वह सिर्फ मां की गोद में।*
*जो तुम लगाव ढूंढ रहे*
*वह बस मां की आंखों में।*
*जो तुम स्वर्ग ढूंढ रहे*
*वह बस मां के पांव में।*
*जो तुम उल्लास ढूंढ रहे*
*वह बस मां की बाहों में।*
*जो तुम तड़प ढूंढ रहे*
*वह बस मां की आहों में।*

# सिरमौर की संस्कृति में है विशु मेले की एक अलग पहचान

हिमाचल प्रदेश की संस्कृति देशभर में प्रसिद्ध है। हम जिस खास संस्कृति का जिक्र करना चाह रहे हैं, वह जिला सिरमौर में स्थानीय भाषा में 'विशु मेला' कहा जाता है, जो हर वर्ष अप्रैल माह में आयोजित किया जाता है। इसका आगाज बैसाखी के दिन से शुरू होता है। इसमें अनेक प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं करवाना, विभिन्न मिठाइयां बनाने सहित झूले लगाए जाते हैं। वहीं, मेले में 'थोऊडे' जो कि एक बहुत ही रोमांचक खेल प्रतियोगिता है, जिला सिरमौर के विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिलती है।


लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

गिरिपार क्षेत्र में इसकी ज्यादा मान्यता है और इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं। केंद्र सरकार की ओर से गिरिपार को एक बड़ी सौगात जनजाति के रूप में भी दी गई है, जिसका प्रमुख कारण यही था कि जिला सिरमौर के गिरिपार की संस्कृति और सभ्यता अनेक प्रकार से वर्तमान में भी सराहनीय है। दूरदराज क्षेत्रों से लोग इन विशु मेलों का बेसब्री से इंतजार करते हैं, तो वहीं दूसरी ओर महिलाओं और बच्चों में विशु मेले को लेकर खासा रुझान देखने को मिलता है। गिरिपार के अनेक क्षेत्रों में इस प्रकार के अनोखे मेलों का सदियों से आयोजन हो रहा है, जैसे शिलाई विधानसभा के अंतर्गत कोटी बौंच, कुफरधार कोटी, सुईनल, कानडियो मिल्ला, हरिपुरधार, संगड़ाह, रोहनाट, गिरनौल शिलाई, रोनीबाग, कांडों कफोटा, जाखना, बुहाई हरिपुरधार,चानपुरधार मिल्ला राजगढ़, रेणुका जी आदि में ऐसे आयोजन करवाए जाते हैं। इन क्षेत्रों के भोले-भाले लोगों ने आज भी इस अनमोल धरोहर को कहीं न कहीं जिंदा रखा है, क्योंकि आधुनिकता के इस दौर में हम कहीं न कहीं इन सभी संस्कृति और सभ्यता को भूलते जा रहे हैं। जिस विरासत को हमारे बुजुर्गों ने हमारे लिए सलामत रखा है, तो आज युवाओं का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम इस प्रकार की संस्कृति को कायम रखने का प्रयास करें। अपनी संस्कृति और सभ्यता के लिए जिला सिरमौर को सदियों से जाना जाता है।

विशु मेले में खेलों को खेलने के लिए विशेष प्रकार की पोशाकें पहनाई जाती हैं, तो वहीं लोगों के हाथों में लकड़ियों के डंडे भी घुमाते हुए देखे जाते हैं। विशु मेले जहां भी आयोजित किए जाते हैं, वहां पर विशेषकर अपने स्थानीय देवी-देवताओं का आना और सभी घरों के एक एक सदस्य, बच्चे इत्यादि और स्थानीय पंडित का जाना अनिवार्य होता है, जो कि एक धार्मिक नियम और देवता का आदेश माना जाता है। वहीं, देवता के नाम से प्रसाद और भंडारे का भी अनेक विशु मेलों में आयोजन किया जाता है, जो कि वहां के देवता और मेले के प्रति अपनी आस्था और विश्वास को दर्शाता है। विशु मेलों में अलग-अलग क्षेत्रों के देवता का आगमन भी होता है, जिन्हें स्थानीय भाषा में (जातोर) भी कहा जाता है, तो वहीं स्थानीय वाद्य यंत्रों से देवी-देवताओं की आराधना भी की जाती है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत को कमजोर बताने का अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र

दुनिया में तमाम संगठन और एजेंसियां हैं, जो समय-समय पर विभिन्न विषयों पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर उन्हें जारी करती हैं। इन एजेंसिंयों और संगठन की रिपोर्ट कितनी सही या गलत हैं, समय बीतने के साथ आखिरकार सामने आ ही जाता है। भारत के संदर्भ में भी कई रिपोर्ट जारी हुई हैं। अधिकांश में जो एक समानता दिखाई देती है, वह यही है कि भारत मोदी सरकार के रहते कमजोर हुआ है। किंतु क्या वाकई में यह सच है? इस संदर्भ में गहराई से अध्ययन करने के लिए लोकसभा, राज्यसभा में हुई तमाम बहसे हैं और उन बहसों के बीच सदन के पटल पर रखे गए वे आंकड़े हैं, जो हमें सच्चाई से अवगत करा देते हैं। फिर सूचना के अधिकार के तहत विभिन्न मंत्रालयों, विभागों से प्राप्त की गई जानकारियां हैं और राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई वार्षिक रपटें तथा उनके सभी विभागों की प्रोग्रेस रिपोर्ट आज मौजूद हैं। वस्तुत: ये सभी साक्ष्य हमें यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि भारत किस तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन भारत के विरोधी हैं कि हमारे देश को हर हाल मे नीचा दिखाना ही चाहते हैं। यही कारण है कि अधिकांश में जहां भी भारत का जिक्र है, वहां एक तरह की समानता दिखती है।

भारत भुखमरी में सबसे आगे पायदान पर खड़ा दिखाया जाएगा। कुपोषण में भारत को आगे दिखाएंगे। हिंसा, अपराध में भारत को रेड जोन में दिखाया जाता है। गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी जैसे आम जनता से सीधे जुड़े विषयों में भी सबसे दयनीय हालत में भारत को ही दिखाया जाता है। आश्चर्य तो यह है कि जब खुशी का वैश्विक इंडेक्स यूएन के एक्पर्ट तैयार करते हैं, तो उसमें भी भारत को उसके पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से भी निचले पायदान पर दर्शा दिया जाता है। फिर शुरू होता है झूठ का प्रचार करना। इसका एक परिणाम यह होता है कि सत्ता के विरोधियों को इसके बहाने सरकार को घेरने का अवसर मिल जाता है, पर सच तो सच ही रहता है। कई बार हो सकता है कि सच को सामने आने में वक्त लगे, लेकिन वह अपनी प्रखरता के साथ सामने जरूर आता है। अब इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र की जारी की गई 'हैप्पीनेस रिपोर्ट' को ही ले लें। पाकिस्तान को जहां इस 'हैप्पीनेस रिपोर्ट' में 108वां स्थान दिया गया, वहीं भारत 126वें स्थान पर है। इसकी एक सूची और भी आई है, उसे यूएन ने हैप्पीनेस रिपोर्ट के तहत उम्र के आधार पर तैयार किया है।


लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

इसमें तो पाकिस्तान को 107वां और भारत को 127वां स्थान प्रदान किया गया है। यानी कि ओवरऑल की तुलना में एक पायदान ओर नीचे पाकिस्तान के सामने यह रिपोर्ट भारत को खड़ा कर देती है, लेकिन क्या यह भारत की वास्तविकता है? आप हर स्तर पर तुलना करके देखें, आप पाएंगे कि भारत अपने मानव संसाधन का बेहतर उपयोग करते हुए दुनिया की शीर्ष देशों की सूची में सबसे आगे आने के लिए प्रयास कर रहा है, लेकिन यूएन है कि उसे यह सच नहीं दिख रहा। उसे तो यही दिखता है कि भारत में लोग दुखी हैं। इतने दुखी की दुनिया के 143 देशों की सूची में वह भारत को 126वें स्थान पर रखता है। इसका एक अर्थ यह भी निकलता है कि भारत की जनता से दुखी अफ्रीका एवं एशिया महाद्वीप के सिर्फ 17 देश ही ऐसे हैं, जो अधिक दुखी हैं।

यह भी किसी चमत्कार से कम नहीं है कि संयुक्त राष्ट्र की इस 'हैप्पीनेस रिपोर्ट' को जारी हुए अभी कुछ ही दिन बीते हैं कि यूएन का यह झूठ दिखाने वाला सच भी सामने आ गया है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था सिर्फ 1.9 फीसदी की दर से बढ़ रही है, जो कि एशियाई विकास परिदृश्य ने अगले वित्त वर्ष के लिए एक निराशाजनक तस्वीर पेश करती है। चालू वित्त वर्ष में पाकिस्तान में महंगाई की दर 25 प्रतिशत पूरे एशिया में सबसे अधिक है। वस्तुत: यह आंकड़ा कोई एक दिन में नहीं आ गया है। विश्व बैंक की यह आशंका 1.8 प्रतिशत की सुस्त आर्थिक वृद्धि दर के साथ बढ़ती महंगाई पर आधारित है। पाकिस्तान में गरीबी की दर लगभग 40 प्रतिशत पर बनी हुई है। यह रिपोर्ट में गरीबी रेखा के ठीक ऊपर रह रहे लोगों के नीचे आने के जोखिम को बता रही है पाकिस्तान में कर्ज-विकास दर अनुपात अभी 70 प्रतिशत से ज्यादा है।

पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार बेहद निचले स्तर पर पहुंच गया है, जिसके परिणामस्वरूप आज कई बड़े बिजनेसमैन पलायन को मजबूर हो गए हैं। अब आप स्वयं सोच सकते हैं कि उस देश की हालत कितनी खराब होगी, जिस देश के लोग भीख मांगने के लिए भी दूसरे देशों में जा रहे हैं। उसके बाद भी यूएन है कि उसे भारत से अधिक खुशी पाकिस्तान में नजर आ रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक आदि विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने भी आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को 7.2 प्रतिशत रहने की प्रबल संभावनाएं जताई हैं। रोजगार के नए-नए अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। केंद्र सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दे ही रही है। फिर भी संयुक्त राष्ट्र (यूएन) है कि भारत को पाकिस्तान से कमजोर स्थिति में बता रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# प्रासंगिक है भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन

जयंती विशेष

'अहिंसा परमो धर्म:' सिद्धांत के लिए जाने जाते रहे भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज के समय में सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी हो गया है, क्योंकि वर्तमान समय में मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान भगवान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है।

अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं। भगवान महावीर के प्रमुख अमृत वचनों में प्रमुख हैं 'संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अत: हिंसा को त्यागिए और 'जीओ व जीने दो' का सिद्धांत अपनाइए।' जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान व्रत नहीं। जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए वैर बढ़ाता है। धर्म उत्कृष्ट मंगल है और अहिंसा, तप व संयम उसके प्रमुख लक्षण हैं, जिन व्यक्तियों का मन सदैव धर्म में रहता है, उन्हें देव भी नमस्कार करते हैं। मानव व पशुओं के समान पेड़-पौधों, अग्नि, वायु में भी आत्मा वास करती है और पेड़-पौधों में भी मनुष्य के समान दुख अनुभव करने की शक्ति होती है। संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, इसलिए आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है, वह अहिंसा कभी नहीं हो सकती।


लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कर्मानुसार ही देव, मनुष्य, नारक व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते, बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। जिस मनुष्य का मन सदैव अहिंसा, संयम, तप और धर्म में लगा रहता है, उसे देवता भी नमस्कार करते हैं। धर्म का स्थान आत्मा की आंतरिक पवित्रता से है, बाह्य साधन धर्म के एकांत साधक व बाधक नहीं हो सकते। संसार का प्रत्येक प्राणी धर्म का अधिकारी है। क्रोध प्रेम का नाश करता है, मान विषय का, माया मित्रता का नाश करती है और लालच सभी गुणों का, जो व्यक्ति अपना कल्याण चाहता है, उसे पाप बढ़ाने वाले चार दोषों क्रोध, मान, माया और लालच का त्याग कर देना चाहिए।

रुग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। वासना, विकार व कर्मजाल को काटकर नारी व पुरुष दोनों समान रूप से मुक्ति पाने के अधिकारी हैं। जब तक कर्म बंधन है, तब तक संसार मिट नहीं सकता, गति भ्रमण ही संसार है। छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरुषों का धर्म है। ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे, यही अहिंसा का विज्ञान है। जो लोग कष्ट में अपने धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते, अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है।

संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दंड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। ब्राह्मण कुल में पैदा होने के बाद यदि कर्म श्रेष्ठ हैं, वही व्यक्ति ब्राह्मण है किंतु ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बाद भी यदि वह हिंसाजन्य कार्य करता है, तो वह ब्राह्मण नहीं है, जबकि नीच कुल में पैदा होने वाला व्यक्ति अगर सुआचरण, सुविचार एवं सुकृत्य करता है, तो वह बाह्मण है। प्रत्येक प्राणी एक जैसी पीड़ा का अनुभव करता है और हर प्राणी का एकमात्र लक्ष्य मुक्ति ही है। आत्मा शरीर से भिन्न है, आत्मा चेतन है, आत्मा नित्य है, आत्मा अविनाशी है। आत्मा शाश्वत है। वह कर्मानुसार भिन्न-भिन्न योनियों में जन्म लेती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात


**बेसहारा** पशुओं की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा पशु सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, बेसहारा पशुओं के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके हर जगह घूमने से आम जन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। कई बार इनकी चपेट में आकर नागरिकों की मौत भी हो चुकी है। सांडों की लड़ाई में आज तक पता नहीं कितने लोगों की जान जा चुकी है। हर जगह बेसहारा पशु घूमते हुए नजर आते हैं। इस के लिए लोग स्वयं जिम्मेदार हैं। लोग भी मवेशियों को उपयोग के बाद खुले में छोड़ देते है, जिन्हेंपूछने वाला कोई नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं, साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी होते हैं। किसानों को आजकल फसलों को उगाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है, सरकारों को इसके बारे में सोचना होगा।

**-मनोज कुमार, नगरोटा बगवां**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# हिमाचल में पूरा माहौल कांग्रेस के पक्ष में : ब्रह्मानंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा है की एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस भारी बहुमत से जीतेगी। मुख्यमंत्री के जनहितैषी निर्णय व महिलाओं को दिए गए सम्मान के कारण इस बार हिमाचल के लोग खुलकर कांग्रेस के पक्ष में वोट करेंगे।

धनबल की बदौलत भाजपा ने कांग्रेस की स्थायीं सरकार को गिराने का प्रयास किया, जिसमें वह पूरी तरह से असफल हो गए हैं। भाजपा के इस लोकतांत्रिक कृत्य के कारण पूरे हिमाचल प्रदेश में उनकी किरकिरी हुई है।

हिमाचल के लोगों के सामने उनका असली चेहरा सामने आ गया है। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के दौरान लोगों की इतनी कम भीड़ सामने आ रही है। भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत का भरमौर द्वारा पूरी तरह से फ्लॉप रहा है जिससे पता चलता है कि इस बार हिमाचल में पूरा माहौल कांग्रेस के पक्ष में है।

वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। सीएम सुक्खू की लोकप्रियता के कारण इस बार चुनावी माहौल पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में है।

महिलाओं को 1500 रुपए देने की घोषणा को जिस तरह से भाजपा ने रोकने का काम किया है, अब चुनाव आयोग ने इस रोक को हटा दिया है जिससे पता चलता है कि सीएम सुक्खू पूरी तरह से जनता के प्रति समर्पित मुख्यमंत्री हैं।

# दिव्यांग व 85 साल से ऊपर के बुजुर्ग घर से करेंगे डाक मत से वोट

**भरमौर।** लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में भरमौर एरिया से संबंधित बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वह अपने मतदान केंद्र से संबंधित एएसडी मतदाता की लिस्ट एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को चुनाव आयोग ने डाक मत पत्र द्वारा मतदान करने की सुविधा भी प्रदान की है।

कोई भी दिव्यांग मतदाता जिसका मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मेडिकल प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत या उससे ऊपर हो तथा 85 साल से ज्यादा उम्र के मतदाता जो अपने घर से मतदान करना चाहते हैं वह फार्म 12 डी भरकर बीएलओ के पास एक सप्ताह के भीतर जमा करवा सकते हैं।

# पुलिस व परिवहन निगम के कर्मचारी करेंगे बैलेट पेपर से मतदान

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिस तथा राज्य पथ परिवहन निगम के कर्मियों को लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत ईडीसी तथा पोस्ट बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर आज बैठक का आयोजन किया गया।

मुकेश रेपसवाल ने संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी पर तैनात होने वाले सभी कर्मियों की विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तैनात कर्मियों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट ( ईडीसी) तथा दूसरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को पोस्ट बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध होगी।



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ।

ईडीसी के लिए 12-ए फॉर्म भरना होगा तथा पोस्ट बैलेट पेपर प्राप्त करने के लिए 12 नंबर फॉर्म आवश्यक रहेगा। विभागीय नोडल अधिकारी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी को सूची प्रेषित करेंगे।

उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि विभागीय नोडल अधिकारी उपमंडल स्तर पर भी सहायक नोडल अधिकारी तैनात करेंगे ताकि ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को मतदान की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों को ड्यूटी पर तैनात होने वाले कर्मियों से ईडीसी तथा पोस्ट बैलट पेपर के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी एवं जागरूकता को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने को निर्देशित किया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान, पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र चौधरी, सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं सुरजीत धीमान, क्षेत्रीय प्रबंधक राज्य पथ परिवहन निगम शुगल सिंह, तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएड कॉलेज में मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन



चंबा। चंबा मिलेनियम बीएड कॉलेज में कॉलेज मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन किया गया जिसमें बीएड के प्रशिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर कुलवंत ने प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षकों ने कॉलेज में किंग एक्टिविटी से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी प्रशिक्षुओं के साथ साझा की। मेकिंग एक्टिविटी गतिविधियां पांच समूहों में करवाई गई। इन गतिविधियों में विभिन्न विषयों से संबंधित जैसे हाइजीन टाइटियस कंडक्ट, कॉलेज इवेंट्स पिक्चर्स और चंद्रयान तथा चंबा कलचर प्रशिक्षकों ने अपने-अपने कॉलेज को अध्यापकों के सामने व्याख्या सहित प्रदर्शित किया। इसमें कॉलेज का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### गुरु गोरखनाथ के मंदिर से शोभायात्रा निकाली




**चुवाड़ी।** चतुर्थ गोरखा राइफल के जवानों और स्थानीय लोगों ने द्वारा बकलोह के चिलामा रोड में स्थित सबसे प्राचीन गुरु गोरखनाथ के मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सभी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। आज सुबह मंदिर परिसर में सभी यूनिट के धर्म गुरुओं के द्वारा पूजा-अर्चना के बाद शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए सभी जगह जलपान का इंतजाम किया गया था। शोभायात्रा चिलामा के गुरु गोरखनाथ मंदिर से होती हुई कमलाडी चौक में पहुंची जहां पर गोरखा राइफल के जवानों के द्वारा सभी श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया। रास्ते भर में गांव से आए हुए श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए और भजनों में झूमते हुए नजर आए।

### बारिश से धसा रोड, वाहन चालक परेशान

**तीसा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र में लगातार दो दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिससे तीसा चंबा मुख्यमार्ग पर शरेला के समीप रोड धसने और दलदल की वजह से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार दो दिनों से बारिश की वजह से लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी और मशीने रास्ता बहाल करने में लगे हुए हैं। परंतु रुक-रुक कर बारिश होने की वजह से विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को यातायात सुचारु करने में मुश्किलें पेश आ रही हैं। दलदल होने की वजह से छोटी गाड़ियों में पहिए जमीन में धस जा रहे हैं जिस वजह से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नकरोड़ संजीव अत्रि का कहना है कि मौसम साफ होने पर इस सलाडिंग जगह को प्रोटेक्शन लगा कर पक्का किया जाएगा। फिलहाल यातायात अवरुद्ध न हो इसलिए विभाग के कर्मचारी पुर जोर कोशिश कर रहे हैं।

## नेशनल हाईवे पर ढकोग टनल के समीप भारी लैंडस्लाइड

# पठानकोट-भरमौर एनएच आठ घंटे रहा बंद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे 154-ए पर शनिवार को ढकोग टनल के समीप भारी लैंड स्लाइड होने से करीब 8 घंटे बंद रहा। लैंड स्लाइड के चलते मार्ग बंद होने से लंबी रूट की कई बसें यहीं पर फंसी रही, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

हालांकि दोपहर बाद कड़ी मशक्कत के बाद इस सड़क को सभी प्रकार के यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है। गौरतलब है पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है, जिसके कारण आए दिन यह सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो रही है। बार-बार सड़क बंद होने के कारण यात्रियों व वाहन चालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हल्की सी बारिश होने के बाद भी यहां पर जगह-जगह लैंडस्लाइड हो रहा है।



जेसीबी की मदद से सड़क से मलबा हटाते राहतकर्मी। चार दिनों के बाद खड़ामुख होली मार्ग बहाल हुआ।

उधर कड़ी मशक्कत के बाद चौथे दिन खड़ामुख होली राज्य मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो पाया है।

इस सड़क के बाहर होने के बाद लोगों ने वह वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। गौरतलब है यहां पर पिछले चार दिनों से सड़क बंद होने के चलते कई बड़े वाहन यहां पर फंसे हुए थे। वहीं, पर छोटी गाड़ियों को एक जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए सिंयूर वाया भरमौर जाकर कई किलोमीटर लंबा सफर करना पड़ रहा था। सड़क बंद होने के चलते यहां की कई पंचायतें पिछले 4 दिनों से दूसरी जगह से पूरी तरह से कट चुकी थी।

लगातार हो रहे भू-संखलन के चलते यहां पर कई लोग पत्थर की चपेट में भी आ चुके हैं। बहरहाल चार दिनों के बाद सड़क बाहर होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है हालांकि, यहां पर पिछले दिनों शादियों का दौर चला हुआ था जिसके कारण बारातियों को भी कई परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए मतदान आवश्यक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत आज भरमौर उपमंडल के 74-बकान, 145-कुलेठ, 126-ग्रीमा-2 और 130-भाटडा व रूणुकोठी के मतदान बूथो में स्वीप गतिविधिया आयोजित की गई।

सेक्टर आफिसर और टीमों के माध्यम से महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं महिला मतदान का शत-प्रतिशत में वृद्धि किए जाने के लक्ष्य की प्राप्ति एवं नव महिला मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न किए जाने हेतु स्वीप गतिविधियां का आयोजन किया गया।

स्वीप (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, मतदाता सूची में उनके मौजूदा विवरणों को सही करने और स्थानांतरित और मृत परिवार के सदस्यों के नाम हटाने से संबंधित प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए मतदान आवश्यक हैं और सभी मतदाताओं को मतदान करके अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को मतदान के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल , पंचायत के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्वयं सहायता समूह की समस्त महिला शक्ति, नवयुवक मंडल के सदस्यों और स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



मतदान करने के लिए शपथ लेते ग्रामीण।

# तूफान में उड़ी दुकान की छत



कुठेरा गांव के चिंगो राम के मकान की उड़ी छत तिरपाल से ढकी हुई।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

शुक्रवार को आए तूफान से एक दुकान की छत उड़ गई। आसपास के लोगों ने बताया कि यह दुकान बीयर बार के ऊपर लॉकडाउन के समय बनाई गई थी। इसे बनाने में सिंगल ईंट का प्रयोग किया गया था जिस कारण यह कभी भी हादसे का कारण बन सकती थी, लेकिन गलिमत यह रही कि उस समय कोई सड़क पर नहीं था। दुकान के मलिक शेर सिंह ने बताया के तेज तूफान होने के कारण दुकान की उड़ गई। वहीं, दूसरी तरफ कुठेरा गांव के चिंगो राम के मकान की छत तूफान से उड़ गई। गांव के लोगों ने तिरपाल डालकर घर के बाकी सामान को बचाया।

# खाई में कार गिरने से दो की मौत

**तीसा।** चकोली-कंधवारा-हिमगिरि मार्ग पर खड़जोता पंचायत के लाहरा के पास एक कार बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत और एक घायल हुआ है।

मृतकों की पहचान नागेश पुत्र वंसू राम गांव सियूल डा. लाहरा तहसील सलूणी, जिला चंबा और चतरो राम पुत्र चुनी लाल गांव लाहरा तहसील सलूणी, जिला के रूप में हुई है। जबकि दुर्घटना में कुलदीप पुत्र भागमल गांव ढल्ला जिला चंबा घायल हो गया है। कार गिरने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को उठाकर किहार अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने दो को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने खबर की पुष्टि की है।

# पीएम मोदी की मजबूत इच्छा शक्ति से देश को मिला राम मंदिर : राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने डलहौजी में एक जनसभा में भाग लिया। भारद्वाज ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से और भरपूर प्रेम से हिमाचल में भाजपा चारों की चारों सीटों पर कमल खिलाएगी और देश में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं और यही पीएम मोदी की मजबूत इच्छा शक्ति है जिसके कारण आज देश में राम मंदिर का निर्माण हुआ है, राम मंदिर देशवासियों का सपना था जो आज साकार हुआ है इसके लिए हम सब प्रधानमंत्री जी के आभारी हैं।



जनसभा को संबोधित करते डॉ. राजीव भारद्वाज व अन्य।

पिछले 10 वर्षों में मोदी जी ने भारतवर्ष के चारों अमृत स्तंभ यानी युवा, महिलाएं, किसान और गरीब को जो विकास और सम्मान दिया है वो कांग्रेस ने 60 वर्षों में भी नहीं दिया। आज भारत तेजी से गरीबी को मिटाकर आत्मनिर्भर तो बन ही रहा है, इसके साथ ही मोदी जी ने अपने तीसरे कार्यकाल यानी मोदी 3.0 में देश को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु अभी से ब्लूप्रिंट पर काम करना चालू कर दिया है।

### सूडोकु 0039 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0038 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# राजकीय प्राथमिक पाठशाला बेढ़ल को कंप्यूटर किया दान

**अनंत ज्ञान,डलहौजी**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला बेढल में ललित डोगरा (पुत्र सुभाष डोगरा सेवानिवृत सूबेदार) ने अपनी दादी की पुण्य स्मृति के रूप में प्राथमिक पाठशाला को एक कंप्यूटर भेंट स्वरूप प्रदान किया। गौरतलब है कि गत दिनों पाठशाला में कार्यक्रम के दौरान ललित डोगरा ने कंप्यूटर भेंट करने का वादा किया था और आज उन्होंने वादा निभा कर बच्चों के लिए अमूल्य भेंट दी, जिसकी पाठशाला स्टाफ द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए इसे प्रेरणा दायक कदम बताया। आज के इस कंप्यूटर के युग में अगर बच्चे प्राथमिक शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर की प्रारंभिक जानकारियां अभी से लेंगे तो यह बच्चों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी।



# मतदान के प्रति किया जागरूक



**चंबा।** चुनावी साक्षरता क्लब पंजेएलएनजीएमसी चंबा के बैनर तले कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग से डॉ. कुलदीप की अध्यक्षता में प्रशिक्षु चिकित्सकों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** आर्थिक रूप से आज का दिन बेहतर रहेगा है। पैसे रुपए को लेकर कोई ठोस योजना बनाइए ताकि भविष्य में आसानी से उबर सकें।

**वृषभ :** आज परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

**मिथुन :** आप अपने पास के किसी व्यक्ति के लिए एक महंगा उपहार खरीद सकते है जोकि उस व्यक्ति को आश्चयचकित कर सकता है।

**कर्क :** आज वित्तीय स्थिति और खर्च में संतुलन बना रहेगा, अप्रत्याशित स्रोतों से आय का सृजन होता रहेगा।

**सिंह :** अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करना चाह रहे हैं तो फैसला लेने की अपनी क्षमता को और विकसित कीजिए।

**कन्या :** आज आपके आमदनी बढ़ने के आसार हैं, कार्य क्षेत्र में लाभ होगा। एकाग्रता बनाए रखें।

**तुलाः** आर्थिक प्रबंधन में अपने महारथ और सकारात्मक सोच की बदौलत आप आसानी से अपना आर्थिक लक्ष्य पा लेंगे।

**वृश्चिकः** आज का दिन शेयर बाजार में निवेश के लिए उत्तम है परन्तु आपको अपने निवेश को लेकर सतर्क रहना होगा।

**धनु :** आज आप एक साथ कई परियोजनाओं के बोझ तले दबा हुआ सा महसूस कर सकते हैं। मन में व्यग्रता रहेगी।

**मकरः** अपने समय को बचाने की बजाय उनकी चिंता को समझना आपके लिए आज ज्यादा जरूरी होगा।

**कुंभ :** आज आपको एक अप्रत्याशित स्रोत से धन लाभ होने की संभावना है। नए विचार भी दिमाग में आएंगे।

**मीनः** आज परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। खर्च अधिक न हो इसका ध्यान रखिएगा।

## आज का पंचांग

21 अप्रैल, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** त्रयोदशीः (01:13) **: नक्षत्र :** उत्तरा फाल्गुनी (5:08), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** व्याघात (03:43) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:53-12:45), **राहुकाल** (05:13 -06:50)।

## विशेष दिन

- 21 अप्रैल 2024 : प्रदोष व्रत आज ।
- 21 अप्रैल को श्री महावीर जयंती आज।

**आदेश** | अधिकारियों व कर्मचारियों को मोबाइल फोन 24 घंटे सर्विस में रखने के कड़े निर्देश

# फायर सीजन में अधिकारी व कर्मचारी नहीं ले सकेंगे अवकाश

**एमएम डैनियल, चंबा**

ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ ही फायर सीजन भी आरंभ हो गया है, जिससे निपटने के लिए वन विभाग ने कमर कसते हुए समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश रद्द कर दिए है। वहीं फायर सीजन पूर्ण अवधि तक अधिकारियों व कर्मचारियों को मोबाइल फोन 24 घंटे सर्विस में रखने के कड़े निर्देश भी जारी किए है, जिसके लिए विभाग ने वन वृत चंबा के तहत टॉस्क फोर्स का गठन किया है, जो कि सीजन के दौरान वनों में आग की घटनाओं पर टीमें दिन-रात नजर रखेंगी।

विभाग ने बकायदा युद्धस्तर पर कार्य आरंभ कर दिया है। इस दिशा में विभाग ने आग पर काबू पाने वाले उपकरण सामान्य से लेकर संवेदनशील व अतिसंवेदनशील वन परिक्षेत्रों में मुहैया करवा दिए हैं, जबकि टास्क फोर्स के अधिकारियों व कर्मचारियों के दूरभाष नंबर भी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए हैं। मंडल स्तर पर गठित पांच कमेटियों में 19 व रेंज स्तर पर गठित 17 कमेटियों में 95 लोगों को शामिल किया गया है। सभी कमेटियों पर मुख्य अरण्यपाल, वन मंडल अधिकारी, रेंज अधिकारी व डिप्टी रेंजर नजर रखेंगे।



जिला चंबा शहर परिसर के साथ सट्टा वनपरिक्षेत्र।

## जिले में 4620 स्क्वेयर किलोमीटर जंगल

चंबा जिले में 4620 स्क्वेयर किलोमीटर जंगल है। इसमें 292.95 स्क्वेयर किलोमीटर चीड़ व 5370 स्क्वेयर किलोमीटर चौड़ी पत्ती के पौधों का जंगल है। इनमें 7.5 प्रतिशत जंगल आग लगने के लिए अति संवेदनशील है, जबकि 50 संवेदनशील व 138 कम संवेदनशील है। जंगलों को आग से बचाने के लिए नई फायर लाइनें भी बनाई गई हैं।

इसके अलावा जंगलों में 65 के करीब फायर लाइनें भी बनी हैं, जो 172 किलोमीटर जंगल को कवर करेंगी। चंबा शहर के ऊंचाई वाले जंगलों में किलोमीटर के हिसाब से अधिकांश वन बीटों में फायर लाइन बिछाई गई है। यह उन स्थानों पर बनी है जहां हर वर्ष आग की घटनाएं होती हैं।

> वन सृष्टि की अनमोल संपदा है जिसे संरक्षण देना सरकार, वन विभाग का ही नहीं बल्कि हर नागरिक नैतिक कर्तव्य है। फायर सीजन में वनों में आग की घटनाओं पर नियंत्रण पाने व वनसंपदा को संरक्षण देने के लिए फायर सीजन अवधि तक विभागीय अधिकारियों व कर्मियों के अवकाश पर रोक लगाई गई है। यदि कोई नागरिक वनों में आग लगाता रंगे हाथों पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिसमें सजा व जुर्माना दोनों का प्रावधान शामिल है।
>
> **अभिलाष दामोदर मुख्य अरण्यपाल वन वृत चंबा**

# मतदाता घर से ही फार्म 12डी के माध्यम से अपना पोस्टल बैलेट कर सकते हैं प्राप्त : विजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए शनिवार को जिला स्तर उपमंडल के पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों को बचत भवन जिलाधीश कार्यालय जिला बिलासपुर में प्रशिक्षण कार्याशाला का आयोजन किया गया। इस कार्याशाला में तहसीलदार निर्वाचन विजय कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का परिचय करवाया, तथा आवश्यक जानकारी भी प्रदान की।

नायब तहसीलदार निर्वाचन विजय कुमार शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिक 85 मतदाता, दिव्यांग मतदाता, महामारी कोविड प्रभावित मतदाता घर से ही फार्म 12डी के माध्यम से अपना पोस्टल बैलेट प्राप्त कर मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। फार्म 12डी संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा इनके घर द्वार पर ही उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जो कर्मचारी अनिवार्य सेवाओं एम्स कोठीपुरा, सीएमओ बिलासपुर, फायर ऑफिसर बिलासपुर, डीपीआरओ बिलासपुर, जल शक्ति विभाग बिलासपुर, बिजली बोर्ड बिलासपुर, ओपन एयर जेल बिलासपुर में कार्यरत हैं, फार्म 12डी भरकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं। यह कर्मचारी उपमंडल स्तर के पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी से अपना फार्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं।



अधिकारियों से बातचीत करते हुए तहसीलदार विजय कुमार शर्मा।

### इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे

**उन्होंने** बताया कि उपरोक्त कर्मचारी संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में जाकर 26, 27 व 28 को अपना मत का प्रयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त चुनाव में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मत के प्रयोग की व्यवस्था फार्म 12 जो कांगड़ा दो, मंडी चार शिमला संसदीय क्षेत्र के है तथा फार्म 12, जो 3 हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के हैं। इन्हें इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने भरे चावल के सैंपल

## घुमारवीं-कुठेड़ा और आसपास के क्षेत्रों में दी दबिश, फूड पॉइजनिंग केस के बाद विभाग अलर्ट मोड पर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में व्रत के चावल की खीर खाने से हुए फूड पॉइजनिंग मामले में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान व्रत के चावल के सैंपल लेने के बजाय कुट्टू के आटे और साबूदाने के सैंपल लेने पर लोगों द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठाए थे।

**विभाग ने टेस्टिंग के लिए लैब में भेजे सैंपल**

इसके बाद शनिवार को विभाग फिर से हरकत में आया और शनिवार को घुमारवीं, कुठेड़ा तथा आसपास के क्षेत्रों में कुछ दुकानों में दबिश देकर व्रत के प्रयोग होने वाले चावलों के सैंपल एकत्रित किए। इसे अब विभाग द्वारा टेस्टिंग के लिए लैब भेजा जाएगा तथा लैब से रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बताते चलें कि बीते रविवार को घुमारवीं में फूड पॉइजनिंग के मामले सामने आए थे। इसके बाद इनमें से कुछ लोगों को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा था। जहां पर उपचार करवाने के बाद उनकी तबीयत में सुधार हुआ था। इस सारे मामले में क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। लेकिन लोगों को उम्मीद थी की सारी घटनाक्रम की गंभीरता को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग तुरंत सक्रिय होकर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। लेकिन शिकायत मिलने के बावजूद चार दिनों तक विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई और विभाग की इस लेट लतीफे के कारण

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

बाजार की दुकानों से दुकानदारों ने व्रत के चावल का स्टॉक हटा दिया और जब पांचवें दिन विभाग द्वारा घुमारवीं में कुछ दुकानों में दबिश दी गयी तो सिर्फ साबूदाना तथा कुट्टू के आटे के सैंपल भरे गए। जबकि विभाग के पास से शिकायत व्रत में प्रयोग होने वाले चावलों की थी।

इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई पर कई लोगों ने सवाल उठाए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को एक बार फिर से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा घुमारवीं में कुछ दुकानों में व्रत के चावलों के सैंपल भरे गए।



चावल के सैंपल भरता हुआ खाद्य सुरक्षा विभाग का कर्मचारी।

### 15 दिन के बाद आएगी रिपोर्ट

वहीं, खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएएस ठाकुर ने बताया कि घुमारवीं और कुठेड़ा में व्रत के चावल, सूजी और दूध के सैंपल भरे गए है। जिन्हें टेस्टिंग के लिए लैब भेजा जाएगा। इसकी रिपोर्ट पंद्रह दिन बाद आएगी। लैब से रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक-कार की टक्कर से दो लोग जख्मी

**श्रीनयनादेवी।** किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर समलेटू में ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोग घायल हुए। दोनों लोग पंजाब के रहने वाले हैं, जिनका उपचार एम्स बिलासपुर में चल रहा है। स्वारघाट पुलिस ने ट्रक चालक पर लापरवाही का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में मंजीत सिंह निवासी गांव भरदियो तहसील बाबा बकला जिला अमृतसर पंजाब ने बताया है कि कार में अपने दोस्तों के साथ अमृतसर से मणिकर्ण जा रहा था। रात करीब 11 बजे किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर समलेटु में पीछे से एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पवन प्रीत कौर और रणजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। नयनादेवी के डीएसपी श्री विक्रांत बोंसरा ने मामले की पुष्टि की है।

### बिलासपुर में बास्केटबाल के ट्रायल आज से

**बिलासपुर।** 26 से 28 अप्रैल में साई विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी हमीरपुर में होने वाली अंडर-19 पुरुष व महिला वर्ग की होने वाली राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बिलासपुर बास्केटबॉल टीम के ट्रायल 21 अप्रैल को बास्केटबाल खेल स्टेडियम ब्वायज स्कूल बिलासपुर में सुबह नौ बजे होंगे। यह जानकारी देते हुए संघ के प्रधान डॉ. प्रवीण रनौत और कोषाध्यक्ष अभिषेक टेस्सू ने बताया कि पहली जनवरी 2006 के बाद जन्मे पुरुष और महिला खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो के साथ-साथ अपने माता-पिता का आधार कार्ड लाना भी आवश्यक है। इस चयन प्रक्रिया में अश्वनी कुमार, संजय कुमार, विमल कुमार, विशाल शर्मा, राजकुमार राठौर सम्मलित होंगे।

### श्री श्री रविशंकर 27 से हिमाचल प्रवास पर

**बिलासपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और प्रख्यात धर्म गुरु श्री श्री रविशंकर आगामी 27 अप्रैल को हिमाचल प्रवास पर रहेंगे । इस मौके पर धर्मशाला स्थित पुलिस मैदान में उनके भव्य स्वागत में शाम छह बजे महासत्संग का आयोजन किया जा रहा है । संस्था की प्रदेश मीडिया समन्वयक तृप्ता शर्मा तथा जिला मीडिया समन्वयक अरुण डोगरा रीतू ने बताया कि गुरुदेव के आगमन को लेकर संस्था के सभी सदस्यों में भारी उत्साह व जोश है । उन्होंने बताया कि गुरुदेव करीब 13 वर्ष बाद धर्मशाला आ रहे हैं । उन्होंने कहा कि गुरदेव के आगमन को लेकर संस्था ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है और उनके दर्शनाभिलाषी सभी श्रद्धालुओं को प्रदेश के हर कोने से गंतव्य स्थल तक पहुंचाने के लिए सारी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जो भी भक्तगण धर्मशाला जाने के इच्छुक हैं उनके आने-जाने और ठहरने व खान पान की व्यवस्था भी की जाएगी जिसके लिए वे अपना पंजीकरण करवा सकते हैं ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े । पंजीकरण व अन्य किसी भी तरह की जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9459195073, 9418377073, 9418699442 और 9418035431 पर संपर्क कर सकते हैं

### चुनाव न लड़ने के बहाने ढूंढ रहे कांग्रेस नेता



**घुमारवीं।** प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता और मोदी की गारंटी से कांग्रेस नेताओं में हार का भय किस प्रकार है इसका सबूत है। कांग्रेस के एक विधायक का कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखा पत्र। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ, सबका विकास की सोच से भाजपा अबकी बार 400 पार के एक पुनः केंद्र में मोदी सरकार जनता के आशीर्वाद से बनाने जा रहा है। इसका एहसास कांग्रेस के नेताओं को हो गया है और हार के डर से कांग्रेस नेता चुनाव न लड़ने के बहाने ढूंढ रहे है। महेंद्र धर्माणी ने कहा की भ्रष्टाचार की जननी और विकास व गरीब विरोधी कांग्रेस व इसके नेताओं को पार्टी की हार सामने साफ दिख रही है। इसके कारण वो चुनाव न लड़ने के बहाने ढूंढ रहे है, या पार्टी छोड़ रहे हैं। पिछले डेढ़ साल प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार अपने कारणों से आज अल्पमत में आ गई है। झूठ के सहारे एक बार पुनः जनता को गुमराह करने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्री व कांग्रेस नेता असफल प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश की जनता सुक्खू सरकर से 15 माह के काम का भी हिसाब जानना चाहती है और सरकार झूठे आंकड़े देकर गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। पूर्ण बहुमत वाली कांग्रेस सरकार आज अपने कारणों से अल्पमत में आ गई, जिसके लिए कांग्रेस के विधायक और नेता में पर्नरूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री को दोषी मानते है। महेंद्र धर्माणी ने कहा जिस प्रकार देश व प्रदेश में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता अपनी पार्टी छोड़ रहे हैं उससे लगता है की कांग्रेस के अंदर हार का भय बना हुआ है।

# सीएमओ के पास पहुंची सुरक्षा गार्ड की ओर से ग्लूकोज ड्रिप लगाने के मामले की रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं अस्पताल में बीते रविवार को अस्पताल में भर्ती एक मरीज को यहां के सुरक्षा गार्ड द्वारा ग्लूकोज ड्रिप लगाने के मामले में हुई शिकायत के मामले की रिपोर्ट को खंड चिकित्सा अधिकारी घुमारवीं द्वारा सीएमओ बिलासपुर को सौंप दिया गया है। लेकिन सीएमओ बिलासपुर के अनुसार उन्होंने अभी रिपोर्ट की समीक्षा नहीं की है। आगामी एक-दो दिनों में वह रिपोर्ट की समीक्षा करेंगे। इसके बाद ही वह इस मामले में हुई जांच की जानकारी दे पाएंगे।

बताते चले कि घुमारवीं अस्पताल में भर्ती एक मरीज को यहां के सुरक्षा गार्ड द्वारा ग्लूकोज ड्रिप लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। ऐसे में इस सभी मामले की शिकायत सचिव स्वास्थ्य विभाग शिमला तथा बिलासपुर सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार के पास भी पहुंची और इस मामले पर कार्रवाई करते हुए तुरंत प्रभाव से सीएमओ ने बीएमओ घुमारवीं से इसकी सारी रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद बीएमओ घुमारवीं ने दो सदस्यीय कमेटी बनाई थी। कमेटी ने शनिवार को मरीज के साथ हुई लापरवाही मामले की रिपोर्ट सीएमओ बिलासपुर को सौंपी दी है। वहीं, बीते रविवार को घुमारवीं क्षेत्र में एक भंडारे के दौरान फलाहार खाने से कुछ लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें सिविल अस्पताल घुमारवीं में दाखिल करना पड़ा था। ऐसे में मरीज के साथ आए तीमारदार उस वक्त हैरान रह गए जब उनके उपचार के लिए डॉक्टर तथा नर्सों की जगह सिक्योरिटी गार्ड ने उपचार करना शुरू कर दिया। उसने पहले मरीज को ग्लूकोज ड्रिप लगाना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना है इस पर जब मरीज के साथ आए सभी तीमारदारों ने विरोध किया तो उस सुरक्षाकर्मी का कहना था कि उसे उस रात अस्पताल में मौजूद चिकित्सक तथा नर्सों द्वारा ड्रिप लगाने के आदेश दिए गए हैं। सुरक्षा कर्मी का कहना था कि वह उन्हें आदेशों का पालन कर रहा है। तथा इससे पहले भी वह ड्रिप निकालता है तथा वही लगाता है।



### समीक्षा करने के बाद की जाएगी कार्रवाई

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर डॉक्टर प्रवीण कुमार ने कहा कि रिपोर्ट उनके पास आ गई हैं। लेकिन उन्होंने अभी तक रिपोर्ट की समीक्षा नहीं की गई है। आगामी एक-दो दिनों में रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी। रिपोर्ट की समीक्षा करने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## डंगार स्कूल के पास कार में चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली खेप

# दो युवकों से पकड़ा 0.26 ग्राम चिट्टा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भराड़ी थाना के तहत डंगार कस्बे में दो युवकों से चिट्टा बरामद हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। युवकों की पहचान 29 वर्षीय अमित कुमार व 35 वर्षीय देवेंद्र सिंह के तौर पर हुई है। दोनों युवक डंगार स्कूल के बाहर गाड़ी में मौजूद थे कि इस दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गए। भराड़ी थाना प्रभारी देवानंद ने बताया कि शनिवार को भराड़ी पुलिस के एएसआई संदीप कुमार व हैड कांस्टेबल सुनील कुमार डंगार चौक पर गस्त कर रहे थे।

इस दौरान डंगार स्कूल के नजदीक एक कार में दो युवक मौजूद थे। पुलिस को देखकर दोनों युवक डर गए। पुलिस कर्मियों को दोनों पर संदेह हुआ तो पुलिस ने पूछताछ की । इस दौरान जब गाड़ी की जांच की गई तो 0.26 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। स्कूल के नजदीक युवकों से चिट्टा बरामद होने से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

गांव-गांव तक चिट्टे की सप्लाई आखिर कहां से हो रही है। युवा पीढ़ी तेज रफ्तार से इस चिट्टे की गिरफ्त में आ रही है। चिट्टा तस्कर व चिट्टा पीने वाले नशेड़ी आए दिन पुलिस के हाथ चढ़ रहे हैं। लेकिन फिर भी बड़ी मछलियां पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। अब डंगार स्कूल के नजदीक चिट्टा पकड़ा गया है तो लोगों को डर है कि कहीं बच्चों के हाथ इस जहर तक न पहुंच जाएं।



### लोगों की मांग : नशे के सौदागरों पर पुलिस करे कड़ी कार्रवाई

**लोगों** ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चिट्टे की सप्लाई करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों ने कहा कि स्कूल से महज थोड़ी दूरी पर बाहरी युवाओं का चिट्टे के साथ पकड़े जाना चिंता का विषय है। भराड़ी थाना प्रभारी देवानंद ने बताया कि चिट्टे के आरोप में पकड़े गए दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

# ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज एग्जाम में छाया विनय

## परीक्षा में 824वां रैंक हासिल कर मनवाया प्रतिभा का लोहा, लगा बधाइयों का तांता

**अनंत ज्ञान, घुमारवी**

मन में कुछ भी हासिल करने की यदि प्रबल इच्छा हो तो सच्ची लगन और कड़ी मेहनत इन सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाती है। मुश्किल तब तक ही है जब तक करने की ठान न ली जाए। जिला बिलासपुर के घुमारवीं के गांव पदोहड़ी (गाहर) के विनय कुमार ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज एक्जामिनेशन में 824वां रैंक हासिल कर अपने हुनर का लोहा मनवाया है।

बचपन से ही शिक्षा को अपना सब कुछ मानने वाले विनय कुमार को घर से ही शैक्षणिक माहौल मिला। पिता जेआर भारद्वाज हिमाचल प्रदेश टेक्नीकल एजुकेशन विभाग से एचओडी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। जबकि माता-आशा कुमार कुठेड़ा स्कूल हमीरपुर में प्रवक्ता (हिंदी) पद पर सेवाएं दे रही हैं। इनकी बड़ी बहन शिवानी राजकीय पोलीटेक्निक कॉलेज हमीरपुर में (सिविल इंजीनियर) की शिक्षा ग्रहण करने के बाद जेएसवी हमीरपुर में प्रवक्ता (प्रोसेस इंजीनियर) पद पर सेवारत है। विनय कुमार की प्रारंभिक शिक्षा एसडी स्कूल हमीरपुर में हुई है। जबकि जमा दो में इन्होंने प्रदेश वरियता में तीसरा स्थान हासिल किया था। एनआईटी हमीरपुर से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की तथा सिल्वर मेडलिस्ट रहे। पीईसी चंडीगढ़ से पर्यावरण अभियांत्रिकी कर गोल्ड मेडल विजेता रहे। सिविल सर्विसेज में यह इनका चौथा प्रयास था। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए विनय कुमार ने कहीं भी कोई अतिरिक्त कोचिंग कक्षाओं का सहारा नहीं लिया। कोरोना काल से पूर्व कोशिश की थी लेकिन एक माह के बाद लॉकडाउन ने दुनिया को दरवाजे के भीतर कर दिया। लेकिन विनय कुमार ने इसे बेहतर मौके के तरह लिया और स्वत ही पढ़ाई करने के लिए स्वयं को किताबों में झोंक दिया।



परीक्षा पास करने के बाद विनय कुमार का मुंह मीठा करवाते परिजन।

### शिक्षा हर सफलता की कुंजी है

**दो** बार एचएएस की कोशिशों के बाद नतीजतन सिविल सर्विसेज में यह मुकाम पाने में विनय कुमार सफल रहे। जिम और बैडमिंटन खेल का शौक रखने वाले विनय कुमार सेल्फ स्टडी के पुरोधा हैं तथा इन्होंने साबित भी कर दिया कि इधर-उधर भटकने से बेहतर खुद और खुद की स्टडी करनी चाहिए। जेआर भारद्वाज का कहना है कि शिक्षा हर सफलता की कुंजी है तथा अपने भविष्य को उज्ज्वलता की ओर ले जाने के लिए शिक्षा अहम रोल अदा करती है। उन्होंने कहा कि बेटे की इस उपलब्धि से वे प्रसन्न हैं।

# मातृशक्ति की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर रही कांग्रेस : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



लोकसभा चुनावों को सामने देखकर प्रदेश सरकार के रथ के पहियों के खुल जाने के कारण सुक्खू सरकार का फिर से डेढ़ वर्ष बाद महिलाओं को ठगने का शिगुफा छोड़कर ठगी के ऊपर ठगी करने के अलावा और कुछ नहीं है। यह बात भाजपा प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कसारू गांव में अपने दौरे के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि एक तो सुक्खू सरकार ने सत्ता में आने के लिए महिलाओं को एक होला, दो होला, चार होला गुना1500 रुपए प्रतिमाह और कैबिनेट की पहली बैठक से देने की गारंटी दी थी। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस सत्ता में काबिज होने के बाद डेढ़ वर्ष तक कुछ नहीं कर पाई और 18 वर्ष से ऊपर की युवती और महिलाओं के एक होला व चार होला का सब्जबाग दिखाने वाली कांग्रेस अब उस पर तरह-तरह के नियम थोपकर प्रदेश की मातृशक्ति का अपमान कर रही है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बिना बजट के फिर से मातृशक्ति की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर रही है। अगर कांग्रेस अपने गारंटी के लिए बचनबद्ध होती तो 2024-25 के बजट में इसका प्रावधान करती, लेकिन चुनावों को सामने देख कांग्रेस सरकार ने सोची समझी चाल के तहत फिर से मातृशक्ति को गुमराह करने की जो योजना बनाई है वह पूरी तरह से विफल होगी।

पूर्व मंत्री ने कहा कि इसी तरह सुक्खू सरकार ने रोजगार के नाम पर युवाओं, 100 लीटर दूध व दो रुपए किलो गोबर खरीदने के नाम पर व 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की झूठी गारंटी से किसानों और फल उत्पादकों को फलों का मूल्य फल उत्पादकों द्वारा निर्धारित करने से उनके साथ भी ठगी है।

# शोभायात्रा के साथ 23 को शुरू होगा जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ मेला

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

जिला स्तरीय बैशाखी नलवाड़ मेला झंडूता का आयोजन 23 से 25 अप्रैल तक किया जाएगा। मेले का शुभारंभ बिलासपुर की एडीसी डॉक्टर निधि पटेल करेंगी। यह जानकारी झंडूता के एसडीएस योग राज धीमान ने मेले की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि मेले का शुभारंभ 23 अप्रैल को सुबह दस बजे होगा। इस दौरान मंदिर से बस अड्डा होते हुए मेला ग्राउंड तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। मुख्यातिथि मेला मैदान में खूंटा गाड़ कर और बैल पूजन करके मेले का शुभारंभ करेंगी।

लोगों के मनोरंजन के लिए दो सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। मेले में एक स्टार नाइट भी होगी। मेले का सफल आयोजन करने के लिए विभिन्न समितियों, उपसमितियों का गठन किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि बैसाखी मेले में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। मेले में महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।



मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते हुए एसडीएम योगराज धीमान।

### ये रहेंगे मेले के आकर्षक का केंद्र

**मेले** और आकर्षक बनाने के लिए मैराथन रेस का आयोजन किया जाएगा। युवाओं के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इसमें रस्साकस्शी, स्पून रेस, म्यूजिकल चेयर करवाई जाएगी। कुश्ती प्रतियोगिता 25 अप्रैल को होगी, जिसमें छोटी माली, बड़ी माली कराई जाएगी।

**आरोप** — कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता ने मांगा उपलब्धियों का ब्यौरा

# सांख्यान ने केंद्रीय मंत्री पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता तथा लोस चुनावों दृष्टिगत एआईसीसी से प्रदेश कांग्रेस में मीडिया समंवयक का अतिरिक्त दायित्व संभाल रहे संदीप सांख्यान ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को एक बार फिर से सवालों के कटघरे में खड़ा कर जवाब मांगा है कि कम से अपने विभाग की उपलब्धियों को ही जनता के बीच रख दें। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर कब तक अपनी किस्मत को आजमाएंगे।

संदीप सांख्यान ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय युवा सेवाएं, खेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर अपने ही मंत्रालय से कम से कम अपने ही लोकसभा क्षेत्र का विकास करने में फिसड्डी साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम का रोना रोने वाले भाजपा नेता इस संसदीय क्षेत्र में आने वाली 17 विधानसभाओं में क्रिकेट ही के विकास का विवरण दे देते, बाकि खेलों का इनके कार्यकाल में कितना बेड़ा गर्क हुआ है इसका पता अपने आसपास के खेल गतिविधियों या खिलाड़ियों को देखकर सहज ही लगाया जा सकता है।



उन्होंने केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर पर आरोप लगाया है कि अनुराग ठाकुर ने अपने ही मंत्रालय की गतिविधियों को लेकर हिमाचल प्रदेश में कोई भी उपलब्धि हासिल नहीं की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अपने मंत्रालय का सदुपयोग कर पाने में असफल साबित हुए है। उन्होंने की हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के लिए एक भी कार्यक्रम और वित्त प्रबंधन का काम नहीं किया। जबकि उनके पास सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय था हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और उसके संवर्द्धन के लिए बहुत कुछ कर सकते थे।

यूं तो संपूर्ण हिमाचल पौराणिक, धार्मिक तथा भौगोलिक दृष्टिकोण से बहुत ज्यादा ऐतिहासिक जानकारियां अपने में संजोए हैं। यहां हर जिले का अपना एक अलग महत्व, इतिहास और स्थान हैं लेकिन इनके द्वारा यहां की संस्कृति को सहेजने के लिए कोई प्रयास तक नहीं किए गए। वहीं, संदीप सांख्यान ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की एक शाखा है जो सूचना, प्रसारण, प्रेस और फिल्मों से संबंधित नियमों, विनियमों और कानूनों के निर्माण और प्रशासन का शीर्ष निकाय है। यह मंत्रालय भारत सरकार की प्रमुख प्रसारण शाखा, प्रसार भारती के प्रशासन के लिए भी उत्तरदायी है जिसके रीजनल कार्यालय हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकारों के समय खुले हैं, लेकिन केंद्रीय मंत्री ने केवल अपनी ताकत कांग्रेस को कोसने में लगा दी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को

**बिलासपुर।** मनीषा गोयल सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 11 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे। इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमे, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे। मुक्त कानूनी सहायता या सलाह के लिए प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबरों, टोल फ्री नंबर 15100 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला, सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर 01978-221452, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-224887 और उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, घुमारवीं के दूरभाष नंबर पर 01978-254080 पर संपर्क कर सकता है।

# हाईकोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

## सोलन में नेशनल हाईवे पर लगी रेहड़ियों और अवैध पार्किंग को हटाया, सपरून, रबोन, आंजी, समलेच सहित चंबाघाट ब्रुरी में कार्रवाई

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला प्रशासन सोलन ने हाईकोर्ट के आदेश की पालना करते हुए शनिवार को एसडीएम डॉ. पूनम बंसल की अगुवाई में नगर निगम, पुलिस और वन विभाग की टीम ने सोलन के सपरून सहित रबोन, समलेच में नेशनल हाईवे के किनारे लगी रेहड़ियों और वाहनों की अवैध पार्किंग को हटाने को कार्रवाई की। इस दौरान रेहड़ी चालकों ने हंगामा भी किया।

इस दौरान कुछ रेहड़ी चालकों का कहना था कि उन्होंने बैंक से ऋण लिए हैं ऐसे में उजड़ने के बाद उसे चुकाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम को कानून के तहत उन्हें स्थायी ठिकाना दिया जाए। वहीं, प्रशासनिक कर्रवाई आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी। नेशनल हाईवे पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से अब सैंकड़ों रेहड़ी-फड़ी चालकों को रोजीरोटी पर संकट उत्पन्न हो गया है। प्रशासन ने साफ कह दिया है कि आगामी दिनों में सपरून, रबोन, आंजी, समलेच सहित चंबाघाट ब्रुरी में कार्रवाई जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

**सैकड़ों रेहड़ी-फड़ी चालकों की रोजी-रोटी पर छाया संकट**



सोलन के सपरून में नेशनल हाईवे से अतिक्रमण और रेहड़ियों को हटाने की कार्रवाई।

### स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत मिले स्थायी ठिकाना: महिताप

**वहीं,** मां शूलिनी रेहड़ी फड़ी विकास समीति सपरून बाइपास सोलन ने शहरी निदेशालय को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रेहड़ी फड़ी चालकों को स्थायी ठिकाना दिलाने की मांग की है। इसकी एक प्रति राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भी भेजी गई है। इसके तहत विस्थापित किए जाने से पूर्व में स्ट्रीट वेंडर कमेटी की तरफ से नोटिफाईड वेंडिंग जोन से व्यवसायिक वाहनों का अतिक्रमण हटवा कर रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्थापित करने का आग्रह किया है। रेहड़ी-फड़ी विकास समीति के प्रधान महिताप सिंह का कहना है कि रेहड़ी चालक सपरून बाईपास से हटने के लिए तैयार है परंतु उन्हें भारत सरकार की स्ट्रीट वेन्डर एक्ट (जीविका संरक्षण और पथ विक्रेता विनियमन अधिनियम) 2014 के तहत एवं हिमाचल प्रदेश (जीविका संरक्षण और पथ विक्रेता विनियमन अधिनियम) स्कीम 2016 के तहत नगर निगम सोलन की तरफ से घोषित 10 वैन्डिंग जोन में विस्थापित किया जाए और नगर निगम सहित जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन वेंडिंग जोन से व्यवसायिक वाहनों का अतिक्रमण हटवाएं, ताकि रेहड़ी-फड़ी लाइसेंस धारक व गैर लाइसेंस धारकों का कारोबार आसानी से हो सके। रेहड़ी-फड़ी विकास समीति ने लाइसेंस धारकों को वैन्डिंग जोन संख्या 4 व 5 नजदीक बस स्टॉपेज सपरून और वेली साइड सपरून में स्थापित करने की मांग कर रहे हैं।

### कोर्ट ने प्रशासन को जारी किए हैं निर्देश

**एनएचएआई** की याचिका पर प्रदेश हाईकोर्ट ने डीसी सोलन, एसपी सोलन और नगर निगम को अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभाग का सहयोग करने को कहा है। सोलन में नेशनल हाईवे सहित शहर की मुख्य सड़कों में वाहनों की अवैध पार्किंग से ट्रैफिक समस्या बढ़ती ही जा रही है। इससे पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने में खासी मशक्त करनी पड़ती है। साथ ही राहगीरों को भी पैदल चलने में दिक्कतें आ रही है। रोड साइड वाहनों की पार्किंग से तंग आकर ट्रैफिक पुलिस पहले भी जिला प्रशासन को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत करवा चुका है। जिला प्रशासन ने भी विकराल होती ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए रोड साइड पार्क वाहनों को हटाने के लिए समय दिया था। परंतु इस अपील का ज्यादा असर नहीं हुआ। पुलिस ने वाहन के चालान भी काटे फिर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

### वेंडर मार्केट में शिफ्ट होंगे रेहड़ी चालक : एसडीएम

**एसडीएम** डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश की पालना करते हुए हाईवे किनारे लगी रेहड़ियों को हटाया गया।



एसडीएम सोलन कार्रवाई बारे जानकारी देते हुए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम सोलन ने कुछ समय पहले सपरून में बनी वेंडर मार्केट में 54 बूथों का आवंटन किया है। आने वाले दिनों में रोड साइड पार्किंग और अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी।

# एसडीएम अर्की ने मतदान केंद्र में चलाया विशेष जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, अर्की**

हिमाचल प्रदेश में प्रथम जून, 2024 को सातवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी अर्की यादविंद्र पाल के नेतृत्व में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) टीम अर्की द्वारा अंबुजा सीमेंट प्लांट दाड़लाघाट में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यादविंद्र पाल ने बताया कि दाड़लाघाट के रौड़ी मतदान केंद्र में पिछले चुनाव में सबसे कम मत प्रतिशत दर्ज किया गया। इसके दृष्टिगत इस क्षेत्र में अधिक मतदाता जागरूकता कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि मत प्रतिशत में बढ़ौतरी की जा सके।

उन्होंने अंबुजा सीमेंट प्लांट के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा कामगारों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर एक वोट लोकतंत्र में महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र की मजबूती और सुदृढ़ता के लिए जागरूक मतदाता अहम भूमिका अदा करता है। यादविंदर पाल ने रौड़ी मतदान केंद्र में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए अंबुजा सीमेंट प्लांट में कार्यरत सभी योग्य मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने तथा मतदान वाले दिन अपने मत का अवश्य प्रयोग करने का संदेश दिया।

इसी कड़ी में उपमंडलाधिकारी कार्यालय अर्की में उपमंडल अधिकारी (ना.) अर्की यादविंद्र पाल की अध्यक्षता में बूथ स्तरीय पर्यवेक्षक और बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने बीएलओ के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी बीएलओ सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आने वाले समय में उनसे और अधिक मेहनत करने का आग्रह भी किया।

निर्वाचन कानूनगो कुलदीप मेहता ने पर्यवेक्षक तथा बीएलओ को 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों तथा दिव्यांग जनों के फॉर्म 12 डी भरने संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर स्वीप टीम के नोडल अधिकारी यशपाल शर्मा, डॉ. हेमराज सूर्य, प्रो. योगेश कुमार भी उपस्थित थे।

# डीसी ने नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने जिला मुख्यालय स्थित जीपीएस निगरानी के लिए स्थापित नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। यह कक्ष आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए गठित उड़न दस्तों की निगरानी का कार्य करता है।

मनमाहन शर्मा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सोलन में आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित की जा रही है। जिले में स्थित सभी पांच विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में तीन-तीन उड़न दस्ते गठित किए गए हैं। यह उड़न दस्ते आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन व उसके समरूप शिकायत की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों, मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नकदी के वितरण, अवैध शराब के वितरण एवं अन्य कोई भी संदेहास्पद वस्तुएं जिनसे मतदाताओं को प्रभावित करने की सम्भावना हो, उसकी निगरानी एवं उस पर त्वतिर कार्रवाई के लिए गठित किए गए हैं।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह व पुलिस अधीक्षक बद्दी इल्मा अफ़रोज़, अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव, नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रथम हुआ रेंडमाइजेशन

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने जिला सोलन के एनआईसी मुख्यालय में लोकसभा निर्वाचन-2024 के संचालन के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों का भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों केअनुसार डीआईएसई सॉफ्टवेयर में प्रथम रेंडमाइजेशन किया। मनमोहन शर्मा ने बताया कि जिला से कुल 3516 अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से निर्वाचन ड्यूटी के लिए प्राथमिक व द्वितीय पूर्वाभ्यास के लिए नियुक्त किया गया। इस मौके पर पर पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, पुलिस अधीक्षक बद्दी इलमा अफरोज, अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव, जिला सूचना व विज्ञान अधिकारी संजीव कुमार, सहायक ज़िला सूचना व विज्ञान अधिकारी श्वेताश्व शतक, तहसीलदार निर्वाचन उषा चौहान, नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान सिंह ठाकुर, अधीक्षक बाबु राम चौधरी भी उपस्थित थे।

# चिट्टे, चरस और शराब के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान टीम, सोलन**

पुलिस थाना कालाअंब की टीम ने गश्त के दौरान कालाअंब चौक पर हरियाणा निवासी एक व्यक्ति के कब्जे से 2.19 ग्राम चिट्टा बरामद किया। इस बारे जिले के एसपी रमन मीणा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सुशील कुमार उर्फ सिल्ला, निवासी गदौली तहसील नारायणगढ़, जिला अंबाला हरियाणा के कब्जे से 2.19 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कालाअंब थाना में मामला दर्ज किया गया है और मामले में जांच जारी है।

एसपी ने बताया कि एक अन्य मामले में पुलिस टीम ने गश्त के मोगीनंद के समीप एक व्यक्ति विनोद कुमार, निवासी गांव सलानी के कब्जे से देशी शराब की 12 बोतलें बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। **वहीं,** पुलिस थाना दाड़लाघाट की टीम ने गश्त के दौरान कार सवार एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया है।



नशे के साथ गिरफ्तार तीन आरोपी पुलिस टीम के साथ।

जानकारी के अनुसार गत दिवस दाड़लाघाट पुलिस की टीम गश्त पर रवाना थी, तो गुप्त सूचना के अधार पर भराड़ीघाट से दाड़लाघाट की तरफ आ रही कार को जांच के लिए छामला के पास रोका। पुलिस ने कार की तलाशी के दौरान कार से 1 किलो 477 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय बलवीर सिंह पुत्र तुलसी राम निवासी गांव छामला के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि नशे का कारोबार करने वाले लोगों को किसी भी हालत में नहीं बख्शा जाएगा। पुलिस ने कार को भी कब्जा में ले लिया गया है। इसी तरह पुलिस थाना कंडाघाट की एक टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम हेतू वाकनाघाट क्षेत्र में मौजूद थी तो इस टीम को सूचना मिली कि दो लड़के जेपी यूनिवर्सिटी वाकनाघाट में छात्रों को चिटटा/हैरोइन बेचने की फिराक में हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कंडाघाट की पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनों युवकों स्नेहल राणा पुत्र कुलदीप सिंह राणा निवासी तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा उम्र 22 वर्ष व रजत बिष्ट पुत्र सुरेश कुमार निवासी चौतड़ा तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी उम्र 26 वर्ष को लगभग 8 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया।

एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि इस संदर्भ में अभियोग 7 अप्रैल एनडीपीएस धारा के तहत पुलिस थाना कंडाघाट में पंजीकृत किया गया है । उपरोक्त दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत रिमांड पर है।

# दाड़लाघाट में फायर सेफ्टी के दिए टिप्स

## राष्ट्रीय अग्नि और सुरक्षा सप्ताह के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन आईटीआई दाड़लाघाट में राष्ट्रीय अग्नि और सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत सीमेंट कंपनी की सिक्योरिटी एवं अग्नि विभाग की टीम ने अंबुजा आईटीआई के छात्र-छात्राओं को इसके बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

इस दौरान अंबुजा सीमेंट कंपनी के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर पदम देव सिंह पंवर ने संस्थान के प्रशिक्षुओं को व्यक्तिगत सुरक्षा, घरेलू सुरक्षा, किचन सुरक्षा व अन्य सेफ्टी के पहलुओं पर भी एक प्रदर्शन कर एक वास्तविक अभ्यासात्मक सत्र भी आयोजित किया, जिसके लिए संस्थान के प्रधानाचार्य के अलावा अन्य स्टाफ ने अंबुजा सीमेंट कंपनी से आए हुए समस्त पदाधिकारी का आभार जताते हुए कहा कि यह जानकारी हमारे अपने लिए और समाज व विद्यार्थियों के लिए बहुत जरूरी है। इस मौके पर करीब 168 प्रशिक्षुओं सहित स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे।



दाड़लाघाट में फायर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते फायर कर्मी।

### कर्मचारियों को अग्निशामक यंत्रों का दिया प्रशिक्षण

**नाहन।** ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ ही अग्निशमन विभाग, नाहन द्वारा औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब के जोहड़ों स्थित मेसर्स राघव इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, काला अंब के समस्त स्टाफ एवं कर्मचारियों को आगजनी की घटनाओं से बचने हेतु मोक अभ्यास के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अभियान में आज लगभग कंपनी के 30 कर्मचारियों ने अग्निशामक यंत्रों को चलाने का लाभ ग्रहण किया, जिसकी जानकारी आदर्श अग्निशमन केंद्र, नाहन के लीडिंग फायरमैन रमेश चंद शर्मा ने दी।

### पेंशनरों को नहीं मिल पा रहा हक का पैसा : गोपाल

**राजगढ़।** प्रदेश की सुक्खू सरकार कर्मचारी व पेंशनरों के साथ धोखा कर रही है। डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार कर्मचारियों व पेंशन धारकों को मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं कर रही, जिसकी वजह से प्रदेश के कर्मचारी व पेंशनर आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं।

यह बात सराहा में पत्रकार वार्ता में कर्मचारी नेता गोपाल दास वर्मा ने कही, उन्होंने कहा कि इलाज के अभाव में पूरे प्रदेश में 2000 के करीब पेंशनर की मृत्यु तक हो चुकी है, जो कांग्रेस सरकार के लिए बड़ी शर्म की बात है। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार कर्मचारियों और पेंशन भोगियों पर जरा भी ध्यान नहीं दे रही है, जिससे कर्मचारी वर्ग सुक्खू सरकार के विरोध में खड़ा है। सरकार के द्वारा 16 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किश्तों का भुगतान किया जाना था जो कि कांग्रेस सरकार द्वारा नहीं किया गया।

# आईआईएम सिरमौर में शुरू हुए ईएमबीए के नए दो कोर्स

**अंनत ज्ञान, नाहन**

आईआईएम सिरमौर में ईएमबीए के नए दो प्रतिष्ठित कार्सिज का शुभारंभ हो गया है। इस प्रतिष्ठित संस्थान में टाइम्सप्रो के सहयोग से एक्जीक्यूटिव मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (ईएमबीए) और ईएमबीए-डीटीए (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड एनालिटिक्स) कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इसी के साथ आईआईएम सिरमौर ने अकादमिक उत्कृष्टता के साथ उद्योग विशेषज्ञता का मिश्रण करते हुए कार्यकारी शिक्षा में एक महत्वपूर्ण कार्य किया है।

आईआईएम सिरमौर के निदेशक डॉ. प्रफुल्ल अग्निहोत्री ने बताया कि दोनों कार्यक्रमों के ओरिएंटेशन के महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए संकाय सदस्य, उद्योग जगत के सदस्य और भावी छात्र एकत्र हुए। इस दौरान आकर्षक चर्चाओं और इंटरेक्टिव सत्रों के माध्यम से उपस्थित लोगों ने इन ईएमबीए कार्यक्रमों की विशिष्ट विशेषताओं और परिवर्तनकारी क्षमता में अमूल्य अंतर्दृष्टि हासिल की। डॉ. प्रफुल्ल ने बताया कि संस्थान में दो ईएमबीए कोर्स पेश करते हुए खुशी हो रही है, जिनमें से प्रत्येक को आज के गतिशील बाजार में बिजनेस लीडर्स की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

यह सफल लांच शीर्ष स्तरीय कार्यकारी शिक्षा प्रदान करने और उद्योग के साथ प्रभावशाली सहयोग को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि हम अपने ईएमबीए छात्रों को संबंधित क्षेत्रों में परिवर्तनकारी लोगों के रूप में उनके द्वारा दिए जाने वाले महत्वपूर्ण योगदान को लेकर उत्साहित हैं। हमारे संकाय सदस्यों और सहायक कर्मचारियों ने यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है कि ये कार्यक्रम असाधारण मूल्य और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करें।

# प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर होगा भाजपा का कब्जा : परमजीत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

दून हल्के के पूर्व विधायक परमजीत सिंह ने कहा कि भाजपा हिमाचल में सभी चारों सीटों पर भारी अंतर से जीत दर्ज करके 2019 के रिकॉर्ड को तोड़ कर प्रदर्शन को दोहराएगी।



परमजीत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, किसान, युवा और महिला शक्ति और अन्य सभी वर्गों का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ही नहीं, बल्कि आज दुनिया मोदी की बात पर विश्वास करती है।

संकल्प पत्र के मुख्य बिंदुओं के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि पिछली बार जिन बातों का संकल्प लिया था सभी पूरे किए चाहे वह तीन तलाक का मुद्दा हो, चाहे राम मंदिर की बात हो या फिर धारा 370 को खतम करने की बात हो। पम्मी ने प्रदेश सरकार पर बरसते हुए कहा कि 2022 के चुनाव में प्रदेश के भोले भाले लोगों को झूठे सपने दिखा कर सत्ता तो हासिल कर ली।

# विकसित भारत की नींव का आधार है भाजपा का संकल्प पत्र : निहाल रपटा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

जिला सिरमौर की भाजपा जनजाति इकाई मोर्चा के महामंत्री निहाल रपटा ने पार्टी द्वारा जारी संकल्प पत्र को विकसित भारत की नींव का आधार बताया। उन्होंने बताया कि भाजपा का यह संकल्प पत्र देश के हर नागरिक को सम्मान से जीवन जीने का हक प्रदान करेगा। भाजपा का यह संकल्प पत्र देश की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। यह घोषणा पत्र विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर फोकस है जिसमें समाज के 4 स्तंभों महिला, युवा, गरीब और किसान के उत्थान पर जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री का सपना है कि सरकार ये सुनिश्चित करेगी कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, मन को संतोष देने वाली हो, अफोर्डेबल हो व सस्ती हो।

निहाल ने कहा कि भाजपा सरकार गांव के विकास को समर्पित है। 70 साल तक के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना का लाभ देने, उज्ज्वला योजना को आगे बढ़ाने, लखपति दीदी-ड्रोन दीदी योजना को आगे बढ़ाने और 10 करोड़ किसानों को आर्थिक सहायता जारी रखने की बात कही गई है ट्रांसजेंडर लोगों को भी मिलेगा 5 लाख रूपए तक आयुष्मान योजना का लाभ।

उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी' होने का अर्थ है कि पार्टी चुनावों में जो वादा करती है, उसे अवश्य पूरा किया जाता है। लोकसभा चुनावों में जनता भाजपा के चारों प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताकर अबकी बार 400 पार के नारे को सार्थक करेगी।

# चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम : एसपी

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब**

एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा लोकसभा चुनाव के चलते अपने एक दिन के पांवटा दौरे पर रहे। उन्होंने कहा कि पुरूवाला पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए निहालगढ़ में हुए गोलीकांड के सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हथियार भी बरामद कर लिए है।



उन्होंने कहा कि हमारी प्रथम प्राथमिकता होती है कि त्वरित कार्यवाही हो और संबंधित थाने के प्रभारियों ने वह काम करके भी दिखाया है। उन्होंने कहा कि अभी उत्तराखंड में चुनाव है, जिसके चलते चौकसी बढ़ा दी गई है। इसके बाद हरियाणा में चुनाव है वहां के बैरियर पर भी पैनी नजर रहेगी। अंतिम चरण में हिमाचल में चुनाव है, जिसके लिए पुलिस मुस्तैदी से अपना काम कर रही है।

एसपी ने कहा कि पांवटा साहिब में पिछले दिनों कई वारदातें सामने आई हैं जिसमें पांवटा पुलिस ने सतर्कता के साथ कार्य किया और विभिन्न मामलों के आरोपियों को पकड़ने में सफल हुई है और कई मामलों को गहनता से जांच हो रही है।

**सहायता** आपदा प्रभावितों की मदद को आगे आया परिवार

# उमेश ने राहत कोष में दिए एक लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगते देवठी-शील गांव निवासी समाजसेवी उमेश शर्मा ने अपने पिता भवानी दत्त शर्मा व परिवार के सहयोग से हिमाचल प्रदेश राहत आपदा कोष के लिए एक लाख एक हजार एक सौ रुपए का ड्राफ्ट मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखु को प्रदान किया।

उमेश शर्मा का कहा कि उनका परिवार प्रदेश में आई आपदा से प्रभावितों की मदद करना चाहता था। पिता के मार्गदर्शन से परिजनों ने अपनी जमा पूंजी से करीब एक लाख रुपए की राशि सीएम आपदा कोष में दी है।



आपदा राहत कोष के लिए सीएम सुक्खू को ड्राफ्ट प्रदान करते उमेश।

# पुलिस ने सुलझाया मर्डर मामला तीन आरोपी मनाली से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**आज अदालत में पेश किए जाएंगे आरोपी**

नालागढ़ में रिया के समीप एक स्कॉर्पियों से बाइक को टक्कर मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान परमजीत उर्फ रिक्की, अभिषेक कुमार व युगल किशोर से हुई। अब आरोपियों को रविवार पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल को परमजीत सिंह उर्फ रिक्की निवासी बगलैहड़ देर रात को अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहा था तो गाड़ी से टक्कर मार दी, जिसमें सुखविंद्र समेत साथी घायल हुए थे। जिन्हें तुरंत उपचार के लिए पीजीआई बेजा गया जहां उपचार के दौरान सुखविंद्र की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने हत्या की शिकायत पुलिस में दी। पुलिस ने तफ्तीश में पाया कि साजिश के तहत मोटरसाइकिल को टक्कर मारी गई थी जिसमें सुखविंद्र की मौत हुई।

डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान ने बताया कि परमजीत सिंह, अभिषेक व सूरज को मनाली से गिरफ्तार कर नालागढ़ लाया गया है। रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ


### केएल राहुल और ऋतुराज पर 12-12 लाख का जुर्माना

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 12-12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था तो राहुल और ऋतुराज पर जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा ,'' लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान के एल राहुल पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है । इसी तरह से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर भी धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है ।''




### विनेश, रीतिका, मानसी और अंशु पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के करीब

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने से एक जीत दूर हैं, जबकि अंशु मलिक और अंडर 23 चैंपियन रीतिका ने भी यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। विनेश ने महिलाओं के 50 किलो में कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकंड तक चले मुकाबले में हराया। उनकी मजबूत पकड़ का विरोधी के पास कोई जवाब नहीं था। फाइनल में पहुंचने वाले पहलवानों को अपने देश के लिए कोटा मिलेगा। मानसी अहलावत (62 किलो ) भी अंतिम चार में पहुंच गई ।



### राहुल और डिकॉक ने विश्व स्तरीय बल्लेबाजी की : हेनरी

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने कप्तान केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक की 'विश्व स्तरीय' बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि पहले विकेट की शतकीय साझेदारी से उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाने में मदद मिली। हेनरी ने कहा,''बल्लेबाजी की बात करें तो दोनों की साझेदारी बेहतरीन रही। केएल और क्विंटोन ने मैच का रुख हमारी तरफ कर दिया। यह विश्व स्तरीय बल्लेबाजी थी।'' दोनों बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### रोहित शेट्टी ने शेयर किया 'लेडी सिंघम' दीपिका पादुकोण का धमाकेदार लुक

**मुंबई।** पिछले काफी दिनों से रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' को लेकर हर कोई काफी उत्सुक है। रोहित पिछले कई दिनों से इस फिल्म के एक्टर्स के लुक शेयर कर रहे हैं। इसी तरह रोहित शेट्टी ने 'सिंघम अगेन' में दीपिका पादुकोण का लुक भी शेयर किया है। रोहित शेट्टी ने दीपिका का लुक इंस्टाग्राम पर शेयर कर कैप्शन में लिखा, 'मेरा हीरोज़ील में भी और रियल में भीज लेडी सिंघम।' वही गॉगल्स और पुलिस की वर्दी में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं।



### एलन मस्क का भारत दौरा टला पीएम मोदी से होनी थी मुलाकात

**नई दिल्ली।** अमेरिकी उद्योगपति और स्पेसएक्स, टेस्ला जैसी बड़ी कंपनियों के मालिक एलन मस्क की भारत यात्रा टल गई है। इसके बारे में जानकारी खुद एलन मस्क ने ट्वीट करके दी है। बता दें कि उन्हें इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करनी थी। साथ ही, वह भारत में टेस्ला के एंट्री से जुड़ी घोषणा भी कर सकते थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला की तीमाही रिपोर्ट सामने आई है। इसमें कंपनी के कारों की बिक्री पर असर पड़ता दिखा है। कंपनी के परफॉर्मेंस से जुड़े का जवाब देने के लिए एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन 23 अप्रैल को किया गया है। इसमें एलन मस्क सवालों का जवाब देंगे। समझा जा रहा है कि इसी कारण से उन्होंने भारत की यात्रा टाल दी है।



### दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड में झरने में डूबकर मौत

**लंदन।** भारत के दो छात्रों की स्कॉटलैंड के एक झरने में डूबने से उनकी मौत हो गई। ये छात्र ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ रहे थे। स्कॉटलैंड पुलिस ने अभी तक दोनों छात्रों का नाम नहीं बताया है। हालांकि, यह जानकारी सामने आई है कि दोनों आंध्र प्रदेश के हैं और इनकी उम्र 20 साल और 26 साल बताई गई है। शुक्रवार को शवों का पोस्टमॉर्टम किया जाना है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई। यहां दोस्तों का एक समूह घूमने के लिए आया था। इस दौरान उनमें से दो लोग पानी में गिर गए।

### चीन के दौरे पर जाएंगे नेपाल के खुफिया विभाग प्रमुख

**काठमांडू।** नेपाल के खुफिया विभाग के प्रमुख और उपप्रमुख अगले सप्ताह बुधवार को अचानक चीन के चार दिवसीय दौरे पर जा रहे हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक चीन दौरे के इस क्रम में कुछ सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर करने की तैयारी हो रही है। देश के आन्तरिक खुफिया विभाग नेशनल इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट (एनआईडी) के प्रमुख हुतराज थापा और उप प्रमुख ओम जोशी एक साथ चीन भ्रमण पर जा रहे हैं। गृह मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि ये दोनों चीन के मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट सिक्योरिटी (एमएसएस) के निमंत्रण पर बुधवार को बीजिंग के लिए रवाना होने वाले हैं।

---

**आईपीएल-2024** लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे

# आरसीबी के सामने केकेआर की कठिन चुनौती

**एजेंसी, कोलकाता**

हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है, लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे। आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिए काफी कठिन होगी।

कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था,'' गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आन पड़ा है। हम सिर्फ बड़े स्कोर बनाकर ही मैच जीत सकते हैं।'' सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ ही टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 287 रन बनाया था। इस सत्र में सबसे महंगे 11 करोड़ 50 लाख रुपए में खरीदे गए अलजारी जोसफ ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और 11.89 की इकॉनॉमी रेट से रन दिए। आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी फॉर्म के लिए जूझ रहे हैं जिन्होंने मानसिक थकान का हवाला देकर सनराइजर्स के खिलाफ नहीं खेला। उनके कूल्हे की मांसपेशी में खिंचाव के कारण वह कुछ और मैचों में बाहर रह सकते हैं। बल्लेबाजी में टीम कोहली, डुप्लेसी और कार्तिक पर ही निर्भर है। कोहली 72.20 की औसत से 361 रन बना चुके हैं, लेकिन 135 का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है। वह सातवें से 15वें ओवर के बीच स्पिनरों के सामने तेजी से रन नहीं बना पा रहे। कार्तिक ने 205 से अधिक की औसत से 226 रन बनाए हैं। सनराइजर्स के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 35 गेंद में 83 रन बना डाले थे। इन तीनों का सामना अब सुनील नारायण, मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा जैसे गेंदबाजों से है।




**संभावित टीमें**

**कोलकाता नाइट राइडर्स**
श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**
फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

### फ्लेमिंग बोले-चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन हैं धोनी

**लखनऊ।** महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के 'दिल की धड़कन' बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते, लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता। 42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को नौ गेंद में 28 रन बनाये लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। धोनी के फॉर्म के बारे में फ्लेमिंग ने कहा,''यह प्रेरणास्पद है ना। अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे।''



उन्होंने कहा,''उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उबरने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं। हर कोई उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है, लेकिन हम उन्हें पूरे टूर्नामेंट में खेलते देखना चाहते हैं। इसलिए दो तीन ओवर खेलना ही ठीक है। वह हर समय अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं और उसे देखने में मजा आ रहा है।''

## कबड्डी के फाइनल मैच में सोलन ने मंडी को हराकर जीती ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

आईटीआई नाहन में चल रही 33वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता पुरुष वर्ग के तीसरे दिन कबड्डी के फाइनल मैच में सोलन ने मंडी को हराया। इसके बाद वॉलीबाल के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में चंबा ने बिलासपुर को हराया, वहीं खो-खो में सिरमौर ने हमीरपुर को हराया। खो-खो के दूसरे मुकाबले में चंबा ने किन्नौर को हराया। इसी प्रकार वॉलीबाल में चंबा ने ऊना को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।


वॉलीबाल में मंडी ने सोलन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आईटीआई नाहन के प्रधानाचार्य अशरफ अली ने बताया कि 20 अप्रैल को उपरोक्त राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मुख्यातिथि सुमित खिमटा, उपायुक्त जिला सिरमौर के द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त खेलकूद प्रतियोगिता में टीम के साथ आए मैनेजर, कोच एवं उपस्थित रहें।


सोलन और मंडी के बीच हो रहा कबड्डी का फाइनल मैच।

**कैंडिडेट्स शतरंज**

### गुकेश का सामना अलीरजा से

**टोरंटो।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराकर खिताब जीतने की अपनी संभावनाएं पुख्ता करना चाहेंगे। सफेद मोहरों से गुकेश का यह आखिरी मैच होगा और अलीरजा इस समय सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। गुकेश, अमेरिका के हिकारू नकामूरा और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि 7.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। टूर्नामेंट का सबसे अहम मुकाबला नेपोम्नियाश्चि और नकामूरा के बीच होगा। नकामूरा ने लगातार तीन जीत दर्ज की है।



## रूड-सिटसिपास बार्सीलोना ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, बार्सीलोना**

कैस्पर रूड और स्टेफानोस सिटसिपास ने बार्सीलोना ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और दोनों की टक्कर लगातार दूसरे फाइनल में हो सकती है। रूड ने मात्तेओ अर्नाल्डी को 6-4, 6-3 से हराकर सत्र में 27वीं जीत दर्ज की। वहीं सिटसिपास ने फाकुंडो डियाज को 4-6, 6-3, 7-6 से मात दी। रूड का सामना अब थॉमस मार्टिन ई से होगा जिन्होंने कैमरन नॉरी को 7-6, 7- 6 से हराया। वहीं सिटसिपास की टक्कर डुसान लाजोविच से होगी, जिन्होंने आर्थर फिल्स को 6-4, 3-6, 6-2 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं, जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव दूसरे दौर में हार गए।



### वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया रुपए की कमजोरी का कारण

**अहमदाबाद।** डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। गुजरात के अहमदाबाद में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डॉलर की स्थिति मजबूत होती है, तो उसके मुकाबले रुपए में उतार-चढ़ाव आता है। वित्त मंत्री ने कहा, इसके विपरीत, येन और यूरो के मुकाबले रुपया; हमारी आर्थिक स्थिति, विदेशी मुद्रा भंडार, मुद्रास्फीति, और आर्थिक मजबूती को देखते हुए स्थिर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले न सिर्फ रुपया, बल्कि अन्य मुद्राओं में उतार-चढ़ाव और अधिक है। वैश्विक परिवेश में अनिश्चितता बढ़ रही है। ईरान और इसराइल के बीच तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में चुनौतीपूर्ण हालात बने हैं। यही वह क्षेत्र है, जहां से सिर्फ हमारी ही नहीं पूरी दुनिया का क्रूड ऑयल निकलता है, इससे ग्लोबल इकोनॉमी में उतार-चढ़ाव बढ़ा है।



## ईपीएफओ ने फरवरी महीने में नेट 15.48 लाख सदस्य जोड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली**


कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी में नेट (शुद्ध रूप से) 15.48 लाख सदस्य जोड़े हैं। इस दौरान करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने ईपीएफओ के साथ नामांकन कराया। सेवानिवृत्त कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने यह जानकारी दी है।




श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि ईपीएफओ के अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक फरवरी के महीने में शुद्ध रूप से 15.48 लाख सदस्य जोड़े गए हैं। फरवरी, 2024 के दौरान पहली बार करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने नामांकन कराया है। आंकड़ों के मुताबिक इनमें 18 से 25 आयु वर्ग के अधिकांश सदस्य हैं। इनकी संख्या फरवरी 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 56.36 फीसदी है। यह दर्शाता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं। पेरोल डेटा से पता चलता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य ईपीएफओ की योजनाओं से बाहर निकल गए थे, वो फिर से ईपीएफओ में शामिल हो गए हैं।

### केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह चारधाम के लिए अब तक 1066157 पंजीकरण

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। 10 मई से शुरू होने वाली यात्रा में केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक पंजीकरण तीर्थयात्रियों ने कराया है। केदारनाथ के लिए अब तक तीन लाख 52 हजार 879 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। दरअसल, चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए 19 अप्रैल शाम छह बजे तक कुल 1066157 पंजीकरण हुए हैं। चारधाम और हेमबकुंड साहिब के लिए 159054 तीर्थयात्री प्रतिदिन पंजीकरण करवा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल सुबह सात बजे से प्रारंभ किए गए थे।



## संजय सिंह का आरोप: शराब घोटाले में पूरी तरह लिप्त है बीजेपी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा है कि यह तथाकथित शराब घोटाला कमल छाप घोटाला है। इस शराब घोटाले में भाजपा पूरी तरीके से लिप्त है। उन्होंने कहा कि भारत के गृहमंत्री ने एक राष्ट्रीय चैनल पर झूठ बोला और भारतीय जनता पार्टी पर लगे आरोप को छिपाने का प्रयास किया।




संजय सिंह ने कहा कि एड द्वारा जिस शरथ रेड्डी को इस पूरे घोटाले का किंगपिन बताया जा रहा है, उसने सीधे-सीधे भारतीय जनता पार्टी को 60 करोड़ रुपए की रिश्वत दी। उससे रिश्वत ली गई और उसे बचाया गया। कार्रवाई भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर होनी चाहिए, गिरफ्तारी उनकी होनी चाहिए, लेकिन गिरफ्तारी हो रही है अरविंद केजरीवाल की, मनीष सिसोदिया की। मुझे भी पकड़ कर 6 महीने जेल में डाल दिया। ईडी ने अब तक 500 रेड मारी है। इस दौरान न मनीष सिसोदिया के और न ही अरविंद केजरीवाल के घर से कोई बरामदगी हुई है।

### चारों दोषियों को जमानत मिलने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं सौम्या की मां

**नई दिल्ली।** टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की मां ने साल 2008 में अपनी बेटी की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे चार दोषियों को दी गई जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 12 फरवरी को चारों दोषी रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की सजा को सस्पेंड कर दिया था और उन्हें जमानत दे दी थी। एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली विश्वनाथन की 30 सितंबर 2008 की सुबह दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह अपनी कार में काम से घर लौट रही थीं। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की बेंच सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

## सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को उठाकर फेंक देंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी, भागलपुर**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भागलपुर में जनसभा की। यहां उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बात करते हैं, इतनी सीटें आएंगी, उतनी सीटें आएंगी, लेकिन मैं कहता हूं- एनडीए को 150 से ज्यादा सीट नहीं आएगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को उठाकर फेंक देंगे। देश को 2 तरह के शहीद नहीं चाहिए।



राहुल गांधी के 12 मिनट के भाषण में उनका जोर रोजगार पर था। उन्होंने बताया कि विपक्षी गठबंधन की सरकार बनी तो किस तरह की योजना लाएंगे। उन्होंने कहा कि जो पैसा मोदी सरकार ने अमीरों में बांटा वह हमारी सरकार बनी तो गरीबों को देंगे। भागलपुर सैंडिस कंपाउंड में राहुल की सभा में तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी शामिल हुए। तेजस्वी यादव ने अपने 3 मिनट के भाषण में कहा कि 400 पार की फिल्म फ्लॉप हो चुकी है। पहले और दूसरे फेज में हम जीत रहे हैं। उन्होंने पूर्णिया से राजद प्रत्याशी बीमा भारती के पक्ष में भी प्रचार किया।

बता दें कि भागलपुर से इस सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी अजीत शर्मा हैं।

**सुधार** सीजीआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ नए आपराधिक कानूनों पर बोले

# देश आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजीआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि नए अधिनियमित कानूनों के कारण आपराधिक न्याय संबंधी भारत के कानूनी ढांचे ने नए युग में प्रवेश किया है।

कानून और न्याय मंत्रालय की ओर से भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा, अपराधों की जांच और अभियोजन को कुशलतापूर्वक काम करने के लिए बहुत जरूरी सुधार पेश किए गए हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने नए आपराधिक न्याय कानूनों के अधिनियमन को समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने 'आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नए कानून तभी सफल होंगे, जब वे लोग इन्हें अपनाएंगे, जिन पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि नए अधिनियमित कानूनों के कारण आपराधिक न्याय संबंधी भारत के कानूनी ढांचे ने नए युग में प्रवेश किया है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच एवं अभियोजन में कुशलता के लिए अत्यावश्यक सुधार किए गए हैं।



उन्होंने कहा, ''भारत तीन नए आपराधिक कानूनों के भावी कार्यान्वयन के जरिए अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है... ये कानून हमारे समाज के लिए एक ऐतिहासिक क्षण को दर्शाते हैं, क्योंकि कोई भी कानून, हमारे समाज के दिन-प्रतिदिन के आचरण को आपराधिक कानून जितना प्रभावित नहीं करता।''

इस सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता भी मौजूद थे।

## कथित अपराधों की जांच के लिए संदेशखाली पहुंची सीबीआई टीम

**एजेंसी, कोलकाता**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की 10 सदस्यीय टीम महिलाओं के खिलाफ कथित अपराधों और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच के लिए शनिवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली पहुंची।

एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई के दल में शामिल कुछ सदस्य संदेशखाली के सुंदरीखाली इलाके में पीड़ितों के घर पहुंचे और उनसे व्यक्तिगत रूप से बात की, उनके आरोपों का दस्तावेजीकरण किया। अधिकारी ने कहा कि सीबीआई दल का दूसरा हिस्सा संदेशखाली थाने पहुंचा और जांच के संबंध में स्थानीय पुलिसकर्मियों से बात की। उन्होंने बताया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की पिछले सप्ताह सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था। संदेशखाली में इन मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। पांच जनवरी को कथित राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी के लिए संदेशखालि पहुंचे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ ने हमला कर दिया था।